# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



पटियाला हाउस कोर्ट देर रात पुलिस छावनी में तब्दील हुआ

## भारत ने दुनिया को दिखाया 'दम'...
### घर में घुसकर भी 'मारते' हैं, घर से 'उठाकर' भी लाते हैं...



# 'आतंकी राणा' बोलेगा 26/11 के राज खोलेगा

केंद्र सरकार ने नरेंद्र मान को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया, जो एनआईए की तरफ से सुनवाई में शामिल होंगे। वही, पहुंचाएंगे उसे फांसी तक



मुंबई हमलों में 175 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 300 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे

**1** *खत्म हुआ 17 साल का लंबा इंतजार... शिंकजे में आ गया मुंबई हमले का गुनहगार*

**2** *स्वाट कमांडो की टीम राणा को आईजीआई एयरपोर्ट से लेकर एनआईए मुख्यालय पहुंची*

## मुंबई से राणा के लौटने के बाद ये ताबड़तोड़ हमले हुए थे

**और, पाकिस्तान हो जाएगा बेपर्द**

▶▶ अब उससे पूछा जाएगा कि पाक में बैठे किन आकाओं ने भारत के खिलाफ छेड़ा था रण

▶▶ जैसे ही वह यह राजफाश करेगा पाकिस्तान आतंकवाद पर दुनिया के सामने हो जाएगा एक्सपोज

### एनआईए ने जारी किया आतंकी का पहला फोटो




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई 26/11 आतंकी हमलों के 17 साल बाद गुरुवार मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा भारत आ गया है। करीब शाम 6:45 बजे विशेष विमान की लैंडिंग आइजीआई एयरपोर्ट पर हुई। एनआईए ने औपचारिक रूप से उसे गिरफ्तार किया। फिर उसे एनआईए दफ्तर ले जाया गया।

मेडिकल जांच के बाद उसे सीधे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में सुनवाई हुई। एनआईए के वकील ने कोर्ट में केस से जुड़े तथ्य रखे। सुनवाई बंद कमरे में हुई। कोर्ट में तहव्वुर राणा, लीगल सर्विस अथॉरिटी से मुहैया कराया गया। उसका वकील और एनआईए की लीगल टीम के अलावा जज और उनके स्टाफ अदालत मे मौजूद रहे। एनआईए की तरफ से कोर्ट में वरिष्ठ वकील दयान कृष्णन ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कई गाड़ियों ने राणा के काफिले को एस्कॉर्ट किया

राणा दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एसडब्ल्यूएटी (स्वाट) यानी स्पेशल वेपन्स एंड टेक्टिस के कमांडो की सुरक्षा घेरे में है। स्वाट कमांडो की टीम एयरपोर्ट पहुंची। दिल्ली पुलिस की कई गाड़ियों ने राणा के काफिले को एस्कॉर्ट किया। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने तहव्वुर राणा को लेकर तीन रूट बनाए। पहला रूट जिस पर लेकर जाया गया। इसके अलावा 2 वैकल्पिक रूट भी तैयार किए गए थे।

### पाकिस्तान ने पल्ला झाड़ा कहा-राणा कनाडाई नागरिक

*तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। हालांकि ये राह आसान नहीं रही और मुंबई हमले के साजिशकर्ता राणा ने अपना प्रत्यर्पण रोकने की काफी कोशिश की, लेकिन भारत के प्रयासों के सामने उसकी एक न चली। अब पाक ने राणा से किनारा कर लिया है। कहा- राणा कनाडाई नागरिक है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि तहव्वुर ने दो दशकों से अधिक समय से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों का नवीनीकरण नहीं कराया है।*

**एनआईए मुख्यालय भी भारी सुरक्षा से घिरा रहा**



### गिरफ्तारी के बाद एनआईए राणा के साथ क्या करेगी?

*इससे पहले तहव्वुर राणा की हवाई अड्डे पर मेडिकल जांच की गई और और आईजीआई हवाई अड्डे पर मौजूद डॉक्टरों की एक टीम द्वारा उसकी गिरफ्तारी ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए। इसके बाद ही एनआईए की टीम आगे की प्रक्रिया पूरी करने में जुट गई। एनआईए की स्पेशल कोर्ट के जज चंद्रजीत सिंह के सामने पेश किया गया। एनआईए ने 20 दिन की कस्टडी मांगी है। राणा के भारत में आते ही एनआईए ने एक प्रेस रिलीज जारी की है। बताया कि तहव्वुर हुसैन राणा को कैसे भारत लाया गया। एनआईए ने बताया कि हमने सफलतापूर्वक उसका प्रत्यर्पण कर लिया है।* ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

## ये है भारत के बढ़ते कद के सबूत

▶▶ पहला फैक्टर है कानूनी दांव-पेच, दरअसल तहव्वुर राणा ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दोहरे खतरे सिद्धांत का हवाला दिया था। इसके तहत किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए एक से अधिक बार सजा नहीं दी जा सकती। तहव्वुर राणा ने तर्क दिया कि मुंबई आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में वह अमेरिका में सजा काट चुका है, ऐसे में उसे अब भारत प्रत्यर्पित करना दोहरे खतरे के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। हालांकि भारत का प्रतिनिधित्व एक मजबूत कानूनी टीम कर रही थी, जिसने अपने तर्कों से तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण से बचने की हर कोशिश को नाकाम कर दिया।

▶▶ राणा का भारत प्रत्यर्पण भारत की बढ़ती हुई कूटनीतिक पहुंच, इसके अमेरिका के साथ मजबूत संबंधों का सबूत है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूर्व की बाइडेन सरकार या मौजूदा ट्रंप सरकार दोनों ने ही राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दी। ट्रंप ने तो अपने एक बयान में साफ कर दिया था कि तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा। तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण में कई बार मुश्किलें भी आईं, लेकिन भारत ने अमेरिका के साथ अपने कूटनीतिक संबंधों का फायदा उठाते हुए उन मुश्किलों को समाप्त कर दिया।

### कहां रखा जाएगा राणा को?

▶▶ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने फरवरी में संकेत दिए थे कि तहव्वुर राणा को उसी जेल में रखा जाएगा, जहां 26/11 हमले को अंजाम देने वाले आतंकी अजमल कसाब को रखा गया था।

▶▶ दूसरी तरफ दिल्ली के तिहाड़ जेल प्रशासन ने भी तहव्वुर राणा के लिए उच्च सुरक्षा वाला जेल वार्ड बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, राणा को कहां रखा जाएगा इस पर अंतिम फैसला गृह मंत्रालय लेगा।













### लैंडिंग के बाद हार्ट अटैक से पायलट की मौत



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट की दिल्ली में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। यह घटना इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई, जब पायलट श्रीनगर-दिल्ली फ्लाइट की लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट में अन्य फॉर्मेलिटीज कर रहा था। एयरलाइन के मुताबिक, लैंडिंग के बाद पायलट को परेशानी होना शुरू हो गई थी, थोड़ी देर बाद वह बेहोश होकर गिर गया। पायलट को अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

## टैरिफ वार से बेहाल हुआ चीन




# चीन पर कुल टैरिफ 145% भारत को 9 जुलाई तक राहत

अमेरिका ने भारत पर लगे 26% अतिरिक्त शुल्क को टालने का आदेश जारी किया

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका ने भारत से आने वाले उत्पादों पर लगाई गई 26 प्रतिशत की अतिरिक्त टैरिफ (आयात शुल्क) को अस्थायी रूप से 90 दिनों के लिए टाल दिया है।

अब यह टैरिफ 9 जुलाई 2025 तक लागू नहीं होगा। इस फैसले की जानकारी व्हाइट हाउस की ओर से जारी कार्यकारी आदेश में दी गई है। 2 अप्रैल को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने करीब 60 देशों से आने वाले माल पर आयात शुल्क बढ़ाने की घोषणा की थी। इनमें भारत, चीन, वियतनाम और थाईलैंड जैसे ▶▶ शेष पेज 4 पर

### चीन पर टैरिफ बम से दोनों देशों के करोबारी संबंध तनावपूर्ण

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक टैरिफ युद्ध को सिर्फ चीन-हांगकांग तक सीमित करते हुए चीन से होने वाले सभी तरह के आयात पर टैरिफ को बढ़ाकर 145 फीसदी कर दिया है। इससे दोनों देशों के बीच कारोबारी संबंध और तनावपूर्ण हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि चीन को संयुक्त राज्य अमेरिका में सभी आयातों पर न्यूनतम 145 प्रतिशत टैरिफ दर का सामना करना पड़ेगा। एक दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि वे चीन पर टैरिफ बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर रहे हैं, क्योंकि बीजिंग ने उनके पिछले शुल्कों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की है। गुरुवार को व्हाइट हाउस ने बताया कि 125 प्रतिशत टैरिफ उस ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 9 जुलाई तक समझौते पर होगा मंथन

यह टैरिफ अस्थायी तौर पर टाला गया है। इसका भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत और अमेरिका के बीच अगले 90 दिनों में व्यापार को लेकर कैसी बातचीत होती है। अगर समझौता हो गया, तो शायद यह टैरिफ पूरी तरह हटा दिया जाए। लेकिन अगर बात नहीं बनी, तो 9 जुलाई के बाद ये शुल्क दोबारा लागू हो सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को कहा**

## 3 महीने में पैकेज्ड फूड पर 'चेतावनी' लेबल लगवाएं

केंद्र ने कहा-जनता से आपत्तियों के रूप में लगभग 14,000 टिप्पणियां प्राप्त हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पैकेज्ड फूड पर चेतावनी लेबल लगाने की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह अगले तीन महीनों में सिफारिशों को लागू करे। कोर्ट ने इसी अवधि में वार्निंग लेबलिंग और डिस्प्ले रेगुलेशन, 2020 में संशोधन पर फैसला लेने को कहते हुए याचिका का निस्तारण कर दिया है। जस्टिस जेबी पार्डीवाला और आर. महादेवन की खंडपीठ ने पैकेज्ड फूड के पैकेट पर चेतावनी की मांग करने वाली पब्लिक चेरिटेबिल ट्रस्ट थ्रीएस एंड आवर हेल्थ सोसाइटी की याचिका में कहा गया कि नागरिकों को ग्रहण किए जाने वाले खाद्य पदार्थों की पूर्ण जानकारी के आधार पर अपने निर्णय लेने का अधिकार है। जस्टिस पार्डीवाला ने कहा कि वह विशेषज्ञ समिति को तीन महीने में अपनी सिफारिशें देने के निर्देश के साथ ही इस याचिका का निस्तारण कर रहे हैं। इस मामले की जब सुनवाई हुई तो केंद्र ने हलफनामे की ओर कोर्ट का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें कहा गया है कि हितधारकों सहित जनता से आपत्तियों के रूप में लगभग 14,000 टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं और केंद्र वार्निंग लेबलिंग और डिस्प्ले रेगुलेशन 2020 में संशोधन करने का फैसला किया है।

**एसयूवी बेकाबू होकर सोमती नदी में गिरी**

## 4 की मौत 2 गंभीर, सब्बल से दरवाजे तोड़ निकालना पड़े शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



■ स्कॉर्पियो में सवार 6 लोग चरगंवा से जबलपुर आ रहे थे

स्कॉर्पियो में सवार 6 लोग चरगंवा से जबलपुर आ रहे थे, तभी करीब 45 किलोमीटर दूर सोमती नदी में तेज रफ्तार एसयूवी पुल से गिर गई। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो की हालत गंभीर बनी हुई है। जिन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। सभी लोग चरगंवा से जबलपुर आ रहे थे। खास बात ये है कि दुर्घटनाग्रस्त हुई कार में 6 लोगों के अलावा एक बकरा भी सवार था जो सुरक्षित बाहर निकल आया। हादसे की जानकारी मिलते ही चरगंवा थाना प्रभारी अभिषेक प्यासी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्कॉर्पियो (एमपी 04 बीए 6954) में फंसे लोगों का रेस्क्यू कर उन्हें बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने कार की बॉडी को सब्बल से फैलाया और अंदर फंसे दो लोगों को बाहर निकाला। दोनों घायल बोलने की हालत में नहीं थे। इनमें मनोज प्रताप पुत्र गोविंद पटेल (35) निवासी चौकीताल ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पांच जिलों में 42 डिग्री के करीब पारा, भोपाल में 41 पर थमा**

# प्रदेश में 'भीषण गर्मी' के बीच बादल, बारिश और ओले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### दो दिन बाद 2 से 3 डिग्री तक और गिरेगा दिन का पारा, भोपाल में भी होगी बारिश

■ पचमढ़ी से ठंडा रहा सीधी प्रदेशभर के तापमान में मामूली गिरावट

प्रदेश में दो दिन से जारी बादल, बारिश और ओले के असर से गुरुवार को प्रदेशभर में लू से राहत रही। लेकिन, भीषण गर्मी का असर बना रहा। अधिकांश जिलों में दिन के औसत तापमान में एक डिग्री तक गिरावट रही।

प्रदेश का औसत अधिकतम पारा 40 डिग्री रहा। धार, गुना, नर्मदापुरम, खंडवा और रतलाम में पारा 42 डिग्री तक रहा। भोपाल में पारा दशमलव 3 डिग्री बढ़कर 41.3 डिग्री रहा, जबकि रात का पारा 25 डिग्री पर थमा रहा। दिन के पारे में सर्वाधिक कमी सीधी में 6.8 डिग्री की रही, दिन का पारा 31.8 डिग्री पर पहुंच ▶▶ शेष पेज 4 पर


दोपहर 1:30 बजे, ज्योति टॉकीज चौराहा



### लू लगने से इंदौर में चार मोरों की मौत

**इंदौर।** जीपीओ क्षेत्र में चार मोरों की मौत हो गई। लोगों ने जब मोरों को जमीन पर मृत अवस्था में देखा तो पशु चिकित्सालय को सूचना दी। इसके बाद विभाग की टीम आई और मोरों को पशु चिकित्सालय ले गई। वहां चारों मोरों ▶▶ शेष पेज 4 पर

# राजधानी में एक दर्जन जगहों से निकाली जाएगी शोभायात्रा, होंगे जगह-जगह भंडारे, मंदिरों में आज से शुरू होंगे अखंड रामायण पाठ और सुंदरकांड पाठ

## 57 साल बाद पंचग्रही योग में कल मनाई जाएगी श्री हनुमान जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि 12 अप्रैल शनिवार के दिन हनुमान जयंती 57 साल बाद पंचग्रही योग में मनाई जाएगी। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 85 लाख 58 हजार 112 साल पहले हनुमान जी का जन्म चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि में हुआ था। इस योग में हनुमान आराधना सुख, समृद्धि और ग्रहों की अनुकूलता के लिए विशेष मानी गई है। पांच ग्रहों की साक्षी में ही संकट मोचन हनुमान जी का जन्मोत्सव इस साल मनाया जाएगा। इस समय मीन राशि में सूर्य, बुध, शुक्र, शनि और राहु की युति बन रही है। पंचग्रही युति में किसी विशेष मनोकामना की पूर्ति के लिए हनुमानजी की पूजा अर्चना करना शुभ रहेगा।



शनिवार को हनुमान मंदिरों में काफी भीड़ रहेगी, क्योंकि इस दौरान जिन पर शनि चल रहे हैं, जैसे कुंभ, मीन, मेष, को साढ़े साती और धनु व सिंह राशि को ढ़ाई चल रहे है। इन राशि के जातक भगवान हनुमान के साथ शनि देव को जल चढ़ाने से लाभ प्राप्त होगा। शनि की शुभता के लिए हनुमान जन्मोत्सव के दिन हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से शनिदेव प्रसन्न होंगे।

राजधानी में मंगलवार को हनुमान जयंती श्रद्धा भक्ति से मनेगी। इसको लेकर राजधानी के विभिन्न मंदिरों में साज-सजावट सहित अन्य तैयारियां पूरी हो गई हैं। हनुमान जयंती पर जगह-जगह अखंड रामायण पाठ, भंडारे और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। शहर के कई स्थानों से शोभायात्राएं भी निकाली जाएंगी। जिसमें मुख्य रूप से हिंदू भवानी संगठन द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। तो वहीं राजधानी के विभिन्न मंदिरों में एक दिन पहले यानी शुक्रवार से अखंड रामायण व सुंदरकांद पाठ शुरू होंगे। खेड़ापति हुनमान मंदिर न्यू मार्केट में शाम के समय से अखंड रामायण पाठ शुक्रवार को शुरू होगा।

### श्री अर्जी वाले हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव का शुभारंभ



श्री हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को दोपहर 12 बजे श्री गणेश पूजन के साथ श्री रामचरितमानस पाठ हवन आहुति के साथ शुभारंभ हुआ। पंडित नरेंद्र दीक्षित ने बताया कि विश्व शांति की स्थापना के संकल्प को लेकर भारत अखंड हिंदू राष्ट्र बने इस संकल्प के साथ रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा है। जोकि शुक्रवार को रामचरितमानस पाठ संपन्न होगा। 12 अप्रैल प्रातः 4 बजे से भगवान श्री अर्जी वाले हनुमान जी महाराज का महाभिषेक किया जाएगा।

### शीतला माता में होगा संगीतमय सुंदरकांड पाठ

*शीतला माता शापिंग सेंटर टीलाजमालपुरा में शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के तहत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि शनिवार को मंदिर के मुख्य पुजारी विष्णुकांत जोशी के मार्गदर्शन में संगीतमय सुंदरकांड व शाम सात बजे से भंडारे का आयोजन होगा। इस दौरान भगवान का आलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य संरक्षक व सांसद आलोक शर्मा, सलाहकार पार्षद मनोज राठौर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।*

### बरखेड़ा में हनुमान जयंती पर होगा सुदंरकाड पाठ

बरखेड़ा भेल कृष्णा मंदिर विजय मार्केट में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। भोजपाल मेला महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि हनुमान जी के जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें मुख्य रूप से शाम छह बजे से सुंदरकांड, इसके बाद भजन संध्या और भंडारे का आयोजन होगा।

### 24 घंटे होगी रामधुन

नर्मदापुरम स्थित मिसरोद के हनुमान मंदिर में शुक्रवार से राम धुन संकीर्तन पाठ शुरू होगा, जो शनिवार सुबह तक चलेगा। इसके बाद हनुमान जी की शोभा यात्रा निकाली जाएगी और हवन व भंडारा होगा। इसी तरह 1100 क्वाटर्स मंदिर, गुफा मंदिर लालघाटी में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। चामुंडा दरबार शाहजहांनाबाद श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर न्यू मार्केट, श्रीनाथ जी मंदिर लोहा बाजार आदि मंदिरों में जागरण के अलावा शहर में कई मंदिरों में अभिषेक और भंडारे होंगे।

### शोभायात्रा निकालकर मनाएंगे हनुमान जन्मोत्सव

भोपाल में सभी अखाड़ों के गुरुजनों द्वारा गठित श्री हिंदू अखाड़ा महासंघ द्वारा परंपरा अनुसार युवा, बच्चियां, बच्चों द्वारा साहसिक करतब को दिखाते हुए, शाम 4:30 बजे भवानी चौक सोमवारा से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो चौक बाजार इतवारा मंगलवारा घोड़ा नक्कास बस स्टैंड से छोला मंदिर पर ध्वजा चढ़ा कर शोभायात्रा का समापन होगा।

### दादाजी धाम मंदिर में सवामन लड्डुओं का लगेगा भोग

राजधानी के रायसेन रोड के पास पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में इस वर्ष भी सूर्योदय के समय हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह हनुमान जी का अभिषेक पूजन के के बाद सवामन लड्डुओं एवं फल का भोग लगाया जाएगा। साथ ही सुंदरकांड, हनुमान चालीसा एवं भजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### होली मिलन एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन कल

**भोपाल।** पूर्वांचल ब्राह्मण समाज भोपाल के तत्वाधान में 12 अप्रैल को संध्या 6 से होली मिलन एवं युवा युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन सर्व धर्म मंदिर न्यू मिनाल रेजिडेंसी पांच नंबर गेट भेल भोपाल में किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से पूर्वांचल के ब्राह्मण समाज के युवा युवती का परिचय सम्मेलन करवाना एवं उनके पंजीयन बायोडाटा इकट्ठा किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से 300 परिवार शामिल होने वाले है। कार्यक्रम के संयोजक संजय मिश्रा पिंटू भैया ने बताया कि यह इस अवसर पर सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक कलाकार पिंटू दुबे एंड पार्टी बलिया यूपी से होली एवं चैता गीतों की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल होंगे आलोक शर्मा सांसद लोकसभा भोपाल रामेश्वर शर्मा विधायक हुजूर, रीति पाठक कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन संजय पाठक इत्यादि कार्यक्रम में शामिल होगें।

### गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा टीटी नगर में बैसाखी पर सजेंगे दीवान

**भोपाल।** राजधानी स्थित टीटी नगर गुरुद्वारे में हर साल की तरह इस साल भी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा टीटी नगर में बैसाखी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। बैसाखी के अवसर पर 13 अप्रैल की रात और 14 अप्रैल की सुबह व दोपहर को धार्मिक दीवान (कथा, कीर्तन कार्यक्रम) सजाए जाएंगे। बैसाखी के शुभ अवसर पर प्रसिद्ध रागी भाई मनमीत सिंह, खालसा कॉलेज दिल्ली वाले, भाई गुरदेव सिंह ऑस्ट्रेलिया वाले एवं कथावाचक डॉक्टर मनप्रीत सिंह पहुंच रहे हैं। डॉ. अमरदीप सिंह ने बताया कि कार्यक्रमों में गुरु का लंगर अटूट बरताया जाएगा। बैसाखी सिखों का महत्वपूर्ण त्यौहार है। बैसाखी को सिख नववर्ष के रूप में भी मनाते हैं।

## करोंद स्थित मां शीतला माता मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

# भागवत की शिक्षा से होती है घर व समाज में रामराज्य की स्थापना : पं. सुशील महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मां शीतला माता मंदिर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित सुशील महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा को सुनने से नहीं, कथा की शिक्षा को अमल में लाने से मनुष्य का कल्याण होता है।

सुशील महाराज ने कलयुग का महत्व का वर्णन करते हुए बताया कि कलयुग में अगर धर्म का प्रादुर्भाव ज्यादा है, तो भव मुक्ति से पार होने का रास्ता भी बहुत ही सरल और सुगम है। पंडित सुशील महाराज ने कहा कि कलयुग का प्रकोप उन लोगों के ऊपर पड़ता है। जो लोग कलयुग को राजा परीक्षित द्वारा दिए गए पांच स्थान पर कलयुग में जाते हैं। उन लोगों का विनाश कलयुग कर देता है और वह व्यक्ति कलयुगी बन जाता है। यदि आप अपने घर और समाज में राम राज्य की स्थापना करना चाहते है तो अपने बच्चों, पति, बुजुर्गों, महिला को कलयुग को जो पांच स्थान दिए गए हैं उन पांच स्थानों पर नहीं जाने दें।

### *श्रीमद् भागवत की शिक्षा सिर्फ सुनने से नहीं, अपनाने से होता है कल्याण*



### कलयुग के प्रकोप से बचना है तो न जाएं इन 5 स्थानों पर



पंडित सुशील महाराज ने कलयुग के प्रकोप से बचने के उपाए बताते हुए कहा कि अगर कलयुग के दुष्प्रभाव से बचना है तो इन पांच स्थानों पर कभी नहीं जाएं। पहला जुआ घर, दूसरा वैश्यालय, तीसरा मदिरालय, चौथा जहां हिंसा हो और पांचवां जहां स्वर्ण हो। जो व्यक्ति इन पांच स्थानों से दूर रहेगा उसके ऊपर आजीवन कभी भी कलयुग का कोई भी दुष्प्रभाव उसके जीवन में हावी नहीं होगा।

### शिव नगर में भागवत कथा की बह रही गंगा

### *माखन चोरी की लीला और गोवर्धन पूजा की सुनाई कथा*



शिव नगर में चल रही भागवत कथा में गुरुवार को कथावाचक अतुल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा की गई माखन चोरी की कथा सुनाई। भागवत कथा को सुनने के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जमा हुई। कथा में बीच-बीच में महिला श्रद्धालुओं द्वारा नृत्य कर भक्तिभाव प्रकट किया गया। समिति के मुकेश साहू ने बताया कि कथावाचक अतुल महाराज ने श्री कृष्ण की माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण गोपी के घर से माखन लेकर बाहर आ जाते और सभी मित्रों के साथ बांटकर खाते थे। भगवान बोले जिसके यहां चोरी की हो उसके द्वार पर बैठकर माखन खाने में आनंद आता है। इसके बाद गोवर्धन पूजा का महत्व बताया। अतुल महाराज ने कहा भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत मात्र इसलिए उठाया था कि पृथ्वी पर फैली बुराइयों का अंत केवल प्रकृति एवं गो संवर्धन से ही हो सकता है। महाराज जी ने कहा कि इंद्र के कुपित होने पर श्रीकृष्ण ने गोवर्धन उठा लिया था।



## राजधानी में जगह-जगह हुए विभिन्न कार्यक्रम

# धूमधाम से मनाई महावीर जयंती मुख्यमंत्री ने दीं शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने भगवान महावीर के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि उनका जीवन और उपदेश आज भी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का संपूर्ण जीवन अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जैसे महान सिद्धांतों का प्रतीक है। उन्होंने न केवल इन सिद्धांतों का पालन किया, बल्कि समाज को भी इन्हें अपनाने की राह दिखाई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संसार को 'जियो और जीने दो' का सन्मार्ग दिखाने वाले भगवान महावीर के उपदेश सभ्य समाज के निर्माण के लिए आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने तब थे। उनका जीवन दर्शन केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं नैतिक दृष्टिकोण से भी मानव जीवन को दिशा देने वाला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर भगवान महावीर के सिद्धांतों को जीवन में अपनाएं। अहिंसा व सत्य के मार्ग पर चलकर समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे को सुदृढ़ करें और हम सब हर्षोल्लास से महावीर जयंती मनाएं। शहर के करीब 50 से अधिक जैन मंदिरों में महावीर जयंती पर धार्मिक अयोजन हुए। मंदिरों में भगवान महावीर का अभिषेक शांतिधारा कर मंगलमय जीवन की प्रार्थना के साथ अनुष्ठान हुए। वहीं कई जगहों से जैन मंदिर से चल समारोह भी निकाला गया।

### जटाधारण कर गुरुवेश्वर महादेव के रूप में सजे बाबा बटेश्वर

**भोपाल।** श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा नूतन संवत्सर के प्रथम गुरु प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का गुरुवेश्वर महादेव के रूप में श्रृंगार किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में केसर, अष्टगंध, पंचामृत से बाबा बटेश्वर का अभिषेक कर गेंदे के पीले, भगवा, गुलाब, मोगरा आदि फूलों से श्रृंगार कर पीले फल व मिठाई का भोग लगाया गया। रात 10 बजे महाआरती हुई।



# यूपी के पूर्व मंत्री बादशाह सिंह के बेटे सहित पत्नी पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

## बहू ने दहेज में तीन करोड़ और एक कार मांगने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री बादशाह सिंह के बेटे और पत्नी पर बहू ने दहेज प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। काउंसलिंग के बाद महिला थाना पुलिस ने उनके बेटे राजदेव सिंह और पत्नी रत्ना सिंह पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पीड़िता का आरोप है उसकी शादी राजदेव सिंह से 2022 में हुई थी। मध्यप्रदेश के छतरपुर में पीड़िता अपने पति राजदेव सिंह और सास रत्ना सिंह के साथ रह रही थी। शादी के बाद से ही राजदेव सिंह और उसकी मां रत्ना उन्हें दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगी। 2024 से वो उनसे 3 करोड़ रुपए और एक फॉर्च्यूनर कार की मांग की गई।

2024 के बाद से दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। परेशान होकर वह भोपाल में रिश्तेदार के घर रह रही थी। पीड़िता के भोपाल आने के बाद दोनों परिवारों के बीच कई बार बातचीत हुई। करीब 2 महीने पीड़िता और पति की काउंसलिंग भी कराई गई, लेकिन जब दोनों के बीच विवाद शांत नहीं हुआ तो शिकायती आवेदन के आधार पर प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी राजदेव सिंह उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के कद्दावर नेता बादशाह सिंह के बेटे हैं। 2007 में बसपा की सरकार के दौरान बादशाह सिंह मंत्री भी रहे है।

# एम्स में एकीकृत चिकित्सा को बढ़ावा देना लक्ष्यः डॉ. अजय

### विश्व होम्योपैथी दिवस पर जगह-जगह लगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल ने गुरुवार को विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया। यह दिवस होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली के संस्थापक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कहा हमारा लक्ष्य प्रत्येक चिकित्सा विज्ञान की शक्तियों का उपयोग करके व्यापक, रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। एम्स में आयुष विभाग के अंतर्गत होम्योपैथी इकाई त्वचा रोग, बाल रोग, एलर्जी संबंधी विकार, प्रोस्टेट वृद्धि और मानसिक स्वास्थ्य संबंधित रोगों से मरीजों की देखभाल करती है। वहीं होम्योपैथी चिकित्सक संघ और धार्मार्थ होम्योपैथी क्लीनिक द्वारा दीप प्रज्वलन कर होम्योपैथी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक भेल जीपी बघेल ने कहा कि डॉ. हैनिमन ने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को वैश्विक मंच पर स्थापित किया।

### होम्योपैथी शिविर में लोगों को दिया परामर्श

गुरुवार को विश्व होम्योपैथी दिवस और होम्योपैथी चिकित्सा के जनक डॉ. हैनिमन की जयंती पर होमियोपैथी आयुष विंग जेपी अस्पताल द्वारा निःशुल्क होम्योपैथी शिविर का आयोजन पांच नंबर मार्केट में आयोजित किया गया। यह शिविर जिला आयुष अधिकारी डॉ. अंतिम नलवया के दिशा निर्देश में आयोजित किया गया था। गुरुवार को आयोजित शिविर में होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति तैलंग, डॉ. अखिलेश राठौर, डॉ. भावना लखेर, सुधा शिवहरे, जितेंद्र सिंह ढांगी, नीलेश तारे और नेहा वाल्मिकी ने शिविर में आए लोगों का परीक्षण कर उचित परामर्श किया। डॉ. प्रीति तैलंग ने बताया कि होम्योपैथी आज के समय में उपयोग होनेवाली पसंदीय चिकित्सा प्रणाली है, जो 'समरूपता के नियम' पर आधारित है। यह उपचार पद्धति शरीर की आत्म चिकित्सा क्षमता को बढ़ावा देती है और रोग के मूल कारण पर कार्य करती है। शिविर में लोगों को योग की महत्वता के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।



# राष्ट्र जागरण की ध्वजवाहिका लोकमाता अहिल्याबाई पर शोध सम्मेलन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनआईटीटीटीआर में लोकमाता अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी जयंती पर दो दिवसीय अखिल भारतीय शोध सम्मेलन का आयोजन आज शुक्रवार से किया जा रहा है। इसका विषय लोकमाता अहिल्याबाईः राष्ट्र पुनरुत्थान की संकल्पना है। निटर के डीन कॉर्पोरेट एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो. पी.के पुरोहित ने बताया कि इस सम्मेलन में देशभर के 150 से अधिक प्रतिभागी और शिक्षाविद्, शोधार्थी, सामाजिक चिंतक के साथ ही प्रशासनिक विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। उद्घाटन इन्दर सिंह परमार, मंत्री उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग, मप्र शासन द्वारा शुक्रवार को किया जाएगा। इस सत्र में कई गणमान्य अतिथि, कुलपति तथा विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। इस शोध सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, दर्शन और कृतित्व के माध्यम से राष्ट्र पुनरुत्थान की अवधारणा को समझना एवं वर्तमान संदर्भोंमें उसके अनुप्रयोग की संभावनाओं पर विचार करना है। सम्मेलन के तहत न्यायप्रियता एवं प्रशासनिक दक्षता, पंच परिवर्तन से लोक कल्याण, सांस्कृतिक पुनर्निर्माण से राष्ट्र जागरण, नारी स्वाभिमान जागरण से समाज उत्थान, सामाजिक कुरीतियों की चुनौतियां और उनका समाधान समेत विभिन्न विषय वस्तुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।



■ उच्च शिक्षा मंत्री परमार करेंगे शुभारंभ

## सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड में शहरकाजी बोले, हमारा मसला धर्म से नहीं, कानून से है

# वक्फ बिल पर पुनर्विचार करे सरकार, मुस्लिम समाज ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वक्फ संशोधन बिल लागू होने के बाद ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने गुरुवार को राजधानी में धरना-प्रदर्शन किया, जिसमें झंडे-बैनर का उपयोग नहीं किया गया। न ही रैली निकाली गई। भारत टॉकीज स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड में आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शहरकाजी सहित बोर्ड के अन्य सदस्यों ने अपनी बात रखी। इस मौके पर हजारों लोगों ने वक्फ बिल का विरोध किया।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य और विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि नए वक्फ संशोधन बिल में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि वक्फ बोर्ड की जमीन कब्जेदारों से छीनकर गरीबों को दी जाएगी। अगर ऐसा होता तो मैं इसका पूरा समर्थन करता, लेकिन यह बिल वक्फ की प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए लाया गया है। ऐसे में सरकार को इस बिल को लेकर पुनर्विचार करना चाहिए। धरना-प्रदर्शन में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए शहरकाजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी ने कहा कि मुसलमानों की लड़ाई किसी धर्म या समुदाय से नहीं है। यह पूरी तरह कानूनी अधिकारों और न्याय व्यवस्था से जुड़ा हुआ मामला है। कुछ लोग इसे धर्म के नाम पर गलतफहमी फैलाकर पेश कर रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके पहले समाज के लोगों ने काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी थी।



### वक्फ प्रॉपर्टी पर हाथ डालने वाला होगा बर्बाद

नदवी ने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि जो भी वक्फ पर हाथ डालेगा, उसका बर्बाद होना लाजिम है। वक्फ संपत्तियां मुसलमानों की अमानत हैं। उनका संरक्षण हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। हमारा हिंदुस्तान सारे जहां से अच्छा है और हमें यकीन है कि अल्लाह हमारी मदद करेगा। अंत में उन्होंने दुआ करते हुए कहा कि अल्लाह हमारे देश के सभी कानूनविदों और नीति-निर्माताओं को सही समझ और इंसाफ की राह दिखाए।

### वक्फ संपत्तियों के लिए लगातार जारी रहेगी लड़ाई

कार्यक्रम में जमीयत उलेमा-ए-हिंद मध्य प्रदेश के प्रमुख मुफ्ती मोहम्मद अहमद ने वक्फ संपत्तियों को लेकर कहा कि मुसलमान अपनी जमीनों, कब्रिस्तानों और मस्जिदों के हक के लिए हमेशा खड़े रहेंगे और इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाएंगे। मुस्लिम समुदाय को एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर, एकजुट होकर यह लड़ाई लड़ेंगे।

### दो घंटे बंद रही सड़क, लगा जाम

धरना प्रदर्शन के दौरान भारत टॉकीज सड़क पर वाहनों की संख्या अधिक होने की वजह से जाम के हालात बन गए, जिसकी वजह से लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। इधर, भारत टॉकीज से काली मंदिर सड़क का निर्माण होने की वजह से वाहन चालकों को दूसरे रास्तों से जाना पड़ा।

भोपाल
शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-14
वर्ष : 12, अंक : 10
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यून. 25

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मस्क का ऐलान, छात्रों के लिए सुपरग्रोक फ्री



**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने हाल ही में एक पोस्ट के जरिए बताया कि छात्रों के लिए सुपर ग्रोक फ्री में उपलब्ध है, लेकिन इस ऑफर के साथ कुछ शर्तें भी जुड़ी हुई हैं। पोस्ट में साफ किया है कि छात्रों को ग्रोक डॉट कॉम पर सुपर ग्रोक की सुविधा सिर्फ दो महीने के लिए मुफ्त में मिलेगी और यह तभी संभव है जब छात्र (ईडीयू) ईमेल आईडी के जरिए लॉगिन करें।

### बेटी ने लव मैरिज की पिता ने खुद को उड़ाया



**ग्वालियर।** झांसी रोड थाना क्षेत्र में बेटी के लव मैरिज से आहत एक पिता ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान ऋषिराज उर्फ संजू जायसवाल के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सुसाइड नोट में अपने इस दुख का जिक्र किया है।

### ट्रैक्टर पलटने से दंपती की मौत, बेटी बची



**डिंडौरी।** शाहपुर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर इंजन पलटने से दबकर पति-पत्नी की मौत हो गई। उनकी 6 माह की बच्ची की जान बच गई है। जंगल के रास्ते में हादसा हुआ। बच्ची की रोने की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीण पहुंचे। मोहन दास निर्माणाधीन प्रधानमंत्री सड़क परियोजना में ट्रैक्टर ड्राइवर के रूप में काम करता था।

### सौ बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक



**श्योपुर।** श्योपुर के देहात थाना क्षेत्र के ग्राम आमल्दा के हार में गुरूवार की दोपहर अचानक आग भड़क उठी। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं है। लेकिन इस आग से करीब दो दर्जन से अधिक किसानों की करीब सवा सौ बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। एसडीएम श्योपुर बीएस श्रीवास्तव ने बताया कि आग से किसानों की फसल जली है। जिसका सर्वे शुक्रवार से कराया जाएगा।

---

### लॉस एंजिलिस 2028 में हिस्सा लेंगी पुरुष और महिलाओं की 6-6 टीमें

# ओलंपिक में 128 साल बाद क्रिकेट की वापसी, पांच नए खेल भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




क्रिकेट 128 साल के अंतराल के बाद 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में वापसी करेगा। इसको लेकर आयोजकों ने बड़ा ऐलान किया। लॉस एंजिलिस ओलंपिक के आयोजकों ने इस बहुराष्ट्रीय आयोजन में क्रिकेट के लिए टीमें तय कर दी हैं। महिला और पुरुष दोनों श्रेणी में छह-छह टीमें हिस्सा लेंगी। मैच टी20 प्रारूप में खेले जाएंगे। छह टीमें स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के लिए टक्कर लेती दिखेंगी। पिछली बार क्रिकेट साल 1900 में पेरिस ओलंपिक का हिस्सा रहा था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच दो दिवसीय मुकाबला खेला गया था। अब इसे अनाधिकारिक टेस्ट के रूप में गिना जाता है। आयोजकों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### साल 1900 में क्रिकेट ओलंपिक का हिस्सा था

#### आईसीसी के 12 नियमित सदस्य

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल के फिलहाल 12 नियमित और 94 सहयोगी सदस्य हैं। नियमित सदस्यों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की टीमें हैं। हालांकि, 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रक्रिया के बारे में अब तक नहीं बताया गया है। इसमें अमेरिका का खेलना तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें मेजबान कोटे का फायदा मिलेगा। इसका मतलब होगा कि अमेरिका के अलावा पांच और टीमें हिस्सा ले सकेंगी और उन्हें क्वालिफिकेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा।

#### लैक्रॉस जैसे खेल को शामिल किया गया

क्रिकेट उन पांच नए खेलों में शामिल है, जिन्हें लॉस एंजिलिस ओलंपिक में जगह दी गई है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ ने इन पांच खेलों के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शामिल किए जाने की पुष्टि साल 2023 में की थी। क्रिकेट के अलावा इनमें बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रॉस और स्क्वॉश शामिल हैं।

---

### आनंदपुर धाम 315 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ

## पीएम मोदी आज ईसागढ़ के आनंदपुर धाम आएंगे

*गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे*



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप शुक्रवार को मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में ईसागढ़ तहसील के आनंदपुर धाम आएंगे। मोदी गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे और आनंदपुर धाम स्थित मंदिर परिसर का भ्रमण भी करेंगे। आध्यात्मिक और पारमार्थिक उद्देश्य से स्थापित आनंदपुर धाम 315 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां आधुनिक गो-शाला संचालित है, जिसमें 500 से अधिक गो-वंश है। श्री आनंदपुर ट्रस्ट ग्राम सुखपुर तहसील ईसागढ़ में 1977 से चैरिटेबल अस्पताल संचालित है। यहां वर्ष में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। ट्रस्ट द्वारा कई स्कूल संचालित हैं। जहां 1215 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। श्री आनंदपुर ट्रस्ट के अन्य महत्वपूर्ण सत्संग केंद्र कई अन्य महानगरों में संचालित हैं। श्री आनंदपुर ट्रस्ट एवं इसके अन्य आश्रमों में वैशाखी, गुरु पूर्णिमा, दीपावली, मकर संकाति और श्री परमहंस जी का जन्मोत्सव पर्व मनाया जाता है।

---

### केंद्रीय मंत्री गडकरी ने 5800 करोड़ की 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

# 3 साल में अमेरिका से भी 'अच्छा' हो जाएगा मप्र का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क

*गडकरी ने कहा कि हम मध्यप्रदेश में सालभर में 3 लाख करोड़ रुपए का इंफ्रास्ट्रक्चर का काम पूरा करके देंगे। केवल रोड नहीं बनेंगे। दिल्ली-मुंबई से आप जुड़ जाएंगे तो जमीनों की कीमत बढ़ जाएंगी। इंडस्ट्री आएगी, इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनेंगे, गोडाउन बनेंगे। रोजगार मिलेगा तो गरीबी-भुखमरी से मुक्ति मिलेगी*




- ▶▶ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मांगे 12 हजार करोड़
- ▶▶ गडकरी ने दी 33 हजार करोड़ की सौगातें

**गडकरी ने मंच से ही मांगें मंजूर कर निर्माण पूरा होने की समय-सीमा भी तय कर दी**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को मप्र दौरे के दौरान सौगातों की झड़ी लगा दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जितना मांगा, उन्होंने उससे ज्यादा घोषणाएं कीं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मांग पर मंच से ही केंद्रीय सड़क निधि से 12 हजार करोड़ रूपए लागत से 400 किमी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**राजमार्ग हैप्पीनेस लाने वाले हाई-वे होते हैं। हम मध्यप्रदेश के गांव-गांव को सड़कों से जोड़ेंगे**

**ताकि यहां सबको शिक्षा रोजगार, स्वास्थ्य उपचार और विकास का लाभ मिले**



### जो बात करूंगा, डंके की चोट पर पूरी करके दूंगा

गडकरी ने कहा कि मैं इस बात का विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आने वाले तीन साल के अंदर मध्यप्रदेश का नेशनल हाईवे नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बनेगा। मैं जो बात करूंगा, वो डंके की चोट पर पूरी करके दूंगा। उन्होंने कहा कि हम मध्यप्रदेश में सालभर में 3 लाख करोड़ रुपए का इंफ्रास्ट्रक्टर का काम पूरा करके देंगे। केवल रोड नहीं बनेंगे। दिल्ली-मुंबई से आप जुड़ जाएंगे तो जमीनों की कीमत बढ़ जाएंगी। इंडस्ट्री आएगी, इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनेंगे, गोडाउन बनेंगे। रोजगार मिलेगा तो गरीबी-भुखमरी से ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### गडकरी देश के राजमार्ग विकास पुरूषः मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि हम गांव-गांव तक रोड कनेक्टिविटी बढ़ाकर हम मध्यप्रदेश की जनता की जिंदगी में बदलाव लाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम रोड कनेक्टिविटी बढ़ाकर गांव के साथ-साथ शहरों को भी स्मार्ट सिटी बनाने के लिए प्रयासरत ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### इन कामों की डेडलाइन तय

- ▶▶ 18 हजार करोड़ से 687 किलोमीटर लंबा इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेस वे मार्च 2026 में पूरा हो जाएगा।
- ▶▶ 27 करोड़ की लागत से 138 किलोमीटर लंबा उज्जैन से गरोठ फोरलेन ग्रीनफील्ड हाईवे के पहले चरण का काम जुलाई तक पूरा हो जाएगा।
- ▶▶ 11,500 करोड़ की लागत से भोपाल से कानपुर सिक्सलेन इकोनॉमिक कॉरिडोर मार्च 2027 में पूरा हो जाएगा।
- ▶▶ जबलपुर-दमोह फोरलेन का पहला चरण जुलाई में शुरू होगा।
- ▶▶ 1500 करोड़ से 80 किलोमीटर सतना-चित्रकूट रोड का काम मार्च 2026 के पहले शुरू हो जाएगा।
- ▶▶ 3400 करोड़ से इंदौर-हरदा फोरलेन मार्च 2026 तक पूरा हो जाएगा। ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

### गडकरी का यह मजाकिया अंदाज

## बढ़ गया उज्जैन सांसद का वजन, वापस ले लेंगे सड़कें

*फिरोजिया को वजन कम करने दिया था चैलेंज* | *पहले वजन घटाया लेकिन अचानक फिर बढ़ा*



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 23 फरवरी 2022 को उज्जैन में एक कार्यक्रम के दौरान मंच से भाजपा सांसद अनिल फिरोजिया को चैलेंज दिया था कि वे अपना वजन कम करें। जितने किलोग्राम वजन घटाएंगे, उन्हें उतने हजार करोड़ रुपए शहर के विकास के लिए दिए जाएंगे।

इसके बाद फिरोजिया ने 32 किलो वजन कम कर लिया था। इसके बदले उज्जैन को सौगातें मिलीं। लेकिन उनका फिर से वजन बढ़ने के बाद गडकरी ने वजन कम करने के बदले में दी सड़कों की सौगात वापस लेने की बात कही है।

#### सात माह में कम किया था 32 किग्रा वजन

सांसद फिरोजिया ने कहा गडकरी जी ने जो कहा था वो किया। एक किलोग्राम कम करने पर एक हजार करोड़ दिया। उन्होंने करीब 3 हजार करोड़ की उज्जैन-झालावाड़ फोरलेन की सौगात दी है जो 134 किमी की है। ये सही है कि चुनाव के बाद मेरा वजन बढ़ा है। उन्होंने कहा कि महज तीन महीने में ही उन्होंने 12 किलो और ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### बाद में बोले गडकरी- मैं तो मजाक कर रहा था

गडकरी ने बदनावर में उज्जैन-बदनावर सड़क के लोकार्पण के दौरान कहा कि मै जब उज्जैन में आया था तब अनिल फिरोजिया को कहा था की वजन कम करो। जितना कम करोगे, उतना पैसा दूंगा, लेकिन अब वजन बढ़ रहा है तो दिए हुए रोड वापस ले जाने का काम करना पड़ेगा। गडकरी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

### ग्वालियर की मल्टी में भीषण आग

## 5 सिलेंडर ब्लास्ट, 2 फायरकर्मी सहित एक बच्चा भी घायल

*धागे के गोदाम तक पहुंचने से भड़की, एयरफोर्स की फायरब्रिगेड तक बुलानी पड़ी*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

जनकगंज थाना क्षेत्र स्थित खासकी बाजार में अल सुबह एक मल्टी में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी इमारत धुएं और लपटों में घिर गई। ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### आग बुझाते समय फटा सिलेंडर

जिस वक्त आग लगी, बिल्डिंग में रहने वाले लोग गहरी नींद में थे। फ्लैट्स में धुआं भरने से उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई तो नींद खुली। आग की लपटें देखकर वे नीचे की तरफ भागे। ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

### पूर्व केंद्रीय मंत्री चौबे ने कहा

## नीतीश कुमार को डिप्टी पीएम बनाया जाना चाहिए

*उन्होंने कहा कि ये मेरी व्यक्तिगत राय*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बड़ी मांग कर दी है। उन्होंने गुरुवार को अपनी व्यक्तिगत राय व्यक्त की कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उप प्रधानमंत्री बनाया जाना चाहिए। केंद्र में आने से पहले नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल रहे अश्विनी चौबे ने कहा कि वह जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार को दिवंगत जगजीवन राम के बाद बिहार से दूसरे उपप्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

### पर्सनल लॉ बोर्ड ने दिया वक्फ बिल के खिलाफ धरना

## कहा-वक्फ संपत्तियों को लेकर गलत धारणाएं फैलाई जा रहीं



**भोपाल।** वक्फ संशोधन बिल के विरोध में गुरुवार को राजधानी में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड पर धरना-प्रदर्शन किया। बोर्ड के बैनर तले हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग धरना स्थल पर जमा हुए। प्रदर्शन को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य आरिफ मसूद ने पहले ही वीडियो जारी कर दिया था। धरना स्थल पर जमीयत-ए-उलेमा के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद हारून ने कहा कि ये संशोधन देश के एक बड़े समुदाय ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

### हबीबगंज थाने में शिकायत की

## रिटायर्ड डीजीपी जोशी को केयर टेकर ने पीटा, गला दबाकर मारने की भी कोशिश

*एचएम जोशी 80 के दशक में मप्र के डीजीपी रहे* | *डरा-धमकाकर पैसे ऐंठना चाहता था केयर टेकर रफीक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



100 साल की उम्र के पूर्व डीजीपी के साथ मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एचएम जोशी पॉश अरेरा कॉलोनी में रहते हैं। केयरटेकर ने पैसों के लिए उनका गला दबोचा और धमकाया। केयरटेकर का नाम रफीक है जो निजी एजेंसी के माध्यम से काम पर रखा गया था। वो डरा धमकाकर पैसे ऐंठना चाहता था। संयोग से एक्स डीजीपी के घर खाना बनाने का काम करने वाली गीता उसी समय पहुंची। गीता को देखकर रफीक ने कदम पीछे खींचे। एचएम जोशी रिटायर्ड आईपीएस ऑफिसर हैं। 80 के दशक में मध्यप्रदेश के डीजीपी रहे। जोशी केयरटेकर के हर महीने 18 से 20 हजार रुपए सैलरी भी देते थे। पूर्व डीजीपी ने हबीबगंज पुलिस थाने में मामले की शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पूर्व डीजीपी ने अपनी शिकायत में बताया कि 8 अप्रैल को शाम साढ़े 4 बजे ड्राइंग रूम में खबर पढ़ रहा था कि तभी रफीक ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

### रेप केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट का एक और विवादित फैसला

## रेप पीड़िता महिला को ही घटना के लिए ठहराया जिम्मेदार,आरोपी को दी जमानत

*छात्रा ने आरोप लगाए थे कि बार में मिले एक शख्स ने उसके साथ नशे की हालत में रेप किया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेप के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीड़िता को ही कथित अपराध का जिम्मेदार बताया और आरोपी को जमानत दे दी। मामला सितंबर 2024 का है, जहां एक यूनिवर्सिटी की छात्रा ने आरोप लगाए थे कि बार में मिले एक शख्स ने उसके साथ नशे की हालत में रेप किया था। जबकि, आरोपी ने जमानत याचिका में कहा है कि महिला ही उसके साथ जाने को तैयार हुई थी और सहमति से सेक्स हुआ था। जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। आरोपी को 11 दिसंबर 2024 में गिरफ्तार किया गया था। उस पर दिल्ली के हौज खास के एक बार में मिली लड़की के साथ बलात्कार के आरोप थे। कोर्ट का कहना है कि लड़की ने खुद ही परेशानी को न्योता दिया था और वह ही इस कथित वारदात की जिम्मेदार है।

> कोर्ट का कहना है कि लड़की ने खुद ही परेशानी को न्योता दिया था और वही इस कथित वारदात की जिम्मेदार



#### और, कोर्ट ने दे दी बेल

अदालत का कहना है कि मामले के तथ्य और हालात के साथ-साथ अपराध की प्रकृति, सबूत और पार्टियों के वकीलों की तरफ से दी गई जानकारी पर विचार करने के बाद मेरा मानना है कि आवेदक को बेल दी जा सकती है। ऐसे में जमानत के आवेदन को स्वीकार किया जाता है।

#### यह है मामला?

नोएडा की एक बड़ी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली छात्रा तीन सहेलियों के साथ दिल्ली के एक बार में गई थी। छात्रा का कहना था कि वहां उसे कुछ परिचित व्यक्ति मिले, जिनमें आरोपी भी शामिल था। पीड़िता ने नोएडा पुलिस को बताया कि शराब ▶▶ शेष पेज 4 पर



**उपलब्धि** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोतों का तेजी से हो रहा जीर्णोद्धार

# मप्र में जनसहयोग से 'खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में' पीएम मोदी का सिद्धांत ले रहा आकार

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण में जनता की भागीदारी का विशेष रूप से उल्लेख किया है। उन्होंने 'खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में' के सिद्धांत को अपनाने पर जोर दिया है। इसी सोच को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य- 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के द्वारा जल संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के साथ-साथ पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों और जल वितरण प्रणालियों की साफ सफाई, जल स्त्रोतों के आस-पास पौध रोपण के कार्य प्राथमिकता पर किए जा रहे हैं। इसके साथ ही समाज की सहभागिता के लिए जल संरक्षण जागरूकता के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अभियान जनप्रतिनिधि और जनमानस बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं।

### शाजापुर में 1800 कार्यों का लक्ष्य,तेजी हो रहे काम

मध्यप्रदेश शाजापुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में 1800 कार्यों का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिले में वॉटर शेड कार्य, 19 प्रमुख नदियों के उद्गम क्षेत्रों में साफ-सफाई, 87 पुराने तालाबों की सफाई की कार्य योजना पर जिले की 352 ग्राम पंचायतों में पानी चौपाल की शुरूआत कर दी गयी है। यह मध्यप्रदेश में किसी भी जिले का सबसे बड़ा टारगेट है। 19 प्रमुख नदियों के उद्गम क्षेत्रों में साफ-सफाई केवल अच्छा काम नहीं है बल्कि पुण्य का काम भी है।



## विदिशा में 100 साल पुरानी चेतन बावड़ी का जीर्णोद्धार

विदिशा जिले के सिरोंज में 100 साल पुरानी चेतन बावड़ी के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया गया। बावड़ी के संरक्षण से आसपास के क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। नागरिकों के साथ अधिकारी-कर्मचारी जल संरक्षण कार्य में शामिल हुए। ऐतिहासिक काम किया गया है। 100 साल पुरानी बावड़ी का जीर्णोद्धार, जल संरक्षण, इतिहास, संस्कृति और पर्यटन सभी दृष्टि से महत्वपूर्ण है।




### ग्वालियर के ग्राम छिरेंटा में पोखर गहरीकरण

ग्वालियर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जन-भागीदारी से तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। किसानों से ग्रीष्मकालीन धान की फसल के स्थान पर कम पानी में अधिक पैदावार वाली मूंग की फसल लेने का आह्वान किया गया। युवाओं को आदर्श ग्राम बनाने के लिये संकल्प दिलाया गया। जल संरचनाओं में पोखर सबसे छोटी इकाई है परंतु कई बार यह जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती है। यह किसी भी क्षेत्र को भयंकर सूखा और लोगों को प्यार से मौत की स्थिति से बचाते हैं। यहां जल स्रोतों को निखारे का काम तेजी से चल रहा है।

### बुरहानपुर में 44 तालाब संचालित

जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत से जिले की सिंचाई परियोजना के कार्य में तेजी लाई गई है। जिले की प्रमुख सिंचाई योजना पांगरी से 4400 हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी। जिले की 112 करोड़ 50 लाख रुपये की सिंचाई परियोजना से 15 गाँव के लगभग 3200 किसान लाभान्वित होंगे। जल संसाधन विभाग द्वारा 44 तालाब संचालित किये जा रहे हैं। ग्रामीणों को जल संरचनाओं की सफाई कार्य के महत्व के बारे में बताया गया।

### क्या है जल गंगा संवर्धन अभियान

यह प्रदेशव्यापी अभियान खासतौर से गर्मी के मौसम में 30 जून तक, यानी 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा। पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसें बचेंगी। मध्यप्रदेश सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है।

### क्यों जरूरी है संवर्धन अभियान

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एमपी में प्रदेश सरकार पंचायत स्तर पर तालाबों के निर्माण, वन्य जीवों के लिए वन क्षेत्र और प्राणी उद्यानों में जल संरचनाओं के पुनर्विकास के कार्य किए जा रहे। अभियान के 90 दिनों में प्रदेश की 90 लघु एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया । नदियों में जलीय जीवों को पुनर्स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने के साथ ही, लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 50 हजार नए खेत-तालाब बनाए।

### बनाए जाएंगे एक हजार नए तालाब

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 1000 नए तालाबों का निर्माण कर रहा है। साथ ही, प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वॉटर शेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। नदियों की जल धाराओं को जीवित रखने के लिए गेबियन संरचना, ट्रेंच, पौध-रोपण, चेकडैम और तालाब निर्माण पर जोर दिया गया है। नर्मदा परिक्रमा पथ का चिन्हांकन कर जल संरक्षण एवं पौध-रोपण की कार्य योजना तैयार की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी चौपाल आयोजित हो रहीं हैं। स्थानीय लोगों को जल संरचनाओं के रख-रखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के दिखने लगे परिणाम

### चंबल की नहर में जंगल सफाई और चोई हटाने का कार्य

चम्बल नहर प्रणाली की अम्बाह शाखा द्वारा नहर में जंगल सफाई और चोई हटाने का कार्य किया गया। सफाई कार्य में विभागीय मैदानी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया। जल की महत्ता और स्रोतों के संरक्षण पर जोर देते हुए धरोहर को बचाने के लिये जागरूक किया। निश्चित रूप से अच्छा काम है। नहर की सफाई होते रहना चाहिए।



### झाबुआ में कुए की सफाई एवं गहरीकरण

झाबुआ जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं के साफ-सफाई और गहरीकरण के कार्य लगातार किये जा रहे हैं। जन-अभियान परिषद के नेतृत्व में पेटलावद की आदर्श ग्राम पंचायत असालिया में सामूहिक श्रमदान के माध्यम से कुएँ की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया गया। लगातार काम से कुएँ के जल-स्तर में सुधार और जल संरक्षण को बल मिलेगा।

### मुलताई में मां ताप्ती नदी तट की सफाई

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगरपालिका परिषद मुलताई में माँ ताप्ती नदी तट के सफाई अभियान की शुरूआत की गयी। नगर परिषद नारायणगढ़ में पेयजल प्याऊ लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी।

### शहडोल में कलेक्टर के साथ श्रमदान

शहडोल में जल गंगा संवर्धन अभियान में एक नया नारा जन-सामान्य के बीच गढ़ा गया है। यह नारा है आप पानी बचाओ, पानी आपको बचायेगा। इसके लिये सरकार और समाज, दोनों को मिलकर जल के महत्व को समझना होगा। जन-सामान्य को बताया जा रहा है कि जल जीवन का अभिन्न अंग है। इसके बिना न तो कृषि संभव है और न ही उद्योग।

## जलदूत.. जल मित्र और अमृत मित्र तैयार



**भोपाल**

नगरीय निकायों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि जल संरचनाओं में मिलने वाले गंदे पानी के नालों को स्वच्छ भारत मिशन-2.0 के अंतर्गत लिक्विड बेस्ट मैनेजमेंट परियोजना के माध्यम से डायवर्सन के बाद शोधित कर जल संरचनाओं में छोड़ा जाये।

पेयजल सुविधा के लिये शहर के मुख्य स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की जाये। नगरीय क्षेत्र की कॉलोनी में रैन-वॉटर हॉर्वेस्टिंग प्रणाली को स्थापित किया जाये। घरों और सार्वजनिक स्थानों पर उपयोग किये जा रहे पानी के अपव्यय को रोकने के लिये लीकेज सुधारने की व्यवस्था की जाये। नगरीय निकायों को उक्त निर्देशों के साथ हरित क्षेत्र (ग्रीन बेल्ट) बनाये जाने के लिये भी कहा गया है। जल संरचनाओं के गहरीकरण के दौरान निकलने वाली मिट्टी को किसानों को दिये जाने के लिये कहा गया है। प्रत्येक नगरीय निकाय को जलदूत, जल मित्र और अमृत मित्र तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। नगरीय निकायों द्वारा कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिये माय भारत पोर्टल का उपयोग किया जायेगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 1000 नए तालाबों का निर्माण कर रहा है। साथ ही, प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वॉटर शेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं।

नदियों की जल धाराओं को जीवित रखने के लिए गेबियन संरचना, ट्रेंच, पौध-रोपण, चेकडैम और तालाब निर्माण पर जोर दिया गया है। नर्मदा परिक्रमा पथ का चिन्हांकन कर जल संरक्षण एवं पौध-रोपण की कार्य योजना तैयार की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी चौपाल आयोजित हो रहीं हैं। स्थानीय लोगों को जल संरचनाओं के रख-रखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा राज्य के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव खुद इस काम में इंट्रेस्ट ले रहे हैं। वे चाहते कि राज्य में हर एक खेत में पानी और घर में पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध है। आज मध्यप्रदेश एक खुशहाल और संपन्न राज्य कहलाने लगा है।

**प्रयास** राज्य के हर एक जिले में जल स्त्रोतों को संवारा जा रहा

# प्रदेश के सभी जिलों में मिले अपार जन सहयोग से हो रहे हैं जल संरक्षण कार्य

**भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान की राज्य स्तरीय शुरूआत की गई है। जन सहयोग के साथ-साथ प्रशासनिक अमला भी इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जल संरक्षण और जल संवर्धन के कार्यों में अपार जन सहयोग मिल रहा है।

### जल संवाद एवं श्रमदान

रीवा जिले के इटौरा ग्राम की भेड़ौरा नदी के पुनर्जीवन के उद्देश्य से जल संवाद आयोजित किया गया। संवाद में जल संरक्षण के महत्व के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने भेड़ौरा नदी को आदर्श नदी के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। अब नदी पर प्रतिदिन श्रमदान हो रहा है। नदी की सफाई और गहरीकरण के कार्य को पूरी लगन के साथ किया जा रहा है।

**तालाब के गहरीकरण के लिए श्रमदान:** मंदसौर जिले में तालाबों, नदी और पुरानी बावड़ी को चिन्हित किया गया है। जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को पानी चौपाल में जल के महत्व और दिन पर दिन बढ़ते जल संकट के बारे में जानकारी दी। पौध-रोपण के लिये अभी से तैयारी करने की समझाइश दी गई। ग्राम रोज्या में तालाब की सफाई और गहरीकरण के लिये ग्रामीणों ने श्रमदान किया।



### संवारी जा रही अमरावती नदी

बुरहानपुर जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं बारिश के पानी को सहेजने के लिये चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत छोटे-छोटे प्रयासों से कार्यों को गति दी जा रही है। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के संचालन के लिये कार्य योजना तैयार की गई है। शहर की अमरावती नदी पर जन भागीदारी से सफाई का कार्य शुरू हुआ। नदी के किनारे जमी हरी काई और झाड़ियों को हटाया गया। कचरे को ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से उचित स्थान पर पहुंचाया गया। शहरी क्षेत्र में मोहल्लों में पानी चौपाल लगाई गई।

### आर्दश ग्राम खजुरिया बीना में जल चौपाल

देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जागरूकता के कार्यक्रम गांव-गांव में किये जा रहे है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था ने खजुरिया बीना में जल चौपाल ग्रामीणों की उपस्थिति में लगायी। ग्रामीणों को जल संरचनाओं की सफाई और गहरीकरण के संबंध में जानकारी दी गई। समिति के सदस्यों ने खेतों में पहुँचकर स्वयं के खर्चे पर बनाये गये तालाबों का अवलोकन किया। ग्रामीणों को व्यापक पौध-रोपण की अभी से तैयारी करने की समझाइश दी गई। ग्रामीणों ने गांव में पानी की बर्बादी पर पूरी तरह से रोक लगाने की शपथ ली।

## महिलाओं ने जल संरक्षण का दिया संदेश

छिंदवाड़ा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में नवदुर्गा महिला मंडल द्वारा जल कलश यात्रा निकाली गई। जल यात्रा में महिलाओं ने पानी के महत्व से जुड़े नारे लगाये और जल संरक्षण की शपथ ली। जिले के परासिया विकासखंड के पर्यटन स्थल देवरानी दाई की घटामाली नदी में श्रमदान कर कचरा एवं पॉलीथिन की सफाई की गई। महिलाओं ने सार्वजनिक मंदिर प्रांगण को भी साफ किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भोई की जन्मस्थली डुगरिया तितरा में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिले में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिये दीवार लेखन का कार्य भी पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है।

### बोरी बांध निर्माण

धार जिले के विकासखंडा मनावर के ग्राम देवरा में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये सामुहिक श्रमदान किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर 60 बोरियों का बोरी बांध बनाया। ग्राम देवरा के स्कूल फलिये के पास बहते पानी को रोकने के लिये 25 से अधिक ग्रामीणों ने श्रमदान किया। श्रमदान में नवांकुर संस्था के पदाधिकारी भी शामिल हुए। ग्रामीणों को बताया गया कि गांव में मौजूद कुएँ, बावड़ी, स्टॉप डेम और तालाब आदि की नियमित सफाई की और जल स्त्रोतों उसके महत्व के बारे में समझाइश दी गई।





### अभियान के दौरान विशेष दिनों पर आयोजन

जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान गंगा दशहरा 5 जून को नगरीय निकायों में प्रसिद्ध लोक कलाकार की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। बट सावित्री पूर्णिमा के अवसर पर जल संरचनाओं के आसपास पौध-रोपण का कार्य भी किया जायेगा। इस दिन मातृ शक्ति को वृक्षों के लाभ से परिचित कराते हुए प्रकृति और पौध-संरक्षण की शपथ दिलायी जाएगी। विक्रमोत्सव-2025 में 30 जून को जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन होगा।

D-19003/25

## ईको की जांच के लिए 11वीं मंजिल पर जा रहा था डायलिसिस का मरीज

# हमीदिया अस्पताल की लिफ्ट में मरीज से वार्ड ब्वॉय ने की मारपीट, हाथ की अंगुली तोड़ डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल की लिफ्ट में वार्ड ब्वॉय द्वारा मरीज से मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट में मरीज के हाथ अंगुली टूटी है। दरअसल डायलिसिस मरीज को ईको की जांच के लिए 11 वें फ्लोर पर जाना था। इसलिए वह फर्स्ट फ्लोर से लिफ्ट में चढ़ा था। वार्ड ब्वॉय ने यह कहते हुए उसकी पिटाई लगा दी कि यह लिफ्ट मरीजों के लिए नहीं है, बल्कि स्टाफ के लिए है। कोहेफिजा पुलिस ने हमीदिया अस्पताल के वार्ड ब्वॉय के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**वार्ड ब्वॉय बोला लिफ्ट स्टाफ के लिए है**



भाई के साथ थाने पहुंचा पीड़ित | आरोपी वार्ड ब्वॉय ने धमकी भी दी

### जांच के लिए ग्यारहवें फ्लोर पर जाना था

पुलिस के अनुसार जेपी नगर गौतम नगर निवासी जितेन्द्र अहिरवार (34) तबीयत खराब होने के कारण कोई काम नहीं करते है। वह घर पर ही रहते हैं। विगत 9 अप्रैल की सुबह करीब 8 बजे वह हमीदिया अस्पताल इलाज कराने पहुंचे। वह ए-ब्लॉक के तीसरे फ्लोर पर डॉ. प्रवीण सक्सेना के पास गए। उनके पर्चे पर ईको की जांच, एक्स-रे और ईसीजी की जांच लिखी थी। जितेन्द्र ने फर्स्ट फ्लोर पर आकर एक्सरे की जांच कराई। इसके बाद दोपहर करीब एक बजे ईको की जांच कराने फर्स्ट फ्लोर से ग्यारहवें फ्लोर पर जाने के लिए लिफ्ट में चढ़े। उसी दौरान वार्ड ब्वॉय कन्हैया मिला और कहने लगा कि लिफ्ट में कैसे चढ़ गए। जितेन्द्र ने कहा कि मेरी दोनों किडनी खराब हैं। डायलिसिस मरीज हूं। इस वजह से लिफ्ट से जा रहा हूं। वार्ड ब्वाय ने कहा कि लिफ्ट तेरे लिए नहीं है, यह स्टाफ के लिए है। फरियादी जितेन्द्र का कहना है कि वार्ड ब्वाय कन्हैया ने उसे धमकी दी कि पुलिस में रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर दूंगा। घटना के बाद जितेन्द्र अपने भाई मनोज के साथ कोहेफिजा थाने पहुंचा और आरोपी वार्ड ब्वॉय के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस का कहना है कि फरियादी की अंगुली में फ्रेक्चर हुआ है।



**4 माह** की डेडलाइन में पूरा करना होगा काम
ट्रैफिक जाम लगने से हो रही परेशानी

# करोंद से निशातपुरा फाटक तक चार माह में बनेंगे 70 पिलर्स, हटेंगे बैरिकेड्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करोंद चौराहे से निशातपुरा फाटक तक चल रहे मेट्रो के काम की वजह से यहां जाम के हालात बन रहे हैं, लोगों को वाहन निकालने में दिक्कत हो रही है। रहवासियों शिकायतों के बाद खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को जिला प्रशासन, मेट्रो रेल कॉरपोरेशन, नगर निगम और पुलिस अफसरों के साथ क्षेत्र का दौरा किया और 4 माह की डेडलाइन में मेट्रो पिलर्स का काम पूरा करने की हिदायत दी।

करोंद से निशातपुरा फाटक तक 70 मेट्रो पिलर्स बनाया जाना हैं। इन पिलर्स का काम पूरा होते ही मेट्रो कंपनी को बैरिकेड्स हटाना होंगे, जिससे लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिल सके। बता दें कि कंपनी को अगले ढाई साल में यहां पर मेट्रो लाइन का काम पूरा करना है, जिसके बाद एम्स से करोंद चौराहे तक प्रस्तावित मेट्रो ऑरेंज लाइन का काम पूरा हो जाएगा।

### बैरिकेडिंग से रोजाना लग रहा जाम

*करोंद चौराहे से निशातपुरा फाटक तक ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है, जिसके चलते कई बार जाम की स्थिति पैदा होती है। जिसको देखते हुए मंत्री ने करोंद चौराहे से हाउसिंग बोर्ड सड़क किनारे डक्ट को हटाने के निर्देश दिए, जिससे वाहन चलाने के लिए अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध हो सके और ट्रैफिक दबाव कम हो। साथ ही सडक किनारे खड़े होकर व्यवसाय करने वालों को भी दूसरे स्थानों पर शिफ्ट करने की बात कही।*

## सीपीसी की लापरवाही आई सामने

# ननि की गोशाला में 1 दिन का चारा गायों को खिलाया जा रहा दो दिन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**1** निगम की लापरवाही से मर रही गाय | **2** नगर निगम का अमला नहीं चेता

### रोजाना सुबह-शाम दस क्विंटल चारा पहुंचाने का है एग्रीमेंट टेंडर

अरवलिया स्थित नगर निगम की गोशाला में भूख और बीमारी से गायों की मौत के बाद भी नगर निगम का अमला नहीं चेता है। गुरुवार को भी यहां कुछ बोरियों में ही रखे चारे को गायों को दिया गया, जबकि यहां रोजाना सुबह-शाम दस क्विंटल चारा पहुंचाने का एग्रीमेंट टेंडर में किया गया है। लेकिन गोशाला और कांजी हाउस में चारा नहीं पहुंचाया जा रहा है।

अब सवाल यह खड़ा होता है कि यदि रोजाना 10 क्विंटल चारा सुबह शाम पहुंचाया जा रहा है तो इतनी कम मात्रा में वहां चारा कैसे था। बुधवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर वीडियो पोस्ट किए थे, जिसमें पंद्रह गायों के मरने की जानकारी दी गई, हालांकि नायब तहसीलदार हुजूर संतोष दुबे मौके पर पहुंचे तो उन्होंने तीन गायों के मृत होने की पुष्टि की।



### गोशाला में कई गाय बीमार थी, कई मिली थी मृत

कई गाय वहां पर गंभीर बीमार मिलीं थीं। बुधवार को ही आनन-फानन में दो गाय के सैंपल पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं, जिससे उनके मरने की वजह का सही पता चल सके। हालांकि पीएम की रिपोर्ट अभी आई नहीं है। शाखा के प्रभारी समंदर शर्मा का कहना है कि पीएम की रिपोर्ट शनिवार तक आएगी।

### बोरवेल है, पर कर्मी नहीं पिलाते हैं पानी

अरवलिया में पीने के पानी के लिए ट्यूबवेल है, लेकिन कर्मचारी गायों को पीने का पानी तक पर्याप्त नहीं उपलब्ध करवाते। वर्तमान में तापमान 40 डिग्री से अधिक है। खुले मैदान में बांधी गाय पीने के पानी को तरस रही है, लेकिन अधिकारियों को यह इसलिए नजर नहीं आया, क्योंकि वह बीते एक महीने से गोशाला का निरीक्षण करने तक नहीं गए। नगर निगम की अरवलिया स्थित गोशाला जहां बीमार गायों को रखा जाता है, इसके साथ पांच अन्य कांजी हाउस भी हैं, जहां प्रति माह टेंडर के हिसाब से 40 लाख रुपए का चारा गायों के लिए पहुंचाया जाता है। बावजूद गायों को चारा नहीं दिया जा रहा। ऐसे में भूख से गायों की मौत होने की आशंका है।

***सेंसर से भोजन के बासी होने का भी चलेगा पता***

# भोजन में हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस ढूंढ लेगा हैंड बैंड

## एम्स को मिला खाद्य गुणवत्ता निगरानी के लिए हैंड बैंड पेटेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के आयुष विभाग के डॉक्टर दानिश जावेद ने एक ऐसा हैंड बैंड बनाया है, जो भोजन में हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस व अन्य दूषित पद्धार्थों की तुरंत पहचान कर लेगा। स्मार्ट वॉच की तरह कलाई पर पहना जाने वाला हैंड बैंड में डिप-स्ट्रिंग सेंसर लगाया गया है, जो भोजन के संपर्क में आने पर हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस पहचान कर सकता है।

### विजुअल और वाइब्रेशन अलर्ट सिस्टम से लैस

*हैंड बैंड में गैस सेंसर भी है, जो भोजन की गंध का विश्लेषण कर उसके खराब होने की स्थिति का आकलन करता है। इस उपकरण में विजुअल और वाइब्रेशन अलर्ट सिस्टम शामिल हैं, जो उपयोगकर्ता को संभावित स्वास्थ्य जोखिमों की त्वरित सूचना देते हैं। इसके अलावा इसकी वाटरप्रूफ व कॉम्पैक्ट डिजाइन इसे रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त बनाती है।*

डीईओ ने जारी किया आदेश

# भोपाल जिले के सभी स्कूलों का समय बदला

## भोपाल जिले में तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी

जिले में कक्षा 8वीं तक के सभी विद्यालयों में दोपहर 12 बजे तक का समय निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल जिले में तापमान में लगातार वृद्धि को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के कक्षा 8वीं तक के सभी विद्यालयों में दोपहर 12 बजे तक का समय निर्धारित किया है। यह आदेश विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर के निर्देश पर 9 अप्रैल 2025 को जारी किया गया है। निर्देश में कहा गया है कि कक्षा 8वीं तक की किसी भी शाला में दोपहर 12 बजे के बाद अध्यापन कार्य नहीं होगा।




## सौ फीट दूर खड़ी थी ट्रेन, दमकलों ने काबू पाया

# रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में आग, सैकड़ों पौधे झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर जोन-2 में रेल ट्रैक किनारे झाड़ियों में आग लग गई। गुरुवार दोपहर में आग लगी, जिसे दमकलों की मदद से काबू पाया जा सका। जिस जगह आग लगी, उससे करीब 100 फीट की दूरी पर ही ट्रेन खड़ी थी।

इधर, दाना पानी इलाके में भी ट्रांसफॉर्मर में लगी आग को बुझाया गया। आग लगने की वजह सामने नहीं आई है, लेकिन कोई जलती हुई वस्तु फेंकने से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।



### आग से कई पेड़ पूरी तरह से जल गए

*फायर ब्रिगेड अगर समय पर नहीं पहुंचती तो आग ज्यादा फैल सकती थी। इधर रेलवे ट्रैक के पास आग लगने की वजह से ट्रैक किनारे सैकड़ों पौधे झुलस गए। कई पेड़ तो पूरी तरह से जल गए। बता दें कि पिछले साल ही रेलवे ने रेल ट्रैक और गौतम नगर की मेन रोड किनारे बाउंड्री वॉल बनवाई थी। पिछले साल भी यहां पर आग लगी थी। शहर के गौतम नगर, रचना नगर से गुजरा यह मैन रेलवे ट्रैक है। जिस जगह आग लगी, वह भोपाल रेलवे स्टेशन से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच है।*

## इस्लामपुरा में शॉर्ट सर्किट से लगी आग एलपीजी सिलेंडर फटा

**भोपाल।** गुरुवार को पुराने शहर की तंग गलियों वाले इतवारा इलाके में एक मकान में आग लग गई। गनीमत ये रही कि जिस वक्त आग लगने से सिलेंडर फटा तब घर में कोई भी नहीं था। आग रात करीब सवा आठ बजे लगी। सूचना मिलते ही फतेहगढ़ और पुल बोगदा फायर स्टेशनों से चार दमकलें मौके पर पहुंची और डेढ़ घंटे में आग को काबू किया। इस्लामपुरा निवासी शाहवर खान ने बताया कि उनके घर के सामने वाले मकान से आग की लपटें निकलने लगीं। मकान में रखा गृहस्थी का सामान खाक हो गया।

## पुलिस रिमांड में आरोपी ने स्वीकार किया फर्जीवाड़ा

# दमोह के फर्जी डॉक्टर ने किया था प्रयागराज में चिकन ऑर्डर वाटसएप पर भेजी अपनी लोकेशन... पुलिस ने धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बहुचर्चित दमोह के मिशन अस्पताल के फर्जी डॉक्टर केस में कई नई चीजें निकलकर सामने आई हैं। दरअसल, पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के लिए 5 दिनों की रिमांड ली है, जहां पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि उसकी मेडिकल की डिग्रियां फर्जी हैं। यहां तक की उसने डिग्री पर फर्जी साइन भी किए हैं। आरोपी डॉक्टर ने भी स्वीकार किया है उसके कई दस्तावेज फर्जी हैं। पूछताछ में ये भी सामने आया है कि डॉक्टर चिकन खाने का शौकीन था और इसी शौक की वजह से वह पुलिस की गिरफ्त में भी आया।

दमोह एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि आरोपी डॉक्टर ने जो बयान दिया है, हम उसकी जानकारी जुटा रहे हैं। उसने बताया कि उसने सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया है, लेकिन साथ में एमडी और दूसरी डिग्रियों के फर्जी दस्तावेज बनवाया है। ये बात उसने खुद स्वीकार की है।



### आरोपी को प्रयागराज में ढूंढ रही थी पुलिस

*पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने बताया कि पुलिस टीम प्रयागराज में इसके बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही थी. उस समय पर हम कुछ ऐसे सुराग मिले थे, जिनके बारे में हमारी टीम पता लगा रही थी कि फर्जी डॉक्टर इस समय कहां है। इस बीच आरोपी ने चिकन शॉप पर एक फोन नंबर से संपर्क किया था और वहां अपनी लोकेशन वाट्सएप पर भेजी थी, हमें वो लोकेशन मिल गई और उसको ट्रेस करते हुए हमारी टीम घर पर पहुंच गई। पुलिस टीम ने शानदार काम करते हुए उसको दबोच लिया।*

### अस्पताल की कैथ लैब को किया सील

अस्पताल की उस लैब को गुरुवार को सील कर दिया गया, जहां गिरफ्तार 'फर्जी' हृदय रोग विशेषज्ञ नरेंद्र यादव उर्फ नरेंद्र जॉन कैम ने मरीजों का ऑपरेशन किया था। अधिकारी ने बताया कि पांच सरकारी चिकित्सकों की टीम ने लैब को सील कर दिया। वहीं, एसपी दमोह ने बताया कि पूछताछ में एक और फर्जीवाड़ा पता चला है कि आरोपी की डिग्री पर फर्जी हस्ताक्षर है, उसके पास पांडिचेरी यूनिवर्सिटी की साल 2013 की डिग्री है. वह फर्जी है। उसमें एक पूर्व राजनयिक के फर्जी हस्ताक्षर फर्जी है। ऐसे बहुत सबूत हैं, जिनसे फर्जीवाड़ा का पता चल रहा है।

ट्रांसपोर्टर ने की टोल टैक्स वृद्धि की आलोचना

# बोले-टोल टैक्स बढ़ने के एक ट्रक पर 8 से 10 हजार रुपए महीने का बढ़ेगा बोझ

तय नियम के अनुसार तो टोल टैक्स में 60 प्रतिशत की कटौती की जानी चाहिए थी, इसके उलट बढ़ोतरी की गई है

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मध्यप्रदेश सहित देशभर के राजमार्गों पर टोल टैक्स में बढ़ोतरी की है। इस फैसले की ट्रांसपोर्टरों ने आलोचना की है और इसे वापस लेने की मांग की है। उनका कहना है कि पहले से ही अधिक टोल वसूला जा रहा है और अब इसमें और बढ़ोतरी की जा रही है।

ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि स्थित यह उत्पन्न हो गई है कि डीजल और टोल टैक्स दोनों का समान खर्च होगा। इससे परिचालन लागत बढ़ेगी और महंगाई बढ़ेगी। इसे लेकर लोगों की कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिल रहा है। ट्रांसपोर्टर इसे जनता तथा खुद के अंतहीन आर्थिक बोझ बता रहे हैं।

## लगातार बढ़ते टोल टैक्स से परिचालन की लागत में इजाफा

नियमानुसार इन्हें अब केवल 40 प्रतिशत ही सड़कों के रखरखाव के लिए टोल टैक्स लेना चाहिए था। सभरवाल ने बताया कि इससे संबंधित उनके संगठन का एक मामला गुजरात हाईकोर्ट में चल रहा है। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर के अनुसार भारी भरकम टोल वसूली आम जनता और परिवहन क्षेत्र के लिए एक अंतहीन आर्थिक बोझ बन गई है।

## ट्रांसपोर्टरों से दी कड़ी प्रतिक्रिया, 10 हजार रुपए तक महीने का बोझ



पहले से ही इतने भयंकर टोल रेट हैं, जिससे मोटर मालिक ट्रांसपोर्टर परेशान हैं। राजमार्गों पर टोल टैक्स बढ़ने के प्रत्येक ट्रक पर 8 से 10 हजार रुपए महीने का बोझ बढ़ेगा। जिससे ट्रांसपोर्ट की कमर टूटेगी। इसके साथ ही परिचालन लागत तो बढ़ेगी ही साथ महंगाई भी बढ़ेगी।

**विजय कालरा**
ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट

### टोल टैक्स वृद्धि से बढ़ेगा आर्थिक बोझ



लोगों में एनएचएआई द्वारा टोल टैक्स में औसतन चार से पांच प्रतिशत का इजाफा करने को लेकर आक्रोश देखने है। ट्रांसपोर्टर इसे आर्थिक बोझ बता रहे हैं। सड़क निर्माण के लिए टोल वसूली अस्थाई प्रथा होनी चाहिए थी, लेकिन यह एक स्थायी शोषण प्रणाली के तौर पर विकसित हो गई है। लगातार बढ़ते टोल टैक्स से परिचालन लागत बढ़ती है, जिससे महंगाई में इजाफा होता है।

**हरीश डाबर**, मेंबर मैनेजिंग कमेटी,ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट

### टोल टैक्स जो 50 किलोमीटर के दायरे में आ रहे हैं उन्हें हटाया जाए



गलत नीतियों के कारण ट्रांसपोर्टर बर्बाद हो रहे है। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से अनुरोध है कि टोल टैक्स जो 50 किलोमीटर के दायरे में आ रहे हैं उनको हटवाएं।

**अशोक गुप्ता** असाटी , अध्यक्ष भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

## सड़कें 10 साल का समय कर चुकी पार

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सभरवाल ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों की अधिकतर टोल पहले से ही अधिक वसूली कर चुकी हैं। उनके अनुसार तय नियम के अनुसार तो टोल टैक्स में 60 प्रतिशत की कटौती की जानी चाहिए थी, जिसमें बढ़ोत्तरी की गई है। उनके अनुसार अधिकतर सड़कें 10 वर्ष की अवधि पार कर चुकी है। जबकि निर्माण, रखरखाव व हस्तांतरण बिल्ट आपरेट ट्रांसफर (बीओटी) आधार पर तय अधिकतम वसूली लक्ष्य को आठ वर्ष में ही पूरी कर चुकी है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से ये अभी भी पूरा टोल टैक्स वसूल रही है।

## टोल टैक्स वृद्धि का सीधा असर आम जनता पर



नेशनल हाईवे हो या फिर स्टेट हाइवे सभी पर टोल टैक्स वसूले जा रहे है, जब कि केंद्रीय मंत्रीनितिन गडकरी ने लोकसभा में अपने संबोधन में यह बात कही थी कि जो 50 किलोमीटर की दूरी पर है वह टोल टैक्स प्लाजा हटा दिए जाएंगे। परंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ। उल्टे टैक्स पर 5 से 10 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है जो कि आम जनता को महंगाई के बोझ में दबाने का काम करेंगी। ट्रक ऑपरेटर कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। टोल टैक्स बढ़ने से सीधा असर आम जनता पर असर पड़ेगा, जो कि अन्याय पूर्ण है।

**युवराज सिंह राय**, महासचिव, प्रदेश ट्रक ट्रांसपोर्ट एसो.मध्य प्रदेश

## सड़क पर चलने वाहन चालकों पर रहम करें



परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी जब से बने है तब से सड़कें बहुत अच्छी हो गई है। हम उनका धन्यवाद करते हैं और उनके ऋणी है कि जो ट्रकों और वाहनों का नुकसान सड़कों पर 70 साल से हो रहा था वह बंद हो गया। मौजूदा समय में जितने का डीजल लगता है उतने का टोल टैक्स लग रहा है। मध्यप्रदेश कई ऐसे रोड है जैसे भोपाल का बायपास, जिनके पैसे पूरे हुए सालों हो गए है,लेकिन रिन्यू प्रक्रिया के चलते सही से रख-रखाव नहीं हो पा रहा है और टैक्स पर टैक्स की वसूली हो रही है। अतः सरकार से अपील है कि सड़क पर चलने वाहन चालकों पर रहम करें। लोगों को मुफ्त की रेवड़ी बांटना बंद करें।

**जितेंद्रपाल सिंह गिल**, अध्यक्ष, भोपाल ट्रक ऑपरेटर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर

# नितिन गडकरी ने किया ऐलान, नया टोल सिस्टम 8-10 दिनों में होगा लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देशभर के लोगों के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि सरकार एक नया टोल सिस्टम लाने जा रही है, जिससे आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला बोझ कम होगा। उन्होंने कहा कि हम एक नई नीति ला रहे हैं, जो आम आदमी को राहत देगी। हम टोल वसूली की प्रक्रिया बदल रहे हैं। अभी इससे ज्यादा नहीं बता सकता, लेकिन मेरा मानना है कि इसका ऐलान अगले 8-10 दिनों में कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे यात्रियों पर आर्थिक बोझ कम होगा, जो लंबे समय से एक बड़ी चिंता बनी हुई है। इससे पहले भी उन्होंने पिछले महीने संसद में इस टोल नीति का जिक्र किया था। और बताया था कि सरकार इस सिस्टम को ज्यादा यूजर-फ्रेंडली बनाना चाहती है।


## कार्यालय थाना प्रभारी थाना ऐशबाग जिला भोपाल

फोन नं. 0755-2677353 E-Mail psaishbagh@gmail.com

जाहिर सूचना/पम्पलेट

**थाना ऐशबाग भोपाल गुम इंसान क्रमांक 27/2025**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26/03/25 को सूचक सुरेखा दिनेश बनकर पति दिनेश यशवंत बनकर उम्र 34 साल निवासी म.नं. 31 गली नं. 01 साई मंदिर के पास गोविंदपुरा सुदामा नगर ऐशबाग भोपाल द्वारा थाने पर आकर सूचना दिया कि उसका पति दिनेश यशवंत बनकर पिता यशवंत बनकर उम्र 40 साल नि. सदर दिनांक 25/03/25 को सुबह करीब 08.00 बजे बिना बताये कही चला गया है। जिसकी सूचना पर थाना ऐशबाग में गुम इंसान क्र. 27/2025 पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है।

अतः गुमशुदा दिनेश यशवंत बनकर पिता यशवंत बनकर उम्र 40 साल नि. म.नं. 31 गली नं. 01 साई मंदिर के पास गोविंदपुरा सुदामा नगर ऐशबाग भोपाल के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त होती है तो थाना ऐशबाग के दूरभाष क्रमांक 0755-2751761, 9479990521, 947990520, 7049106073 (जांचकर्ता) पर सूचित करने का कष्ट करें।

गुमशुदा का हुलियाः ऊँचाई लगभग 5 फिट 6 इंच, चेहरा लम्बा, रंग सांवला, गर्दन व दांय हाथ के अंगूठे पर तिल का निशान, बदन सामान्य, जो काले रंग की शर्ट नीले रंग की जींस पहने है। रंग सांवला, गर्दन व दांय हाथ के अंगूठे पर तिल का निशान, बदन सामान्य, जो काले रंग की शर्ट नीले रंग की जींस पहने है।

थाना प्रभारी
थाना ऐशबाग भोपाल

जी -11323/25 स्वच्छता ही सेवा


एस्पायरिंग इंजीनियर्स के लिए नई दिल्ली के द्वारका सेक्टर 12 में पेश

# आकाश एजुकेशनल का आकाश इनविक्टस कैंपस अल्टीमेट जेईई प्रिपरेशन प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

परीक्षा की तैयारी में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व के साथ आकाश इनविक्टस कैंपस, सेक्टर 12, द्वारका का शुभारंभ किया है। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिजाइन किया गया है। यह उच्च-स्तरीय, व्यक्तिगत, एआई आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यक्रम आईआईटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है।



## 1 लाख से ज्यादा छात्रों को मिली आईआईटी में सफलता

आकाश इन्विक्टस लगभग 500 सबसे अच्छे जेईई शिक्षक एक साथ लाता है, जो एक लाख से ज्यादा छात्रों को आईआईटी में सफलता दिलाने में मदद कर चुके हैं। 'आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एम एवं सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहाकि आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है। यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। ये प्रोग्राम दशकों के एक्सपीरियंस, एडवांस्ड टीचिंग मेथड्स और पर्सनलाइज्ड, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन एजुकेशन को टॉप-लेवल फैकल्टी के साथ जोड़ता है। पिछले कुछ वर्षों में, हमारे शिक्षकों ने लाखों छात्रों को शीर्ष आईआईटी में प्रवेश दिलाने में सफलता प्राप्त की है।

## कैंपस 13 आधुनिक कक्षाओं से सुसज्जित

'आकाश इन्विक्टस कैंपस' उन्नत शिक्षण अनुभव के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है। यह कैंपस 13 आधुनिक कक्षाओं से सुसज्जित है, जो केंद्रित और व्यक्तिगत जेईई तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती हैं। यह कैंपस दो शिफ्टों में 1,300 छात्रों को समायोजित करता है, जिससे उन्हें विश्व स्तरीय शिक्षा और सफलता के लिए सर्वोत्तम संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं। अपने विशाल और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ, इन्विक्टस कैंपस यह सुनिश्चित करता है कि छात्रों को सफलता प्राप्त करने के लिए सर्वोत्तम संसाधन उपलब्ध हों।

### छात्रों को क्यूआर कोड के साथ सम्मिलित अध्यायवार अभ्यास वर्कशीट प्रदान की

*अध्ययन सामग्री को पूरी तरह से नए तरीके से तैयार किया गया है, जिसमें संपूर्ण पाठ्यक्रम शामिल है और इसे उद्योग के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञों ने विकसित किया है। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण अध्ययन संसाधनों में नवाचार पर इसका विशेष ध्यान है। छात्रों को क्यूआर कोड के साथ सम्मिलित अध्याय-वार अभ्यास वर्कशीट प्रदान की जाएंगी, जो डिटेल्ड सॉल्यूशंस और स्टेप-बाय-स्टेप मार्किंग स्कीम हैं, इससे यह सुनिश्चित होता है कि छात्र न केवल जेईई की तैयारी में बल्कि स्कूल और बोर्ड परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।*


## कार्यालय नगर परिषद बागली जिला देवास म.प्र.

क्रमांक -/ जल प्रदाय / ई-टे./2025/273-274 बागली, दिनांक 04/04/2025

**द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर परिषद बागली के क्षेत्रान्तर्गत समस्त 15 वार्डो मे निजी नलकूपो से लगभग 01 से 20 कि.मी. परिवहन कर जलप्रदाय किए जाने हेतु ट्रेक्टर 5000 ली क्षमता एवं ट्रकलॉरी 24000, लीटर क्षमता किराये पर लिए जानें हेतु दरें वर्ष 2025-2026 (1 अप्रेल 25 से 31 मार्च 26) हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। टैंकर एवं लॉरी को निकाय द्वारा बताए गए स्थलों पर जलापूर्ति करना होगी। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट www.mpetenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | ऑनलाईन टेण्डर नं. | कार्यकानाम | अनुमानित लागत | अर्नेस्ट मनी | निविदाप्रपत्र मूंल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _414996 | प्रतिट्रेक्टर मय डीजल व ड्रायवर सहित (प्रति ट्रीप के मान से) टेंकर क्षमता 5000 लीटर से नगर में जलापूर्ति करना | 10.00 लाख आवश्यकता अनुसार | 10000/- | 2000 |
| 2 | 2025_UAD _414997 | ट्रकलॉरी क्षमता 24000 लीटर मय ड्रायवर, डीजल सहित नगर के (प्रति ट्रीप के मान से) समवेल में जल आपूर्ति करना। | 25.00 लाख आवश्यकता अनुसार | 18750/- | 5000 |

1- online Tender purchase start date : 08-04-2025 11:00
2- online Bid submission End date : 15-04-2025 5:30

नोट :- 1. टेंकर व लॉरी भरने हेतु पानी की आपूर्ति संबधित ठेकेदार को करना होगी एवं शासन से पेयजल की राशि प्राप्त होने के पश्चात ही ठेकेदार को भुगतान किया जावेगा।

(श्रीमती सीमा कमल यादव)
अध्यक्ष
नगर परिषद बागली

मुख्य नगर पालिकां अधिकारी
नगर परिषद बागली

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग विभाग (वि./ यां.) संभाग क्रं. 1
### शेड नं. 11-ए, बारह दपतर जवाहर चौक, भोपाल

web site: www.mppwd.gov.in email:- eepwdelecbpl@mp.nic.in

निविदा क्र. 01/तक / 2025-26 (प्रथम आमंत्रण) **निविदा सूचना** भोपाल, दिनांक 08/04/2025

म.प्र के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत टैक्सी परमीट वाहनों को मोबाइल लैब के लिए महिंद्रा बोलेरो कैंपर गोल्ड जेड एक्स ट्रक वाहन किराए पर उपलब्ध कराने का कार्य। केवल तीन वर्ष हेतु निम्न वाहन किराये पर लेने हेतु मुहरबंद निविदायें दिनांक 25/04/2025 समय दोपहर 5:00 बजे तक शासकीय स्पीड पोस्ट पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती है। वाहनों का विवरण इस प्रकार है :-

| स. क्र. | वाहन का प्रकार | वाहन की अनुमानित संख्या | शर्ते | स्वीकृत न्यूनतम दर | अवधि | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mahendra Bolero Camper Gold ZX Truck | 15 नग | 1. वाहन चालक सहित 2. पी.ओ.एल. रहित 3. जी.एस.टी. रहित 4. अन्य शर्ते निविदा के साथ संलग्न है। | रू. 27,900/- प्रति वाहन | तीन वर्ष हेतु | रू 1,50,66,000/- + 5% GST |

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में दिनांक 22/04/2025 समय दोपहर 3:00 बजे तक आवश्यक दस्तावेज के परीक्षण कराने के उपरांत निविदा प्रपत्र की लागत रू. 12,500/- मात्र (रू. बाहर हजार पाँच सौ मात्र) एम पी ऑनलाईन के माध्यम से शीर्ष 0059-01-800-0000 में जमा कर मूलः रसीद इस कार्यालय में आवेदन के साथ प्रस्तुत कर दिनांक 08/04/2025 से दिनांक 22/04/2025 तक दोपहर 12.30 से 3.00 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा के साथ रू. 1,50,660/- की अमानत राशि कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (वि. / यॉ.) संभाग क्र. 01 भोपाल, के नाम से बैंक एफ.डी.आर. अलग लिफाफे में कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग विभाग (वि./या) संभाग क्र. 1, शेड नं. 11-ए, बारह दपतर जवाहर चौक, भोपाल प्रस्तुत करना होगा।

अमानत राशि के अभाव में निविदा नही खोली जावेगी। डाक विलंब से निविदा प्राप्त होने की जबाबदारी विभाग की नही होगी। दिनांक 28/04/2025 दोपहर 12:30 बजे को उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा संबधी विस्तृत विवरण व शर्तों में किसी भी कार्यालयीन दिवस में दिनांक 22/04/2025 तक कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (वि./यॉ.)
संभाग क्रं. 01, भोपाल

G-11341/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "


## बिजनेस न्यूज

### भोपाल उत्सव मेला समिति ने किया भगवान महावीर के चल समारोह का स्वागत



भोपाल। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित चल समारोह का भोपाल उत्सव मेला समिति ने इतवारा चैराहा, दिगंबर जैन मंदिर कस्तूरबा नगर, बालाजी फ्रेक्चर हास्पिटल सोनागिरी में स्वागत किया। समिति के महामंत्री अजय सोगानी ने बताया कि समिति प्रतिवर्ष समारोह में शामिल धर्मावलंबियों का श्रीफल से स्वागत करती है। समारोह में भगवानदास सबनानी विधायक, प्रवीण सक्सेना एवं मेला समिति के उपाध्यक्ष राजेश जैन, महामंत्री सुनील जैनाविन, अजय सोगानी,अनुपम अग्रवाल, कमल जैन श्वेता डॉ. महेश गुप्ता वीरेंद्र कुमार जैन आदि उपस्थित रहे।

### पीएनबी हाफ मैराथन 2025 ने साइबर रन में नागरिकों को किया एकजुट

**नई दिल्ली** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी ने नई दिल्ली में फिटनेस, सामुदायिक भावना और साइबर जागरूकता के एक शक्तिशाली गठजोड़ के साथ पहले पीएनबी हाफ मैराथन 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में मैराथन का औपचारिक रूप से शुभारंभ एम. नागराजू (सचिव, डीएफएस),अशोक चंद्र (पीएनबी एमडी एवं सीईओ), समीर बंसल (पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस एमडी एवं सीईओ), गिरीश कौसगी (पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड एमडी एवं सीईओ) और पीएनबी के शीर्ष प्रबंधन द्वारा किया गया। डीएफएस सचिव ने साइबर अपराध के बारे में जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय प्रयासों के लिए पीएनबी की भी सराहना की। अशोक चंद्र, एमडी एवं सीईओ, पीएनबी ने कहा कि पीएनबी जब राष्ट्र को अपनी निरंतर सेवा के 131 वर्ष पूर्ण कर रहा है तब 'साइबर रन' वित्तीय कल्याण और डिजिटल सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में मेडिसेवा ने पेश किया स्मार्ट मेडिसिन कियोस्क




**भोपाल।** मेडिसेवा ने स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में मेडिवेंड लांच किया है एक आयओटी आधारित स्वचालित दवा वितरण कियोस्क। भारत के सबसे बड़े स्टार्टअप इवेंट के रूप में पहचान बना चुका यह आयोजन 3 से 5 अप्रैल तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया , जिसमें 3,000 से अधिक स्टार्टअप्स, 1,000 से ज्यादा निवेशक और 10,000 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। यह आयोजन भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के भविष्य को आकार देने वाले अत्याधुनिक समाधान प्रस्तुत कर रहा है। मध्य प्रदेश स्थित मेडिसेवा एक ऐसी कंपनी है जो ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। यह कंपनी अपने खास फिजिटल मॉडल के जरिए लोगों की मदद कर रही है।

### रियलमी नार्जो 80प्रो और 80एक्स लांच

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने अपने दो स्मार्टफोन नार्जो 80 प्रो 5जी और रियलमी नार्जो 80एक्स 5जी को लांच किया। ये दोनों ही फोन अपनी कैटेगरी में परफॉर्मेंस के मायने में उम्दा है। इनमें रियलमी की खास टेक्नोलॉजी और दमदार फीचर्स का शानदार मेल हैं, वो भी बेहतरीन और किफायती कीमतों पर। रियलमी नार्जो 80एक्स 5जी के 6 प्लस128 स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 13,999 रुपए (500 रुपए ऑफर और 1500 रुपए कूपन ऑफर के बाद 11,999 रुपए) और 8 प्लस128 स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 14,999 रुपए (500 रुपए ऑफर और 1500 रुपए कूपन ऑफर के बाद 12,999 रुपए है। लिमिटेड पीरियड सेल 11 अप्रैल से शुरू होगी।

भोपाल दुग्ध संघ के सीईओ आरपीएस तिवारी बोले

# सांची के पेड़े में फफूंद! क्वालिटी मैन्युफैक्चरिंग फॉल्ट नहीं

उठा-पटक के दौरान होने वाली हैंडलिंग डैमेज की बदौलत लगती है फफूंद

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सांची पेड़े में फफूंद क्वालिटी मैन्युफैक्चरिंग फाल्ट नहीं है बल्कि यह हैंडलिंग फाल्ट है। जिसकी पुष्टि क्वालिटी कंट्रोल टीम ने खुद की।



दरअसल जब सांची पेड़ा पैकेट में पैक किया जाता है तो नाइट्रोजन गैस भरकर उसके ऊपर पतली पन्नी को हैंडलिंग से चिपकाई जाती है, लेकिन एजेंसियों और परिवहनकर्ताओं द्वार जब पैकेट सांची पार्लरों को डिलेवर किया जाता है उस दौरान डिस्ट्रीब्यूटर्स और पार्लर संचालक द्वारा किए जाने वाले उठा-पटक के दौरान पैकेट में की गई हैंडलिंग डैमेट हो जाती है। इस दरमियान अगर एक बाल के बराबर भी छिद्र हो गया तो नाइट्रोजन गैस धीरे -धीरे निकल जाती है और फिर फंफूद लग जाती है। पेड़ का पैकेट अगर पूरी तरह ओपन हो या फिर पूर्णतः पैक्ड हो तो फफूंद नहीं लगती। पेड़े में फफूंद गुणवत्ता की वजह से नहीं, बल्कि उठा-पटक के दरमियान हैंडलिंग फाल्ट की बदौलत लगती है। यह बात भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के सीईओ आरपीएस तिवारी ने कही। तिवारी ने बताया कि बीते दिन सांची के पेड़े में फफूंद मिलने का मामला सामने आया है।

### ग्राहक जागरूक बनें

*शिकायत पहुंचते ही भोपाल दुग्ध संघ के क्वालिटी कंट्रोल शाखा की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। दुग्ध संघ की जांच टीम के सुदीप तिवारी ने पाया कि पैकेट में लीकेज होने के कारण फफूंद लगी। इसके बावजूद क्वालिटी कंट्रोल टीम को निर्देशित किया गया है सांची पेड़ों के जब पैकिंग हो जाए तो टीम एक बार जांच अवश्य करें। उल्लेखनीय है कि सांची के पेड़ों की पैकिंग पारदर्शी पन्नी में होती है और पैकेट में स्पष्ट उल्लेख होता है कि उपयोग करने से पहले अवश्य देखें, अतः ग्राहक जागरूक बनें।*

### ऊषा इंटरनेशनल एरोस्टाइल कूलर आकर्षक डिजाइन में

**नई दिल्ली।** ऊषा इंटरनेशनल ने एरोस्टाइल कूलर की सबसे ज्यादा बिकने वाली रेंज के साथ ऐसे उत्पाद लाने की विरासत को जारी रखे हुए है जो अभिनव, अत्याधुनिक तकनीक, आकर्षक डिजाइन और सहज कार्यक्षमता से लैस हों। सुविधाओं से समझौता नहीं करने वाले लोगों के लिए डिज़ाइन किए गए ये दोनों कूलर उच्च प्रदर्शन वाले हनीकॉम्ब कूलिंग पैड, एकीकृत बर्फ कक्ष और अधिकतम शीतलन दक्षता के लिए शॉवर वितरण प्रणाली से सुसज्जित हैं।

## निसान ने लांच किया हैट्रिक कार्निवल

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

निसान मोटर इंडिया ने हैट्रिक कार्निवल लांच करने का ऐलान किया है। देशभर में 1 से 30 अप्रैल, 2025 तक चलने वाले इस कार्निवल के तहत लिमिटेड टाइम ऑफर्स प्रदान किए जाएंगे।

इससे देशभर में मौजूदा क्रिकेट सीजन और नवरात्रि के उत्सव का उत्साह बढ़ेगा। इस अनूठे कैंपेन के तहत बेनिफिट्स की हैट्रिक का मौका मिलेगा। इस ऑफर के साथ यह निसान की गाड़ियों को घर लाने का सबसे शानदार मौका है। इस घोषणा को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए निसान मोटर इंडिया डिजिटल, प्रिंट, इन्फ्लूएंसर आउटरीच और ओओएच के माध्यम से 360 डिग्री मीडिया कैंपेन भी चला रही है। इससे अधिकतम विजिबिलिटी एवं एंगेजमेंट सुनिश्चित होगा। हैट्रिक कार्निवल के साथ निसान क्रिकेट सीजन के उत्साह को अपने कस्टमर टचपॉइंट्स तक लेकर आई है। निसान के सभी डीलरशिप पर क्रिकेट थीम वाली गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वित्त वर्ष 2024-25 में 99,000 से ज्यादा यूनिट्स की कुल बिक्री के साथ निसान मोटर इंडिया भारत में लगातार एवं सतत विकास के रास्ते पर बढ़ रही है।

### एचईसी इंफ्रा को मिला 15.68 करोड़ ऑर्डर

**अहमदाबाद।** एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड जो कि एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट्स में अग्रणी है को एम/एस ब्रिक्सो इंडस्ट्रीज से 15.68 करोड़ रुपए का वर्क ऑर्डर प्राप्त हुआ है। इस अनुबंध के तहत एचईसी इंफ्रा प्लांट विद्युतीकरण और 66केवी लाइन के शिफ्टिंग के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग जैसी पूरी ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) जिम्मेदारियां निभाएगी। यह परियोजना 12 महीनों के भीतर पूर्ण की जानी है। यह नया ऑर्डर कंपनी की ऑर्डर बुक को और भी मजबूत करता है और औद्योगिक विद्युतीकरण के क्षेत्र में इसके बढ़ते पोर्टफोलियो में एक और उपलब्धि जोड़ता है।


## Office of Executive Engineer P.W.D Division Neemuch (M.P.)

Tender Notice

NIT No 01/2025-26 (NEEMUCH) Date 04-04-2025

Online Tender for mentioned below are being invited. The Tender have been uploaded on the e-Procurement system of Public Works Department on the Portal www.mpeproc.gov.in Tender details are as below:-

| S. no. | Tender No. | District | Nature of Work | Name of Work | Call No. | (PAC) (Rs. in lack) | EMD | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB _415067_1 | NEEMUCH | ROAD WORK | STRENGTHENING WORK ATHAN KIRPURA ROAD L- 0.10 KM WITH MINOR BRIDGE AND JANAKPUR APPROCH ROAD L. 0.500 KM AND JHANTLA PATAN ROAD LENGTH 1.00 KM TOTAL LENGTH 1.60 KM | 1 | 269.57 | 269570 | 06 Months In.R.S. |
| 2 | 2025_PWDRB _415185_ 1 | NEEMUCH | ROAD WORK | JAWAD BUS STAND TO ITI CHHATRAWAS ROAD LENGTH 1.50 KM WITH ELECTRICAL WORK | 1 | 242.49 | 242490 | 06 Months In.R.S. |
| 3 | 2025_PWDRB _415122_1 | NEEMUCH | ROAD WORK | STRENTHING WORK ON LODKIYA ATRIMATA AMLIKHEDA BHADWAMATA SARVANIYA MAHARAJ JAWAD ATHANA DHANI SARODA CHADOLE ROAD AATRIMATA TO LODKIYA LENGHT 1.10 KM | 1 | 324.43 | 324430 | 08 Months In.R.S. |
| 4 | 2025_PWDRB _415146_1 | NEEMUCH | ROAD WORK | STRENTHING WORK ON DEVRI KHAWASA KUKDESHWAR TAMOTI ROAD VIA RATANPURA PAWATI HANUMANTYA ROAD (KUKDESHWAR TO TAMOTI ROAD 1.30 KM ) | 1 | 401.88 | 401880 | 10 Months In.R.S. |
| 5 | 2025_PWDRB _415148_1 | NEEMUCH | ROAD WORK | STRENTHING WORK ON KUKDESHWAR AMAD ROAD, MANASA ARNIYA MALI BORDIYA KALA ROAD, AMAD APROCH ROAD LENGTH 1.60 KM | 1 | 268.10 | 268100 | 06 Months In.R.S. |
| 6 | 2025_ PWDRB _414706_1 | NEEMUCH | ROAD WORK | STRENTHING WORK ON KUNDALIYA CHIKLI GUJRAT ROAD 0.10 KM | 1 | 112.11 | 112110 | 04 Months In.R.S. |
| 7 | 2025_PWDRB _414707_1 | NEEMUCH | ROAD WORK | STRENGTHENING WORK ON MODI UPREDA SARWANIYA MAHARAJ ROAD LENGTH 1.50 KM | 1 | 124.82 | 124820 | 06 Months In.R.S. |
| 8 | 2025_ PWDRB _414708_1 | NEEMUCH | ROAD WORK | STRENGTHENING WORK ON REVLI DEVLI BISALWAS SONIGARA ROAD NEEMUCH CHITAKHEDA JEERAN MALHARGARH ROAD LENGTH 1.2 KM | 1 | 98.12 | 981200 | 04 Months In.R.S. |
| 9 | 2024 _PWDRB _359626_6 | NEEMUCH | Vehicle | Hiring Of 01 nos Bolerea or Equivalent vehicle for use of Govt work to Executive Engineer PWD Division Neemuch | 7 | 3.00 | 6000 | 12 Months In.R.S. |
| 10 | 2025 _PWDRB _415152_1 | NEEMUCH | Maintance | SRMOW WORK FOR NRB AND SUB DIVISION MANASA DIVISION NEEMUCH | 1 | 19.99 | 40000 | 12 Months In.R.S. |
| 11 | 2025_PWDRB _415153_1 | NEEMUCH | Maintance | SRMOW WORK FOR NRB AT JAWAD, RATANGARH JAAT SINGOLI SECTION SUB DIVISION NEEMUCH DIVISION NEEMUCH | 1 | 19.99 | 40000 | 12 Months In.R.S. |

The document can only be purchased online from the above website after making online payment. The last date & time for purchase of Document on line is Dated 21/04/2025 up to 17:30 PM. Detailed NIT and other details can be viewed on the above mentioned portal. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper. All Document Received Only Online.

EXECUTIVE ENGINEER
PWD DIVISION NEEMUCH

जी - 11352/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड राणा का प्रत्यर्पण बड़ी जीत

मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत लाया जाना आतंकवाद के खिलाफ सरकार की बड़ी कामयाबी है। 17 वर्ष पहले भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई पाकिस्तानी आतंकी हमले से दहल उठी थी। इस हमले की साजिश रचने में मुख्य भूमिका निभाने वाले आतंकी मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को लाने में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की अथक भूमिका रही, जिसमें अमेरिकी न्याय विभाग ने मदद की। यह भारत व अमेरिका के बीच मधुर संबंध के चलते भी संभव हो सका है। अमेरिकी न्याय प्रक्रिया इतनी पेचीदी है, जिसमें किसी आरोपित का प्रत्यर्पण कराना किसी टेढ़ी खीर से कम नहीं है। राणा द्वारा इस कदम को रोकने के लिए सभी कानूनी रास्ते आजमाने के बाद आखिरकार प्रत्यर्पण हो पाया। अपीलीय अदालत में कई मुकदमे दायर हुए। सबमें राणा को निराशा मिली। भारत ने पुख्ता सुबूत पेश किए थे। पाकिस्तान में जन्मे कनाडाई नागरिक राणा पर डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी और नामित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हरकत-उल-जिहादी इस्लामी (एचयूजेआई) के गुर्गों के साथ-साथ अन्य पाकिस्तान स्थित सह-षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर 2008 में मुंबई में विनाशकारी आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप है। राणा का पाकिस्तान में 1961 में जन्म हुआ था और उसने पाकिस्तान आर्मी मेडिकल कोर में सेवाएं दी थीं और इसके बाद वह 1990 के दशक में कनाडा चला गया, जहां उसे नागरिकता दी गई। भारत सरकार द्वारा गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत एलईटी और एचयूजेआई दोनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। राणा के प्रत्यर्पण के जरिये भारत ने पाकिस्तान समेत अन्य षड्यंत्रकारियों को दो टूक संदेश दिया है कि भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधि को अंजाम देकर कोई बच नहीं सकता है। न दुनिया के किसी देश में छुपा रह सकता है। देर सबेर भारत के खिलाफ आतंकवाद करने वाले सभी गुनहगारों को भारतीय कानून के कटघरे में आना ही होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ सख्त है और अपनी सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर आ गया है। मुंबई में हुए 26/11 के आतंकवादी हमलों के पाकिस्तान में छिपे अन्य साजिशकर्ताओं को भी बेनकाब करने की जरूरत है। राणा को लेकर पाकिस्तान ने बेशक पल्ला झाड़ा हो कि वह कनाडाई नागरिक है, उससे उसका कुछ लेना देना नहीं है, जबकि भारत सबूत दे चुका है कि मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट शामिल था, उसके आतंकी शामिल थे, कसाब पाक नागरिक था। आतंकी कसाब को मुंबई की एक अदालत ने मुंबई हमलों में उसकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया और 2012 में उसे फांसी दे दी गई थी। पाकिस्तान भारत में आतंकवाद के आरोपियों को कितना भी बचाने की कोशिश करे, भारत बख्शने वाला नहीं है। भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम रहेगा। राणा को न्याय का सामना करने के लिए भारत लाए जाने से भारत में आतंकवाद के अंत की यात्रा आगे बढ़ी है। वर्ष 2008 में 26 नवंबर को मुंबई में हुआ आतंकी हमला हमारे देश के लिए एक भयावह घटना थी, जिसमें 166 लोगों की मौत हो गई थी। राणा से भारत में पूछताछ में यह बात सामने आएगी कि हेडली ने उसे क्या बताया था। उस साजिश से जुड़े हर व्यक्ति को न्यायिक प्रक्रिया का सामना करना ही होगा। भारत में आतंक के गुनहगारों को मृत्युदंड जैसी कठोर सजा मिलनी ही चाहिए। देश में इस पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है।



मुद्रा योजना 10 वर्ष
सतीश सिंह

# मुद्रा लोन से युवा हुए आत्मनिर्भर

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना 10 वर्षों में यह योजना सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने में सफल रही है। वित्तीय समावेशन के सपने को साकार करने, रोजगार सृजन, लोगों को आत्मनिर्भर बनाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और देश में समावेशी विकास सुनिश्चित करने में भी इसने अहम भूमिका निभाई है। इसके तहत 52 करोड़ से अधिक ऋण खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 40 करोड़ खाते शिशु श्रेणी के हैं, 10 करोड़ खाते किशोर श्रेणी के हैं, जबकि 2% या 2 करोड़ खाते तरुण एवं तरुण प्लस श्रेणी के हैं। इस योजना की मदद से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में वित्त वर्ष 2024 के दौरान एमएसएमई क्षेत्र में 27.25 लाख करोड़ रुपए की क्रेडिट वृद्धि हुई।

आठ अप्रैल 2025 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए। इन 10 वर्षों में यह योजना सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने में सफल रही है। वित्तीय समावेशन के सपने को साकार करने, रोजगार सृजन, लोगों को आत्मनिर्भर बनाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और देश में समावेशी विकास सुनिश्चित करने में भी इसने अहम भूमिका निभाई है। इसके तहत अब तक 52 करोड़ से अधिक ऋण खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 78% या 40 करोड़ खाते शिशु श्रेणी के हैं, 20 प्रतिशत या 10 करोड़ खाते किशोर श्रेणी के हैं, जबकि 2% या 2 करोड़ खाते तरुण एवं तरुण प्लस श्रेणी के हैं।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में देश में लगभग 136 करोड़ की आबादी थी, जिसमें से 15 से 29 साल के युवाओं की संख्या लगभग 37 करोड़ थी और अब तक 52 करोड़ से अधिक लोग मुद्रा ऋण की मदद से बैंक से जुड़े चुके हैं। दिलचस्प यह है कि शिशु श्रेणी की हिस्सेदारी 2016 में 93% थी, जो वित्त वर्ष 2025 के अंत तक घटकर 51.7% रह गई,जबकि किशोर श्रेणी की 2016 में हिस्सेदारी 5.9% थी, जो वित्त वर्ष 2025 के अंत तक बढ़कर 44.7% हो गई। ये आंकड़े बताते हैं कि विगत सालों में शिशु श्रेणी के प्रमोटरों के कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण को 4 श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। शिशु श्रेणी के तहत 50,000 रुपए तक ऋण दिया जाता है, जबकि किशोर श्रेणी के अंतर्गत 50,000 रुपए से 5 लाख रुपए तक का ऋण, तरुण श्रेणी के तहत 5 लाख से 10 लाख रुपए तक का ऋण और तरुण प्लस श्रेणी के अंतर्गत 10 लाख से 20 लाख रुपए तक ऋण दिया जाता है। तरुण प्लस के तहत उन्हीं ऋणियों को उधारी दी जाती है, जिन्होंने पहले लोन लिया था और उसे सफलतापूर्वक चुका दिया था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण की राशि को क्रेडिट गारंटी फंड फॉर माइक्रो यूनिट्स द्वारा गारंटी दी जाती है अर्थात अगर किसी भी वजह से ऋणी ऋण नहीं चुका पाता है तो कुछ शर्तों को पूरा करने पर यह संस्थान बकाये ऋण का भुगतान कर देती है, जिससे बैंक का वितीय बोझ नहीं बढ़ता है। विगत 10 सालों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का दायरा काफी बढ़ा है। शुरुआत में मुद्रा लोन सिर्फ विनिर्माण, ट्रेडिंग, सेवा आदि क्षेत्रों के लिए ही दी जाती थी। बाद में इसके तहत कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को भी शामिल किया गया। वित्त वर्ष 2018 से ट्रैक्टर और पावर टिलर खरीदने के लिए भी यह लोन दिया जाने लगा। वहीं, वित्त वर्ष 2019 से मोटरसाइकिल के वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए भी यह ऋण दिया जाने लगा। मुद्रा ऋण लेने में किसी को परेशानी नहीं हो, इस के लिए बैंक शाखाओं में हैंड-होल्डिंग की व्यवस्था की गई है, ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, ऋण आवेदन पत्र का सरलीकरण किया गया है, सरकारी बैंकों में मुद्रा लोन की मोनीटरिंग हेतु नोडल ऑफिसर की पदस्थापना की गई है। मुद्रा योजना के तहत ऋण के वितरण की समय-समय पर सरकार द्वारा समीक्षा की जा रही है, किस्तों के भुगतान के दौरान शिशु श्रेणी के पात्र ऋणियों को दिए जाने वाले 2% के इंटरेस्टसवमेंशन का विस्तार सभी श्रेणियों के लोन के



लिए किया गया है आदि। इन प्रावधानों से मुद्रा ऋण लेने वाले लोगों की संख्या में निरंतर तेजी आ रही है। वर्ष 2025 में लोन का औसत टिकट साइज 1.02 लाख रुपए है, जो वित्त वर्ष 2023 में 72,000 रुपए और वर्ष 2016 में 38,000 रुपए था। अपने आगाज के पहले 3 वर्षों में इस योजना के तहत दी गई उधारी की वृद्धि दर 33% थी, जिसमें कोरोना काल में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन फिर से वित्त वर्ष 2023 में इसमें 36% की वृद्धि देखी गई। इस तरह, आमजन को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना लगातार काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना समावेशी विकास को बढ़ाने में भी महती भूमिका निभा रहा है,क्योंकि 52 करोड़ लोगों में से आधे अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग से हैं। इतना ही नहीं, 68% लाभार्थी महिलाएं हैं और 11% लाभार्थी अल्पसंख्यक वर्ग से आते हैं। ये आंकड़े कहते हैं कि इस योजना की सहायता से समाज में आर्थिक समानता आ रही है। साथ ही इससे देश के विकास में सभी वर्गों की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो रही है। इस योजना के सन्दर्भ में यदि राज्यवार महिला उद्यमियों की बात करें तो सबसे अधिक 4.2 करोड़ महिलाएं बिहार से हैं, जबकि तमिलनाडु में महिलाओं की संख्या 4 करोड़ और पश्चिम बंगाल में 3.7 करोड़ है। सबसे अधिक महिला खाताधारक यानी 79% महाराष्ट्र से हैं, जबकि 75% के साथ झारखंड दूसरे स्थान पर है और 73% के साथ पश्चिम बंगाल तीसरे स्थान पर काबिज है। यह भी दिलचस्प है कि विगत 9 वर्षों में प्रति महिला ऋणी को दी गई उधारी की राशि 62,679 रुपए से बढ़कर 95,269 रुपए हो गई है, जो बताता है कि सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उदयम पोर्टल में पंजीकृत उद्यमियों के विश्लेषण से पता चलता है कि कुल पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) में महिलाओं की संख्या 20.5% है, जबकि रोजगार सृजन में महिलाओं की हिस्सेदारी 18.73% है। महिला उद्यमी के अगुआई में सबसे अधिक 15.7% रोजगार सृजन तमिलनाडू में हुआ है, जबकि महाराष्ट्र में 12.1% एवं कर्नाटक और उत्तरप्रदेश में 8% रोजगार सृजित हुआ है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना राज्यों के बीच समानता लाने का भी काम कर रही है। इस योजना की मदद से हाल में पिछड़े राज्यों में ज्यादा लोग बैंक से जुड़े हैं और वहाँ ज्यादा ऋण वितरित किया गया है, जिससे वहां के लोग आत्मनिर्भर हुए हैं और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है। उदाहरण के तौर पर बिहार में ऋण वितरण 5.67% से बढ़कर 10.97% हो गया है, जबकि उत्तरप्रदेश में ऋण वितरण 9.27% से बढ़कर 11.30% हो गया है और ओड़िसा में यह 4.24% से बढ़कर 4.51% हो गया है। मुद्रा लोन के तहत विकसित राज्य गुजरात में विगत 5 सालों यानी वित्त वर्ष 2020-21 से नवंबर 2024 तक के बीच कुल 70,051 करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृत हुए और विगत 4 वर्षों में ऋण वितरण में 74% की वृद्धि हुई है। इस योजना के तहत गुजरात में नवंबर 2024 तक 1.95 करोड़ मुद्रा ऋण के खाते खोले गए हैं, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 के नवंबर महीने तक इस योजना के तहत 80.5 लाख खाते खोले गए थे। इस योजना की मदद से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) में वित्त वर्ष 2024 के दौरान एमएसएमई क्षेत्र में 27.25 लाख करोड़ रुपए की क्रेडिट वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2025 में इसके बढ़कर 30 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बीते 10 सालों में वितीय समावेशन के सपने को साकार करने, महिलाओं को सशक्त बनाने, समावेशी विकास के सपने को सच करने, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, वंचित तबके को मुख्यधारा में लाने, डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने आदि में महती भूमिका निभाई है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## प्रौद्योगिकी
डॉ. मोनिका शर्मा



# तकनीकी तरक्की की सकारात्मक स्थितियां

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने अग्रणी प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तत्परता के मामले में दुनियाभर के देशों की रैंकिंग जारी की है। समय के साथ विस्तार पाते तकनीकी जुड़ाव के मानस और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की सहजता के सकारात्मक विस्तार को सामने रखती इस सूची में भारत को शीर्ष देशों में स्थान मिला है। यूएन की यह ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि ब्राजील, चीन, भारत और फिलीपींस ने तकनीक के लिए तत्परता दिखाने में शानदार प्रदर्शन किया है। ज्ञात हो कि प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट-2025 की यह रैंकिंग संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) द्वारा जारी की गई है। ध्यातव्य है कि वैश्विक स्तर पर की गई रैंकिंग से जुड़ी फेहरिस्त में 170 देशों को शामिल किया गया था। इनमें भारत 36वें स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि हमारे देश की रैंकिंग में पिछले वर्षों की तुलना में सुधार हुआ है। तकनीकी विकास की धुरी पर दौड़ते वैश्विक परिवेश में नई और महत्वपूर्ण तकनीकों को अपनाने में तत्परता दिखाने का यह पहलू सचमुच अहम है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास की इस रिपोर्ट में भी कहा गया है कि विकासशील देशों को तेजी से बदल रही तकनीक और एआई के लिए तैयार रहने की आवश्यक है। डिजिटल इंडिया की मुहिम से लेकर आमजन के झुकाव तक, भारत में प्रौद्योगिकी और नवाचार को लेकर सकारात्मक परिवेश स्पष्ट दिखता है। दूरदराज़ के गांवों में खेती किसानी में ड्रोन के इस्तेमाल हो रहा है। बीते दिनों महाकुंभ के आयोजन में तकनीक के उपयोग को पूरी दुनिया ने देखा है। कमोबेश हर क्षेत्र ने तकनीक से मिली सुविधाओं और बदलावों को जीवन का हिस्सा बनाया जा रहा है। स्पष्ट है कि भारत ने इस मोर्चे पर तरक्की की है। असल में इस रैंकिंग में जिन संकेतकों को आधार बनाकर यह रैंकिंग तय की गई है, उन क्षेत्रों में तो भारत ने विशेष उन्नति की है। इनमें आईसीटी परिनियोजन यानी वैश्विक स्तर पर सूचना साझा करने के लिए इंटरनेट, वायरलेस नेटवर्क एवं मीडिया एप्लिकेशन जैसे डिजिटल उपकरणों और संचार तकनीकों के इस्तेमाल, स्किल, रिसर्च एंड डेवलपमेंट एवं विकास गतिविधियां, औद्योगिक क्षमता और वित्तीय क्षेत्र तक शामिल हैं। ध्यातव्य है कि वर्ष 2022 की इस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 48वीं थी। इस वर्ष हमारा देश 36वें स्थान पर है। रेखांकित करने योग्य पहलू यह है कि आईसीटी के मामले में भारत की रैंकिंग 99वीं और वित्त के मामले में 70वीं है। स्किल के मामले में हमारा देश 113वें स्थान पर हैं। वहीं रिसर्च एंड डेवलपमेंट में भारत को तीसरा और औद्योगिक क्षमता के मामले में दसवां स्थान मिला है। साथ ही एआई तकनीक के मामले में भारत को बेहतर काम करने वाला देश माना गया है। 2020 में महिलाओं में डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश में 'वी थिंक डिजिटल' नाम के कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी।

फेसबुक, राष्ट्रीय महिला आयोग और साइबर पीस फाउंडेशन के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को संचालित किया गया था। इसके अंतर्गत सात राज्यों में 1 लाख महिलाओं को डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिए जाने की योजना थी। ऐसी बहुत सी योजनाओं और कार्यक्रमों के चलते आज तकनीक के क्षेत्र में महिलाओं का भी महत्वपूर्ण दखल है। नेशनल सेंटर फॉर वूमेन एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की बीते साल की रिपोर्ट कहती है कि मौजूदा समय में टेक उद्योग के कार्यबल में महिलाओं की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। साथ ही पिछले पांच वर्षों में तकनीक की दुनिया में महिलाओं की संख्या में 5 फीसदी की बढ़ोतरी भी हुई है। वर्ष 2022 की हुरून इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक निजी क्षेत्र की नामी-गिरामी 500 तकनीकी कंपनियों में 11.6 लाख महिलाएं कार्यरत हैं। साथ ही हमारे यहां 'स्टेम' शिक्षा में भी बेटियों को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। 'स्टेम' का अर्थ साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स विषयों से है। आंकड़े बताते हैं कि 1980 में देश में इंजीनियरिंग की सभी डिग्रियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से भी कम की थी। ऐसे में तकनीकी संसार में बढ़ते महिला श्रमबल ने स्त्रियों के लिए नए मार्ग खोले हैं। विचारणीय है कि बड़ी आबादी और परम्परागत परिवेश वाले हमारे देश में बदलाव की यह दिशा यकीनन सराहनीय है। आम जीवन में भी तकनीकी सुविधाओं से मिली सहजता स्पष्ट दिखती है। हालांकि इस मामले में भारत को लंबा रास्ता तय करना है। एआई यानि आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस में निवेश के मामले में अमेरिका सबसे आगे है। विकासशील देशों में चीन दूसरे और भारत 10वें स्थान पर है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
## दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।


# सुख-दुख आते-जाते रहेंगे पर भक्ति न छोड़ें



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## सटाका




## आज की पाती


### ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफार्म से उठता विश्वास

पिछले दिनों ग्रेटर नोएडा की एक शुद्ध शाकाहारी युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था, जिसके द्वारा उसने अपने साथ घटित हुई एक गंभीर घटना का वर्णन करते हुए बताया कि नवरात्री के दौरान एक रेस्टोरेंट से स्विगी ऐप के माध्यम से वेज बिरयानी ऑर्डर किया था, लेकिन डिलीवरी के बाद उसे यह जानकर गहरा आघात लगा कि उसके पास जो बिरयानी पहुंची है, वह वेज नहीं बल्कि नॉनवेज थी। युवती ने रोते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जो उसकी आस्था और भावनाओं पर हुए आघात को दर्शाता है। यद्यपि युवती की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। प्रशासन की ओर से रेस्टोरेंट व फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। *- रीमा शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# पोप फ्रांसिस से मिले महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला


ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला ने बुधवार को वेटिकन में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। यह भेंट शाही जोड़े की इटली यात्रा और उनके विवाह की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई। पोप 'निमोनिया' के संक्रमण की वजह से गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। संक्रमण से उबरने के बाद यह उनकी पहली निजी भेंट थी। वेटिकन के अनुसार, पोप ने महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला को विवाह की वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। चार्ल्स और कैमिला ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बर्मिंघम पैलेस ने एक बयान में कहा 'महामहिम इस बात से बहुत प्रसन्न हैं कि उन्हें पोप से व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं प्राप्त करने का अवसर मिला।' इससे पहले, बुधवार को चार्ल्स ने इटली की संसद को संबोधित किया और यूरोप में युद्ध के समय साझा मूल्यों की रक्षा के लिए ब्रिटेन और इटली के बीच मजबूत संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया। अपने संबोधन में उन्होंने यूक्रेन को समर्थन देने, नाटो में सहयोग करने का उल्लेख किया। महाराजा चार्ल्स ने जलवायु परिवर्तन पर भी अपनी बात रखी और आगाह करते हुए कहा कि वह 16 वर्ष पहले दिए गए अपने ही भाषण की चेतावनियों को आज सच होता देख रहे हैं।



## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे

महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3 .8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।



## ट्रेंड

### हिंदुओं को अधिकार



1500 साल पुराने मंदिरों पर भी अगर वक्फ दावा करता है, तो क्या हिंदुओं को इतना भी अधिकार नहीं है कि वे अपना पक्ष रख सकें? नए वक्फ कानून में यह अधिकार देने का काम किया गया है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### महावीर जयंती की बधाई



भगवान महावीर की पावन जयंती की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं! संपूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और करुणा का मार्ग दिखाने वाले भगवान महावीर जी की शिक्षाएं समूची मानवता के लिए पाथेय हैं।
-योगीनाथ योगी, सीएम, उप्र

### कांग्रेस का रवैया छलावापूर्ण



कांग्रेस पार्टी के अहमदाबाद अधिवेशन में ख़ासकर भाजपा के 'छद्म राष्ट्रवाद' व दलित एवं पिछड़े बहुजन-हित को लेकर प्रस्ताव छलावा व अविश्वसनीयता से ग्रस्त। इन वर्गों के आरक्षण व अन्य कल्याणकारी संवैधानिक गारंटियों को लागू करने में कांग्रेस का रवैया हमेशा छलावापूर्ण।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### जियो और जीने दो



आज जब देश और दुनियाभर में हिंसक सोच को बढ़ावा देने वाले नकारात्मक तत्व सक्रिय हैं, ऐसे में भगवान महावीर स्वामी जी का 'जियो और जीने दो' का सिद्धांत सबके लिए संजीवनी बन सकता है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

## अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# 'जश्न-ए-ईद': बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब की सदस्यों ने मनाई ईद की खुशियां



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

बेगम्स आफ भोपाल क्लब द्वारा भव्य ईद मिलन पार्टी जश्न-ए-ईद का आयोजन होटल अनंता बाय वृंदावन में बेहद शानदार अंदाज में किया गया। इस समारोह में ईद की रौनक गजलों, गीतों, स्वादिष्ट पकवानों और पारंपरिक ईदी की मिठास के साथ बिखरी। इस विशेष अवसर पर मशहूर गजल गायकों तारिक अंसारी और भारती विश्वनाथन ने अपनी सुरमयी आवाज से शाम को यादगार बना दिया। वहीं, प्रसिद्ध लाइफ कोच और मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. अमीर मेहबूब ने अवसर पर आधारित रोचक क्विज और गेम्स के जरिए मेहमानों का मनोरंजन किया और उन्हें जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश भी दिया।



गंगा-जमुनी तहजीब के रंग में रंगा नजर आया 'जश्न-ए-ईद' सेलिब्रेशन





### एक-दूजे के गले लग दी ईद की बधाई

ईद के पारंपरिक व्यंजनों से सजी दावत में केसर फिरनी, छोले भटूरे, दही बड़े और हरे भरे कबाब जैसे व्यंजन खास आकर्षण रहे। ईदी की परंपरा निभाते हुए सभी ने एक-दूसरे को प्रेम और भाईचारे का पैगाम देते हुए ईदी दी। इस आयोजन में करीब 75 महिलाएं पारंपरिक परिधानों में इस जश्न में शामिल हुईं और क्लब की गतिविधियों से जुड़े कुछ विशेष पुरुष अतिथियों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।


---

रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी में रिदम 2के 25 और एमसीयू प्रतिभा 2025 वार्षिकोत्सव आयोजित

# घाना, कांगो देश के स्टूडेंट्स ने किया रैंप वॉक एमसीयू स्टूडेंट्स ने दिखाया नृत्य का जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

गुरुवार को रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी और माखनलाल यूनिवर्सिटी में वार्षिक उत्सव के अंतर्गत स्टूडेंटस ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। जहां रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी में रिदम 2के 25 के अंतर्गत एफ्रो फेस्ट फैशन शो का आयोजन हुआ तो वहीं माखनलाल में प्रतिभा 2025 का भव्य समापन।





### अफ्रीकी महाद्वीप के 250 विद्यार्थियों ने किया रैंप वॉक



रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी के वार्षिकोत्सव रिदम के दूसरे दिन विशेष रूप से फैशन शो का आयोजन किया गया। जिसमें अफ्रीकी महाद्वीप के लगभग 15 देशों के 250 विद्यार्थीयों ने भाग लिया। यह आयोजन वैश्विक संस्कृति के संगम और विविधता को दर्शाने वाला रहा। इसकी थीम रेट्रो रिवाइवल रही जिसमें घाना, नाइजीरिया, कांगो जैसे देश की संस्कृति और आधुनिकता के सम्मिश्रण को स्टेज पर रैंप वॉक के जरिए स्टूडेंट्स ने पेश किया।

## एमसीयू में सृजनात्मकता वक्तृत्व-कौशल का प्रदर्शन

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता, वक्तृत्व-कौशल और खेल प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।





### 19 सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हुईं आयोजित

इस वर्ष प्रतिभा 2025 में कुल 19 सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग द्वारा रंगोली, प्रोडक्शन विभाग द्वारा एकल नृत्य, एकल गायन (पाश्चात्य), मीडिया प्रबंधन विभाग द्वारा एकल वाद्य, जनसंचार विभाग द्वारा एकल गायन (भारतीय) और एकल अभिनय, विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा क्विज़ प्रतियोगिता, संचार शोध विभाग द्वारा स्वरचित काव्यपाठ का आयोजन गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में हुआ। जबकि पत्रकारिता विभाग द्वारा फीचर लेखन, निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

---




# भविष्य के लिए नैतिक और मजबूत नेतृत्व तैयार करने की आवश्यकता

भारतीय शिक्षण मंडल का स्थापना दिवस समारोह आयोजित, डॉ. सुहास पेडनेकर ने दिया वक्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

हमें विश्व का नेतृत्व करने वाले विकसित भारत का निर्माण करना है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए हमें बहुआयामी, ज्ञान, नैतिक मूल्यों और चारित्रिक गुणों से युक्त सकारात्मक युवा नेतृत्व तैयार करने की आवश्यकता है। यह बात भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुंबई विवि के पूर्व कुलगुरु डॉ सुहास पेडनेकर ने कही। वे रवीन्द्र भवन में आयोजित भारतीय शिक्षण मंडल के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे।

### संस्कृत और संस्कृति से संस्कार आते हैं

डॉ सुहास पेडनेकर ने कहा कि संस्कृत और संस्कृति से संस्कार आते हैं। संस्कारों से समृद्धि आनी चाहिए और समृद्धि मूल्य आधारित होना चाहिए। हमारी समृद्धि ऐसी होनी चाहिए जिससे हम समाज को कुछ दे सकें और राष्ट्र का पुनर्निमाण कर सकें।

### इस समय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है भारत

कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ भरत शरण सिंह ने कहा कि भारत इस समय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। 2047 में विकसित भारत बनाना है। हमारे विकास का मॉडल भारतीय होना चाहिए क्योंकि हमें भारत को भारत ही बनाना है।

### भारत में ज्ञान की महान परंपरा रही है

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि भारत में ज्ञान की महान परंपरा रही है। देश में आचार्य चाणक्य जैसे महान गुरु और आदि गुरु शंकराचार्य जैसे महान शिष्य इस देश में हुए हैं। पश्चिमी शिक्षा व्यवस्था ने भारत में शिक्षा को केवल नौकरी पाने का माध्यम बना दिया।

---

# पक्षियों के लिए एकांत पार्क में पेड़ों पर सकोरे बांधे, सराहनीय पहल

## समिति अध्यक्ष दवे ने आमजन को किया सकोरे का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

सृष्टि शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति भोपाल द्वारा गुरुवार को महावीर जयंती पर समिति के अध्यक्ष महेंद्र दवे और सदस्यों ने पक्षियों के लिए पेड़ों पर सकोरे बांधे और उन्हें जल से भरा। अध्यक्ष दवे ने बताया कि राजधानी में अप्रैल माह में तापमान में अत्याधिक वृद्धि और भीषण गर्मी के कारण पशु पक्षी अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकते हैं इसके दृष्टिगत ही समिति के सदस्यों द्वारा राजधानी के एकांत पार्क में पेड़ों पर सकोरे लगाकर उनमें जल भरा गया है, साथ ही समिति के सदस्य प्रतिदिन इन सकोरे में जल भरना सुनिश्चित करेंगे।

समिति द्वारा आमजन को सकोरों का वितरण कर नागरिकों और आमजन से आग्रह किया गया है कि पशुओं के लिए अपने घरों के बाहर पानी का पात्र तथा पक्षियों के लिए घरों की छत पर तथा बालकनी में पानी भरकर सकोरे लटकाएं। इस अवसर पर कश्मीर समाज के अध्यक्ष सौरभ रैना, राकेश मालवीय, डॉ. सुनील राय,



डॉ.राकेश राय, प्रकाश मोटवानी, कैलाश गुप्ता, हरीश शर्मा, पंडित बीके शर्मा, राजेंद्र पुरोहित, राजेश हिरवे, उमाशंकर तिवारी, मनोज राठौर, आशीष शुक्ला, शंकर खेमचंदानी, संतोष मालवीय, शिवम जुनेजा सहित समिति के अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

---

वार्षिक सम्मेलन का सफल आयोजन

# बीआईएस ने किया साझेदार संस्थानों के लिए सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने एमओयू साझेदार संस्थानों के बीआईएस मानकीकरण अध्यक्षों और नोडल फैकल्टी के लिए वार्षिक सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। जिसमें 58 एमओयू साझेदार संस्थानों से 63 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता बीआईएस के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी (आईएएस) ने की, जिनके साथ वरिष्ठ बीआईएस अधिकारी राजीव शर्मा (उप महानिदेशक, मानकीकरण) और चंदन बहल (उप महानिदेशक, अंतरराष्ट्रीय संबंध) उपस्थित रहे।




**63 प्रतिनिधियों ने लिया भाग**

इस सम्मेलन का उद्देश्य बीआईएस और एमओयू साझेदार संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करना और मानकीकरण की पारिस्थितिकी में शैक्षणिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।

---

## तीन बार से अधिक उपयोग नहीं करें समोसे-कचौड़ी का तेल

**भोपाल।** समोसे-कचौड़ी और अन्य खाद्य सामग्री के तेल को तीन बार से अधिक उपयोग नहीं किया जाए। नूडल्स, पास्ता, ड्राई मंचुरियन और अन्य फास्ट फूड में अजीनोमोटो, विनेगर और कृत्रिम रंगों का उपयोग सीमित मात्रा में ही किया जाए, जिससे आम लोगों की सेहत को दुरुस्त रखा जा सके। यह हिदायत गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शिवाजी नगर हॉकर्स कॉर्नर के संचालकों को दी। खाद्य सुरक्षा विभाग आम लोगों की सेहत को लेकर जागरुकता अभियान चला रहा है। जिसके लिए हॉकर्स कॉर्नर के संचालकों को साफ-सफाई और अन्य जरूरी उपाए करने की हिदायत दी जा रही है। गुरुवार को शिवाजी नगर स्थित हॉकर्स कॉर्नर के संचालकों को विशेष ट्रेनिंग दी गई।

---

# आरएनटीयू के छात्र का मलेशिया में अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप के लिए चयन

*बीबीए छात्र आकाश कुमार को यूसीएसआई यूनिवर्सिटी, मलेशिया के ग्लोबल इमर्शन प्रोग्राम में मिला हिस्सा लेने का अवसर*



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय के बीबीए विभाग के छात्र आकाश कुमार का चयन यूसीएसआई यूनिवर्सिटी, मलेशिया द्वारा आयोजित ग्लोबल इमर्शन प्रोग्राम झ्र इंटरनेशनल इंटर्नशिप इमर्शन प्रोग्राम के लिए हुआ है। यह कार्यक्रम 6 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग के ऑफिसर अभिषेक श्रोती ने बताया कि प्लेसमेंट सेल निरंतर छात्रों को वैश्विक मंचों पर उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि छात्रों को समय-समय पर इंटरनेशनल इंटर्नशिप, एक्सचेंज प्रोग्राम्स एवं ट्रेनिंग्स की जानकारी देकर उन्हें मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है।

**6 से 11 तक कार्यक्रम**

---

# गौहर महल में आज से होगा बाग उत्सव प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

गौहर महल में शुक्रवार से बाग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 20 अप्रैल तक चलने वाले इस उत्सव में हजारों वर्षों से पीढ़ी दर पीढ़ी बाग प्रिंट कला को सहेज कर रखने वाले बाग प्रिंट के मास्टर शिल्पकार उमर फारूक खत्री बाग प्रिंट से तैयार डिजाइनर कलेक्शन प्रदर्शित करेंगे। यह प्रदर्शनी बाघ प्रिंट के वास्तविक जनक और शिल्प गुरु (गोल्ड मेडलिस्ट) स्व. इस्माइल सुलेमान खत्री की स्मृति में आयोजित की जा रही है। शिल्पकार उमर फारुक ने बताया कि प्रदर्शनी में उनके द्वारा तैयार बाग प्रिंट की एक्सक्लूसिव कलेक्शन को प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही प्रदर्शनी में बाग प्रिंट की साड़ियों, सूट, ड्रेस मटेरियल, स्टोल्स, बेडशीट्स सहित विभिन्न कलर्स का खूबसूरत कॉम्बिनेशन देखने को मिलेगा। प्रदर्शनी में पहली बार बाग प्रिंट के ड्रेस मटेरियल्स और सूट्स पर इंडिगो ब्लॉक्स देखने को मिलेंगी। प्रदर्शनी दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक खुली रहेगी।

---

दुष्यंत संग्रहालय में 'अहं ब्रह्मास्मि' कहानी पाठ और चर्चा आयोजित

# 'उन्नीस साल के युवक के परिपक्व मन से निकली है अभिव्यक्ति'

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

दुष्यंत संग्रहालय में कथाकार और रामायण केंद्र के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश श्रीवास्तव के प्रसिद्ध कहानी संग्रह 'अहं ब्रह्मास्मि' में संकलित चौदह कहानियों का पाठ और उन पर विशद चर्चा वरिष्ठ कवि लेखक संतोष चौबे की अध्यक्षता और कथाकार मुकेश वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में गोकुल सोनी, सुरेश पटवा, सारस्वत अतिथि रामराव बामनकर एवं चंद्रभान राही मंचासीन रहे।

### कथारस के अवयवों पर की चर्चा



कहानीकार डॉक्टर राजेश श्रीवास्तव ने लेखकीय वक्तव्य में बताया कि उन्होंने नौ वर्ष की उम्र से कहानी लिखना आरम्भ किया था। तब उनकी कहानियां कुछ चुनिंदा प्रमुख पत्रिकाओं में छपती थीं। इस संग्रह में शामिल कहानियां युवामन की अभिव्यक्तियां हैं। वहीं संतोष चौबे ने कथारस के अवयवों की चर्चा करते हुए राजेश श्रीवास्तव की कहानियों को एक उन्नीस साल के युवक के परिपक्व मन से निकली रचनाएं बताया।

### मनोविज्ञान का भरपूर उपयोग हुआ है इन कहानियों में

मुकेश वर्मा ने कहा कि इस संग्रह की कहानियों को 1980-90 के दशक के समय में देखा जाना चाहिए। इनकी चित्रा कहानी एक मनोवैज्ञानिक कहानी है, इसे विवाहेतर संबंधी कथानक से अलहदा ऊहापोह में फंसे एक पुरुष की कहानी है। जो बीबी से अलग रखी प्रेमिका को नहीं छोड़ना चाहता है। गोकुल सोनी ने मजदूर का दर्शन कहानी का पाठ पर समीक्षात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि इन कहानियों में रोचकता, पठनीयता है। विलक्षण शिल्प के साथ रची गई इन कहानियों में मनोविज्ञान का भरपूर उपयोग हुआ है।

मां नर्मदा के दर्शन कर भगवान शिव का किया अभिषेक

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देखा माण्डू का पुरातात्विक वैभव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माण्डू में रात्रि विश्राम के बाद गुरूवार सुबह माण्डू के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक वैभव को देखा। उन्होंने जहाज महल और हिंडोला महल का भ्रमण किया। पुरातत्व विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें इन ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में जानकारी दी गई।

डॉ. यादव ने विगत रात्रि माण्डू में लाइट एंड साउंड शो के ज़रिए यहां के इतिहास को देखा। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, विधायक धरमपुरी कालूसिंह ठाकुर तथा अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## जहाज महल और हिंडोला महल का किया भ्रमण



## अद्भुत खुरासानी इमली का प्राचीन वृक्ष देखा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माण्डू में खुरासानी कोठी परिसर में लगे खुरासानी इमली के प्राचीन वृक्ष को देखा। कलेक्टर धार प्रियंक मिश्र ने बताया कि माण्डू में खुरासानी के वृक्ष पाए जाते हैं, जिनमें से कुछ 500 वर्ष से भी अधिक प्राचीन हैं। खुरासानी कोठी परिसर के इस वृक्ष का तना 10.85 मीटर व्यास का है। खुरासानी इमली घना छायादार पेड़ होता है। यह पेड़ अपने भीतर सवा लाख लीटर पानी जमा करके रख सकता है। 14वीं शताब्दी में ये पेड़ लगाए गए थे। कई पेड़ यहां पांच-छह सौ साल पुराने हैं। पर्यटक माण्डू आने की स्मृति के तौर पर माण्डू की इमली खरीदकर ले जाते हैं। कई आदिवासी परिवारों को इसे बेचने से आय हो रही है। मूलतः यह वृक्ष अफ़्रीका, अरब और मेडागास्कर पर पाया जाता है। ये पेड़ अति विशाल हैं, इसकी उम्र हजारों साल होती हैं। मराठी भाषी क्षेत्रों में इसे गोरखचिंच (चिंच याने इमली) कहकर सन्त गोरखनाथ से इसका पवित्र सम्बन्ध जोड़ा जाता है।

### धरमपुरी में किया मां नर्मदा का पूजन



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों के साथ धरमपुरी में नर्मदा दर्शन कर पूजन किया। धरमपुरी नर्मदा नदी के किनारे बसा हुआ नगर है। यहां नर्मदा नदी की दो धाराओं के बीच बेंट नामक एक टापू स्थित है, जहां श्री बिल्वामृतेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर स्थित है। मुख्यमंत्री ने यहां भगवान शिव का अभिषेक किया। मंदिर के निकट महर्षि दधिच की प्रतिमा का पूजन किया। पौराणिक मान्यता अनुसार यहां दधिच ऋषि की समाधि एवं तपस्या स्थली भी है। इसी स्थान पर इन्द्र स्वयं आए थे और दधिचि ऋषि से उन्होंने राक्षस के वध के लिए अस्थियां मांगी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री बिल्वामृतेश्वर महादेव मंदिर के हर तरह के संरक्षण के निर्देश अधिकारियों को दिए।*

## खबर संक्षेप



### हेनीमेन जयंती पर हेब्स ने किया आयोजन

**भोपाल।** होमोपैथी के जनक डॉ. हैनिमैन की जयंती के अवसर पर गुरुवार को हैनिमैन एकेडमी ऑफ वाइटल साइंस एंड ह्मेनिटीज द्वारा कल्पना नगर स्थित कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसेवी जीके छिब्बर ने कहा कि होमिपेथी के इलाज पर लोगों का विश्वास बढ़ा है और इस विधा पर नए अनुसंधान भी हो रहे है। इसमें हेब्स संस्था भी सक्रिय है। इस संस्था द्वारा निःशुल्क जांच शिविर भी लगाए जा रहे हैं। कोविड के समय भी होमिपेथी ने कई मरीजों को स्वस्थ कर अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। इस अवसर पर डॉ. ललित जैन, डॉ. पीएस श्रीवास्तव ने भी विचार प्रकट किए। निशिकांत पाटिल और एमके ओरैया समेत अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

### पदोन्नति से वंचित सेवानिवृत कर्मचारियों को भी मिले आर्थिक लाभ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पदोन्नति से वंचित अधिकारी-कर्मचारियों को भी पेंशन में आर्थिक लाभ देने की मांग की है। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश में डेढ़ लाख द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पिछले नौ साल में बिना पदोन्नति के सेवानिवृत हो गए है। पदोन्नति का लाभ नहीं मिलने से डेढ़ लाख से अधिक कर्मचारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। अब सरकार ने पदोन्नति देने का निर्णय लिया तो सरकार को उन डेढ़ लाख कर्मचारियों के विषय में भी विचार करना होगा जिन्हें बिना आदेश के पदोन्नति से वंचित किया गया है। पदोन्नति से वंचित कर्मचारियों को सरकार उसी दिनांक से आर्थिक लाभ दे जिस दिनांक से उन्हें पदोन्नति का लाभ मिलना था तथा उन्हें पेंशन में भी आर्थिक लाभ दिया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, विक्रमादित्य के महानाट्य महामंचन का होगा आयोजन

# सम्राट विक्रमादित्य की यशोगाथा से परिचित होगी दिल्ली, शोभायात्रा आज

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा 'विक्रमोत्सव 2025' के अंतर्गत देश और प्रदेश की सभी पीढ़ियों को सम्राट विक्रमादित्य के जीवन चरित्र, विशेषकर उनके पराक्रम, शौर्य,



दानशीलता, न्यायप्रियता और सुशासन से अवगत कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में दिल्ली में 12 से 14 अप्रैल तक लाल किला मैदान के माधव दास पार्क में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का भव्य मंचन किया जाएगा।

इसके पहले शुक्रवार 11 अप्रैल को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में फतेहपुरी, चांदनी चौक से लाल किला तक सम्राट विक्रमादित्य की शोभायात्रा निकाली जाएगी। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित इस महानाट्य में प्रस्तुति उज्जैन की विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति द्वारा दी जाएगी। महानाट्य में विक्रमादित्य के जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की गाथाएं लगभग 250 कलाकारों द्वारा प्रदर्शित की जाएंगी। महानाट्य के दृश्यों को सजीव बनाने के लिए पालकी, रथ, घोड़ों और एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट का प्रयोग किया जाएगा।

### प्रदर्शनी और फूड कोर्ट में दिखेगी मप्र की मनमोहक झलक

#### 'विक्रमादित्यकालीन मुद्रा और मुद्रांक' की प्रदर्शनी

कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा 'विक्रमादित्यकालीन मुद्रा और मुद्रांक' की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा पर केंद्रित 'आर्ष भारत' प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें 100 से अधिक ऋषियों के जीवन और योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा 'मध्यप्रदेश का विकास एवं उपलब्धियां' विषय पर और पर्यटन एवं उद्योग विभाग द्वारा भी प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।

#### पर्यटन निगम लगाएगा फूड कोर्ट

*मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा कार्यक्रम स्थल में फूडकोर्ट लगाया जाएगा। इसके माध्यम से दर्शक प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। फूडकोर्ट में प्रदेश के विभिन्न अंचलों के पकवान-बघेलखंडी निमोना, मालवा की कॉर्न पेटिस और भुट्टे की कीस, इंदौरी पोहा और विंध्य की इंद्रहार-कढ़ी-भात उपलब्ध होंगे। प्रदेश के विशिष्ट पेय जैसे सन्नाटा, नींबू पुदीना, आम पना, सब्जा शिकंजी, गुलाब लस्सी, कुल्हड़ चाय, प्रसिद्ध मिष्ठान जैसे मावा बाटी, जलेबी और श्रीअन्न व्यंजन जैसे कोदो भात, कुटकी गुड खीर और सवां खीर भी मेनू में शामिल किए गए हैं।*

### जल केवल जीवन नहीं, संस्कार भी है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल संसाधन दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 'आपः सुजिरा अमृतः सुवर्चाः शंभू मयोभूः' अर्थात जल न केवल अमृतस्वरूप है, बल्कि शुभ, पवित्र और जीवनदायक भी है। डॉ. यादव ने कहा कि जल केवल जीवन जीने का संसाधन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में यह एक संस्कार की तरह है। हर बूंद में जीवन है, और हर स्रोत में आने वाले कल का भविष्य छिपा है। ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम इस अमूल्य धरोहर की हर संभव तरीके से रक्षा करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे जल संसाधन दिवस पर यह संकल्प लें कि सभी जल का संरक्षण करेंगे और इसे व्यर्थ नहीं बहने देंगे। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को समाज को प्रेरित करने का संदेश दिया।

### सीएम ने कहा...

#### प्रधानमंत्री मोदी का दो माह में पुनः प्रदेश आगमन सौभाग्य का विषय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मध्यप्रदेश के आनंदपुर धाम में शुक्रवार 11 अप्रैल को वार्षिक वैशाखी मेले के अवसर आयोजित कार्यक्रम में पधारने पर उनका अभिनन्दन किया है। डॉ. यादव ने कहा कि 24 और 25 फरवरी में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आने के दो माह के अंदर प्रधानमंत्री का मध्यप्रदेश आगमन सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और प्रदेश के नागरिक प्रधानमंत्री मोदी का पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत के लिए आतुर हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की उपस्थिति से मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक-आध्यात्मिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के हमारे प्रयासों को नई शक्ति मिलेगी। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश पर निरंतर विकास और विश्वास के आशीर्वाद की वर्षा के लिए समस्त नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से अभिनन्दन करता हूं।

गुना के ग्राम कंजा में जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू



# मंत्री पटेल ने दी पौधरोपण के लिए तीन सूत्रीय योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गुरुवार को गुना जिले की ग्राम पंचायत पुरैनी अंतर्गत ग्राम कंजा में स्थित कूनो नदी के उद्गम स्थल पर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में सहभागिता कर जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया।

### बालिकाओं ने निकाली कलश यात्रा

*इस अवसर पर बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर यात्रा निकाली। मंत्री पटेल ने सभी बालिकाओं का तिलक कर उनके चरण स्पर्श किए। इसके बाद उन्होंने कूनो नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया।*

### जल आवश्यकताओं को पूरा करती हैं नदियां

मंत्री पटेल ने कहा कि नदियां सदियों से समाज की जल आवश्यकताओं को पूरा करती आ रही हैं। उन्होंने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें ऐसे पौधे लगाने चाहिए जो भू-जल स्तर बनाए रखने में सहायक हों। उन्होंने पौधरोपण के लिए तीन प्रमुख बातों पर बल दिया। उपयुक्त स्थान का चयन, पौधों की तार फेंसिंग द्वारा सुरक्षा एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करना। मंत्री पटेल ने कलेक्टर कन्याल को कहा कि ऐसी शासकीय भूमि का चयन किया जाए, जहां पौधे सुरक्षित रूप से पनप सकें और एक दिन विशाल वृक्ष बन सकें। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस कार्य के लिए आवश्यक सभी सहयोग उनकी ओर से उपलब्ध कराया जाएगा। महिला स्व-सहायता समूहों की प्रदर्शनी को मिला प्रोत्साहन मंत्री पटेल ने मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

अपील आयुक्त द्वारा निगम को राहत

# इमारती लकड़ी को जीएसटी कानून के तहत माना गया कृषि उपज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक महत्वपूर्ण निर्णय में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क के आयुक्त (अपील), भोपाल (मप्र) ने माना है कि मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम द्वारा विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों को डिपॉजिट वर्क श्रेणी के अंतर्गत पौधरोपण जैसे कार्यों के लिए प्रदान की जाने वाली सेवाएं जीएसटी से मुक्त हैं, क्योंकि यह सेवाएं ऐसी इमारती लकड़ी और अन्य वन उपज से संबंधित हैं जो वन भूमि में पेड़ों की कटाई से प्राप्त होती हैं और अंततः रेशा, ईंधन, कच्चा माल तथा



इसी प्रकार के उपयोगों के लिए प्रयुक्त होती हैं।

अपील आयुक्त ने माना कि ऐसी वन उपज जीएसटी कानून के तहत कृषि उपज की श्रेणी में आती है। अपील आयुक्त ने यह भी निर्णय दिया कि वन विभाग से निगम को प्राप्त एजेंसी कमीशन जीएसटी से मुक्त है, चूंकि यह इमारती लकड़ी की बिक्री से संबंधित है जो कृषि उपज है। इसके अतिरिक्त, निगम द्वारा इमारती लकड़ी को वन डिपो तक परिवहन करने पर किए गए ढुलाई खर्च को भी रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत जीएसटी से मुक्त माना है, क्योंकि यह कृषि उपज के परिवहन से संबंधित सेवा है। इस आदेश से जुलाई 2017 से मार्च 2018 की अवधि के लिए 22 करोड़ से अधिक के कर, ब्याज और शास्ति की मांग को निरस्त कर दिया गया है। यह निर्णय निगम के लिए बड़ी राहत है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गुन्नौर और बहोरीबंद में किया सम्मेलन को संबोधित

# कार्यकर्ता भाजपा का चेहरा, यही जनता के बीच पार्टी की छवि बनाते हैं : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष षविष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी के स्थापना दिवस के तहत 'गांव-बस्ती चलो अभियान' में पन्ना जिले के गुन्नौर व कटनी जिले के बहोरीबंद विधानसभा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन एवं कटनी ग्रामीण मंडल के घंघरीकला में बूथ समिति बैठक को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शर्मा नेवरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं लाभार्थियों से संपर्क कर चौपाल चर्चा भी की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि बूथ के कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हैं।

कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से हमने सदस्यता अभियान में मध्यप्रदेश भाजपा ने 1.72 करोड़ से अधिक प्राथमिक सदस्य जोड़े। आप भाजपा के चेहरे हैं और आप ही जनता के बीच भाजपा की छवि बनाते हैं। आपके बल पर ही मध्यप्रदेश का भाजपा संगठन देश में आदर्श संगठन के रूप में जाना जाता है। भाजपा महापुरूषों के त्याग, तपस्या और बलिदान से बनी है, हमारी पार्टी राष्ट्र प्रथम के भाव से कार्य करते हुए देश सेवा के लिए समर्पित है। कार्यकर्ता बूथ-बूथ पर वंचितों को खोजकर प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाएं।



### आज सारी दुनिया में कमल खिल रहा है

शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एक विजनरी नेता थे। उन्होंने मुंबई के अधिवेशन में कहा था-अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। उनका यह सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। आज सारी दुनिया में कमल खिल रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विदेश यात्राओं पर जाते हैं तो दुनिया के मुस्लिम देश भी उन्हें देश के सबसे बड़े सम्मान से सम्मानित करते हैं।

### अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का कल्याण लक्ष्य

*शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा का ब्रांड एंबेसेडर है और हमारी जिम्मेदारी है कि वह बूथ-बूथ पर जाकर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनहित के लिए लागू की गई योजनाओं का लाभ वंचितों को दिलाए। गुन्नौर में आयोजित सम्मेलन को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सदानंद गौतम, विधायक राजेश शर्मा ने भी संबोधित किया। शर्मा ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, लाभार्थियों से संपर्क कर चौपाल चर्चा की।*

ओबीसी बाहुल्य वाले बिहार में ली जा सकती हैं सेवाएं

# गुजरात अधिवेशन के बाद कांग्रेस में कमलनाथ-अरुण को मिल सकती बड़ी जवाबदारी!

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के गुजरात के अहमदाबाद में सम्पन्न अधिवेशन के बाद पार्टी स्तर पर कुछ बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। इनसे मप्र कांग्रेस भी प्रभावित हो सकती है। 2025 के अंत में चूंकि बिहार विधानसभा के चुनाव हैं, जहां ओबीसी-ईबीसी आबादी 63 फीसदी है। इसके मद्देनजर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कमलनाथ और अरुण यादव को महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी जा सकती है।

अधिवेशन में मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के बयानों से साफ है कि वे बिहार और गुजरात में अपना फोकस बनाएंगे। इसके अलावा जिलाध्यक्ष वाला बिहार का फार्मूला मप्र सहित अन्य राज्यों में भी लागू किया जा सकता है। पहला, जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में दलित, आदिवासी, ओबीसी, महिलाओं और अल्पसंख्यक वर्गों के नेताओं को ज्यादा मौका दिया ज सकता है। और दूसरा, टिकट बांटने में जिलाध्यक्षों की भूमिका निर्णायक होगी। उनकी सहमति के बिना कोई प्रत्याशी तय नहीं किया जाएगा।

### जिलाध्यक्षों की नियुक्ति प्रक्रिया बदलेगी, होंगे पॉवरफुल





#### कमलनाथ के अनुभव का लिया जाएगा लाभ

*कमलनाथ और अरुण यादव मप्र के बड़े नेता हैं। कमलनाथ ने एआईसीसी के लिए कई मामलों में अहम जिम्मेदारियां निभाई हैं। बात नेताओं के बीच कोआर्डिनेशन स्थापित करने की हो या चुनाव में राज्यों में समन्वय बनाने की, कमलनाथ कई बार संकटमोचक साबित हुए हैं। कमलनाथ ने मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री रहते ओबीसी आरक्षण को लेकर बड़े निर्णय लिए थे। इसके चलते कांग्रेस उन्हें बिहार चुनाव से पहले राष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ी जिम्मेदारी देकर मैदान में उतार सकती है।*

#### इसलिए जिला अध्यक्षों को दिए जा रहे पॉवर

अहमदाबाद में हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमने और राहुल गांधी ने जमीनी स्तर से इनपुट लिया है। हम भविष्य में किसी भी चुनाव के प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया में जिलाध्यक्षों को इन्वॉल्व करने की तैयारी में हैं। मप्र की बात करें तो मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद हुए उपचुनावों में कांग्रेस को डेढ़ दर्जन सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। इसकी वजह यह थी कि विधायकों के साथ कांग्रेस के जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए थे। पार्टी संगठन के भीतर हुए मंथन के बाद तय हुआ कि विधायक या विधानसभा चुनाव लड़ने वाले नेताओं की पसंद के कार्यकर्ता को पद देने के बजाय संगठन में जिला अध्यक्ष की पसंद से नियुक्तियां हों। ऐसे में यदि विधायक या हारे हुए प्रत्याशी पार्टी छोड़ देते हैं तो भी विचारधारा से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर नहीं जाएंगे।

### जमीनी मैनेजमेंट में लगा सकती है

#### अरुण यादव बिहार में साबित हो सकते उपयोगी

मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और केंद्र में मंत्री रहे अरुण यादव पिछड़ा वर्ग से आते हैं। फिलहाल कमलनाथ की तरह अरुण यादव के पास भी कोई बड़ी जिम्मेदारी प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर नहीं है। ऐसे में अरुण यादव को पार्टी बिहार चुनाव में ओबीसी वर्ग को साधने और जमीनी मैनेजमेंट में लगा सकती है। अरुण की छवि किसान और सहकारिता नेता के तौर पर भी रही है। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि उनके अनुभव से कांग्रेस को फायदा होगा। अरुण मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। इसके बाद हुए चुनाव में ही कांग्रेस सत्ता में आई थी। यह बात अलग है कि इसका श्रेय कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ले गए थे जबकि चार साल तक संघर्ष अरुण यादव के नेतृत्व में ही हुआ था।

#### एआईसीसी में मप्र का दखल कम नहीं

मध्य प्रदेश के नेता पहले ही अभा कांग्रेस कमेटी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। झाबुआ विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के पास चुनाव, ईवीएम से संबंधित काम है। कमलेश्वर पटेल और ओमकार सिंह मरकाम सीडब्ल्यूसी मेंबर हैं। मीनाक्षी नटराजन के पास तेलंगाना का प्रभार है। कुणाल चौधरी, भूपेंद्र मरावी, मनोज चौहान, सत्यनारायण पटेल, नीलांशु चतुर्वेदी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हैं। कमलनाथ और अरुण को जवाबदारी मिलने से एआईसीसी में प्रदेश कांग्रेस का वजन और बढ़ सकता है।

### इन वर्गों के नेताओं को मिल सकता है अवसर

#### बिहार के राहुल फार्मूले से होंगी नियुक्तियां

मप्र के जिलाध्यक्षों की नियुक्तियों में राहुल गांधी के बिहार फार्मूले को लागू किया जा सकता है। राहुल कह चुके हैं कि अजा-जजा-अल्पसंख्यक हमारे साथ हैं, लेकिन पछड़े व अन्य वर्गों पर पार्टी ने ध्यान नहीं दिया। अब जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में दलित, आदिवासी, ओबीसी, महिलाओं और अल्पसंख्यक वर्गों के नेताओं को ज्यादा मौका दिया जा सकता है। प्रदेश के आदिवासी बहुल जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए अलग फॉर्मूला अपनाया जा सकता है। अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी जैसे जिलों में जहां ज्यादा विधानसभा सीटें आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित हैं, वहां सामान्य और ओबीसी वर्ग के नेताओं को कमान देकर राजनीतिक संतुलन बनाया जा सकता है। कांग्रेस जिला अध्यक्षों की सूची देखने पर पता चलता है कि मप्र में कांग्रेस के 72 संगठनात्मक जिलों में से 34 जिला अध्यक्ष सामान्य वर्ग से हैं। इस विषमता को दूर किया जाएगा।

# राज्यपाल पटेल ने राजभवन के प्रवेश द्वार के जीर्णोद्धार कार्य का किया भूमिपूजन

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गुरुवार को राजभवन के प्रवेश द्वार क्रमांक-1 एवं 2 के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और गेती चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। भूमिपूजन कार्यक्रम राजभवन प्रवेश द्वार क्रमांक-1 पर आयोजित किया गया। राज्यपाल पटेल ने जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य परियोजना की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे। कार्य को समय सीमा में पूर्ण करें। राजभवन के प्रवेश द्वार क्रमांक 1 एवं 2 के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की कुल लागत 66 लाख 32 हजार 900 रुपए है।

- जीर्णोद्धार सुदृढ़ीकरण कार्य की कुल लागत 66 लाख 32 हजार 900 रुपए है

# पुलिस कस्टडी में हुई युवक की मौत, मर्चूरी के सामने परिजनों ने किया जमकर हंगामा

**परिजनों ने की युवराज को गिरफ्तार करने वाले दो पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज पुलिस की हिरासत में बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी युवराज की मौत के बाद गुरुवार को उसका पीएम कराया गया। मर्चूरी के बाहर मृतक के परिजन एकत्रित हुए और जमकर हंगामा किया। उन्होंने युवराज को गिरफ्तार करने वाले दो पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। इधर, हंगामे की सूचना पर पहुंचे आलाधिकारियों ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया, तब जाकर परिजन का गुस्सा शांत हो सका। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में युवराज की मौत की वजह मल्टीपल ऑर्गन फैल होने की बात सामने आई है।

जानकारी के मुताबिक, हनुमानगंज पुलिस ने मंगलवार को वाहन चोरी के मामले में युवराज मांझी, महेश बघेल और राजू मंडलोई को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। उनसे 9 चोरी के दो पहिया वाहन बरामद कर बुधवार को तीनों को जिला अदालत में पेश किया गया। जहां आरोपी युवराज की तबियत बिगड़ गई। जज ने उसे इलाज के लिए जेपी अस्पताल पहुंचाया। पुलिसकर्मी उसे अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में ही युवराज की मौत हो गई। पुलिस की जांच में सामने आया कि युवराज लिवर और अस्थमा की बीमारी से ग्रसित था। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया। मर्ग की जांच हबीबगंज थाना प्रभारी संजीव चौकसे को सौंपी गई। गुरुवार को शव का पीएम हुआ।



### 40 दिन अस्पताल में भर्ती रहा

मृतक युवराज की मां मीना का कहना है कि आखिरी मुलाकात में बेटे ने पुलिस हिरासत में घबराते हुए कहा था, आप मुझे छोड़कर मत जाओ, मेरे साथ ही रहो। पुलिसवाले कुछ कर देंगे, मैंने उसे भरोसा दिलाया कि कुछ नहीं होगा। तू जल्द ही छूट जाएगा। इसके बाद एक पुलिसकर्मी ने मुझे थाने से बाहर कर दिया। मैं उसे दलिया खिलाना चाहती थी, नहीं खिलाने दिया। मुझे पता था, वह कुछ और खाने की हालत में नहीं है। गंभीर बीमारियों से ग्रस्त है। हाल ही में टीबी अस्पताल से उसकी छुट्टी कराई थी। 40 दिन तक अस्पताल में भर्ती रहा। मीना का आरोप है कि पेशी के दौरान उसे चार घंटे कोर्ट में बैठाकर रखा गया। उसे खाना पीना कुछ नहीं दिया, बेटा बेहद कमजोर था, इस कारण वह बेहोश हुआ और उसकी जान चली गई। बदसलूकी करने वाले पुलिस कर्मियों ने उन्होंने अधिकारियों को नाम दिए हैं। उन पर कार्रवाई होना चाहिए।

# मोबाइल पर युवक से कहासुनी के बाद चौथी मंजिल की छत से कूदकर महिला ने दी जान

**पति को छोड़कर मायके में रह रही थी महिला, बहनों ने किया था रोकने का प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात 33 साल की महिला ने चौथी मंजिल की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। कूदने से पहले वह किसी युवक से मोबाइल पर बात कर रही थी। बात करते समय उसका विवाद हुआ और वह रोते हुए छत पर पहुंच गई। उसके पीछे उसकी बहनें भी पहुंची थी। उन्होंने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने छलांग लगा दी। छत से कूदने के कारण उसे गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां सुबह उसकी मौत हो गई।

◆ पुलिस का कहना है कि सिम की सीडीआर निकलवाई जा रही है, जांच के बाद होगा खुलासा

पुलिस के अनुसार लांबाखेड़ा ईंटखेड़ी निवासी रानी सिकरवार (33) ने करीब तीन साल पहले लव मैरिज की थी। पति से अनबन के कारण वह एक साल से मायके में रह रही थी। रानी सिकरवार समेत चार बहनें हैं। माता-पिता नौकरी करते हैं जबकि रानी भी टेटू बनाने का काम करती थी। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब दो बजे रानी मोबाइल पर बातचीत कर रही थी। बातचीत के दौरान उसका किसी से विवाद हुआ और रोने लगी। रोते हुए वह मोबाइल लेकर छत की तरफ बढ़ी। बहने भी उसके पीछे पहुंची, लेकिन बहन उसे बचा पाती इससे पहले ही छत से नीचे कूद गई। रानी टैटू बनाने का काम करती थी और एक पार्लर में काम कर रही थी। पुलिस का कहना है कि सिम की सीडीआर निकलवाई जा रही है।

## खबर संक्षेप




### शासकीय अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

**औबेदुल्लागंज।** भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में जैन सखी सोशल ग्रुप ने शासकीय अस्पताल में मरीजों एवं जरूरतमंदों को फल वितरण किया। जैन सखी सोशल ग्रुप की नीति जैन ने बताया कि पीड़ित दुखी जनों की मदद करना एवं महिलाओं को संगठित करना हमारा लक्ष्य है। इस अवसर पर डॉ. मीना तामोट, पूर्व पार्षद मीना जैन, नेहा जैन, भारती वर्षा, मोनिका इंद्रा, नित्या, पूनम, शिल्पी, सीमा, रितु, सारिका, रानू, समता, मयूरी एवं पिंकी आदि शामिल थी।

### हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**औबेदुल्लागंज।** श्री हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल शनिवार को एकता का महापर्व के रूप में सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित किया जाएगा। नगर के कई क्षेत्र और बाजार भगवामय सजाया जा रहा है। हनुमान भक्त इस आयोजन को यादगार बनाने में लगे हुए हैं। शनिवार को सुबह 10 से 2 तक इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर बस स्टैंड पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शाम 5 से विशाल चल समारोह श्री हनुमान मढ़िया गौहरगंज रोड से प्रारंभ होकर इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर बस स्टैंड पहुंचेगा।

### शराब की दुकान बनी दुर्घटना का कारण

**औबेदुल्लागंज।** हाईवे पर बनी शराब की दुकान दुर्घटना का कारण बन रही है। पिछले साल भी रोड क्रॉसिंग करने पर कई दुर्घटनाएं हुई है। औबेदुल्लागंज से जाने वालों को रोड पार करना पड़ती है, जिससे हाईवे पर तेजी से चलने वाले वाहनों से दुर्घटना होती है। औबेदुल्लागंज रहवासियों का कहना है कि शराब की दुकान का स्थान परिवर्तन किया जाए, नहीं तो जल्दी ही जन आंदोलन किया जाएगा।

### दोपहर में भी जलती है चौराहे की लाइट



**औबेदुल्लागंज।** आंबेडकर चौराहे पर लगी एलईडी लाइट दोपहर में भी जलती है, वहीं रात्रि में बंद कर दी जाती है। इसकी शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9730 | | |
| दिन: | 277 | 63 | 670 |
| रात: | 567 | 88 | 125 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 679 | 20 | 479 |
| रात: | 130 | 41 | 227 |

**ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित अचारपुरा पुलिया पर हुआ हादसा**

# डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, चाचा की मौत, भतीजी और उसकी सहेली गंभीर घायल

◆ सामने से टक्कर लगने से बाइक चला रहे युवक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित अचारपुरा पुलिया पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर सामने से लगने के कारण बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठी उनकी भतीजी और भतीजी की सहेली को गंभीर चोट आई है। दोनों के दाहिने पैर में फैक्चर हुआ है। हादसे के समय युवक अपनी भतीजी और उसकी सहेली को लालघाटी स्थित कॉलेज से परीक्षा दिलाकर लौट रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले डंपर चालक की तलाश कर रही है।




पुलिस के अनुसार 50 साल के घनश्याम जाट, गांव बरखेड़ी हज्जाम में रहते थे। वे छोटे किसान थे और साथ ही प्राइवेट गाड़ी भी चलाते थे। उनकी भतीजी प्राची जाट कॉलेज में पढ़ती है। बुधवार सुबह वह भतीजी प्राची जाट और उसकी सहेली प्राची मीणा को बाइक से लेकर लालघाटी पहुंचे, वहां दोनों बच्चियों ने सेमेस्टर की परीक्षा दी। इसके बाद घनश्याम बाइक से भतीजी और उसकी सहेली को लेकर गांव के लिए निकले थे। अचारपुरा पुलिया पर पहुंचते ही सामने से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर दी। टक्कर मारने के बाद डंपर चालक रुका नहीं और डंपर लेकर फरार हो गया। इधर, टक्कर लगने से घायल घनश्याम और उनकी भतीजी समेत उसकी सहेली को निजी अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद घनश्याम को मृत घोषित कर दिया।

### बीड़ी पी रहे बुजुर्ग पर गिरा तारपीन का डिब्बा, झुलसने से मौत

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित बंगाली कॉलोनी पंचशील नगर में एक बुजुर्ग की तारपीन के तेल से झुलसने से मौत हो गई। घटना के समय वह बीड़ी पी रहे थे। उसी दौरान तारपीन का डिब्बा उन पर गिरा और जलती बीड़ी से आग भडक उठी। परिजनों ने गंभीर हालत में उन्हें हमीदिया अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया था, जहां पांच दिन तक चले इलाज के दौरान बुधवार रात उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस के मुताबिक बंगाली कॉलोनी पंचशील नगर निवासी शंकर प्रमाणिक (54) की मानसिक दशा पूरी तरह से ठीक नहीं थी। वह अधिकतर घर में रहते थे। उन्हें बीड़ी पीने की आदत थी। विगत चार अप्रैल को वह घर में बीड़ी पी रहे थे। उसी दौरान तारपीन के तेल का डिब्बा बुजुर्ग पर आ गिरा। जलती बीड़ी से तारपीन में आग लग गई और वह बुरी तरह झुलस गए। शोर सुनकर पहुंचे परिजनों ने आग बुझाकर शंकर को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को उनकी मौत हो गई।

### 17 साल की नाबालिग ने घर में फांसी लगाकर दी जान

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर मल्टी में बुधवार शाम 17 साल की नाबालिग ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन के बयान दर्ज होने के बाद आत्महत्या के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।



पुलिस के अनुसार 17 साल की शिखा बुंदेला पिता गिरवर बुंदेला, भानपुर मल्टी में मां और भाई के साथ रहती थी। उसके पिता दतिया में रहते हैं और किसानी करते हैं। शिखा की मां होटल में काम करने जाती है, भाई भी प्राइवेट काम करता है। बुधवार को मां और भाई अपने अपने काम पर गए थे। शाम को भाई लौटा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उसने आवाज दी, लेकिन शिखा ने दरवाजा नहीं खोला। भाई ने खिड़की से झांककर देखा तो शिखा फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। किसी तरह दरवाजा तोड़कर भाई उसे अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद शिखा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया कि शिखा महज छठवीं कक्षा तक पढ़ी थी।

**पूज्य सिंधी पंचायत ने सिंधी भाषा दिवस मनाया**

# वह भाषा जीवित है, जो जमीन पर है: साहित्यकार खीमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में गुरुवार को सिंधी भाषा दिवस पंचायत के सभागृह में मनाया गया। सर्वप्रथम सिंधी समाज के इष्टदेवता भगवान झूलेलाल के छायाचित्र पर मालार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने स्वागत भाषण में कहा कि आज के दिन 10 अप्रैल 1967 को भारतीय संसद द्वारा सिंधी भाषा को संविधान के 8वें अनुच्छेद में शामिल किया गया। यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार खीमन मूलाणी ने कहा कि वह भाषा जीवित है जो जमीन पर है। बटवारे के बाद हमें अपनी जमीन न मिलने के कारण भटकना पड़ा।

## डॉ. स्वाति साहू को मिला 'इंटरनेशनल ऑफ्थैल्मिक हीरोज ऑफ इंडिया अवॉर्ड'



**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की रेटिना स्पेशलिस्ट डॉ. स्वाति साहू को विगत दिवस नई दिल्ली में एशिया प्रशांत नेत्र विज्ञान अकादमी कार्यक्रम में 'इंटरनेशनल ऑफ्थैल्मिक हीरोज ऑफ इंडिया अवार्ड' से सम्मानित किया गया। डॉ. स्वाति को यह अवॉर्ड अखिल भारतीय नेत्र रोग सोसाइटी द्वारा आयोजित इमेज प्रतियोगिता में विजेता बनने पर दिया गया। प्रतियोगिता में देश-विदेश के करीब 10 हजार नेत्र रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। डॉ. स्वाति साहू सेवा सदन में रेटिना स्पेशलिस्ट हैं।

**मशीन से लगी आग में 100 एकड़ गेहूं की नरवाई जली**

# मंडीदीप में भूसा बनाने पर 10 दिन तक प्रतिबंध, जागरुकता रथ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



औद्योगिक नगर में नरवाई में आग लगने की घटनाएं बढ़ने के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। पिछले तीन दिनों में मंडीदीप समेत रायसेन के 100 से अधिक स्थानों पर नरवाई में आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। इनमें से कई घटनाएं भूसा बनाने की मशीनों के कारण हुईं।

अपर कलेक्टर श्वेता पवार ने जिले में अगले 10 दिनों तक भूसा बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिबंध के बावजूद भूसा बनाने के दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अभय सराफ ने बताया कि 7 अप्रैल को जिले के 99 स्थानों पर सैटेलाइट ने आग और धुएं की जानकारी दी। इससे होने वाली निगरानी की सूचना लगातार जिला कलेक्टर को दी जा रही है। कृषि विभाग के उप संचालक दुष्यंत धाकड़ ने बताया कि जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। यह रथ जिले के सभी गांवों में जाएगा। किसानों को नरवाई में आग लगाने से होने वाले नुकसान और इसके प्रबंधन के लिए हैप्पी सीडर, सुपर सीडर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों के इस्तेमाल की जानकारी दी जाएगी।

### आंबेडकर जयंती पर किया जाएगा प्रतिमा का अनावरण

**औबेदुल्लागंज।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के 14 अप्रैल सोमवार को मनाई जाएगी। नगर के मुख्य मार्ग पर डॉ. आंबेडकर चौराहे पर शाम 6 बजे प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र पटवा एवं नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे रहेंगे। विशेष अतिथि जेएन कंसोठिया अपर मुख्य सचिव गृह विभाग एवं डॉ. मोहनलाल पाटिल, चेयरमैन वृद्धिस्ट सोसाइटी मध्य प्रदेश एवं नमिता बागिस अग्रवाल, उपाध्यक्ष नगर परिषद होगी। इस अवसर पर आंबेडकर वृद्धिस्ट चैरिटेबल सोसाइटी औबेदुल्लागंज द्वारा अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। आयोजन नगर परिषद औबेदुल्लागंज द्वारा आयोजित किया गया है।

**कलेक्टर ने प्राइवेट स्कूल संचालकों को लगाई फटकार, बोले-**

# कोई गरीब बच्चा है तो उसकी फीस खुद भरें हर शुक्रवार को सुनी जाएंगी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने निजी स्कूलों में फीस वृद्धि और शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर बैठक ली। उन्होंने प्राइवेट स्कूल संचालकों को स्मार्ट क्लास के नाम पर 1500 से 2000 रुपए अतिरिक्त फीस वसूली पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कोई गरीब बच्चा फीस नहीं भर पा रहा है, तो वे खुद उसकी फीस जमा करेंगे। उन्होंने स्कूल संचालकों से कहा कि ऐसे बच्चों को उनके पास लाएं। उन्होंने यह भी कहा कि फीस न भर पाने के कारण किसी बच्चे का परीक्षा से वंचित होना शर्म की बात है।




### निजी प्रकाशकों से किताबें लेने पर आपत्ति जताई

बैठक में सबसे पहले कलेक्टर ने स्कूल संचालकों और शिक्षकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने बच्चों के स्कूल बैग का बोझ कम करने का निर्देश दिया। साथ ही एनसीईआरटी की जगह निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें लेने पर भी आपत्ति जताई। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सप्ताह के एक दिन शुक्रवार तय किया है, इस दिन अभिभावक स्कूल से जुड़ी समस्या लेकर कलेक्ट्रेट में पहुंच सकते हैं। उनकी समस्या सुनी जाएगी। दरअसल दो दिन पहले प्राइवेट स्कूल को लेकर अभिभावकों ने मोर्चा खोलते हुए महंगी किताबें और हर साल कोर्स बदलने को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। पालकों की इसी समस्या को लेकर कलेक्टर ने बैठक आयोजित की थी।

**उपनगर मंडीदीप और औबेदुल्लागंज में धूमधाम से मनाई गई भगवान महावीर की जयंती**

# जिनालयों में पूजा-पाठ कर किया महामस्तिकाभिषेक और शांतिधार, ढोल-बाजों के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा, युवाओं ने मधुर भजनों पर किए जमकर नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में जैन समाज के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती गुरुवार को भक्ति भाव के साथ मनाई गई। साथ ही जियो और जीने दो के संदेश के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। इससे पूर्व महावीर कॉलोनी स्थित नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान महावीर का महामस्तिक अभिषेक किया गया।

कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप व सचिव आषु जैन बताया कि मंदिर में भगवान का प्रथम महामस्तिकाभिषेक करने का सौभाग्य नरेन्द्र कुमार, डा. चदंन जैन परिवार व रमेशचन्द्र जैन, नियत जैन परिवार को मिला। वहीं शांतिधारा करने का सौभाग्य धर्मेन्द्र जैन परिवार व विमल कुमार जैन, नीलेश जैन परिवार को प्राप्त हुआ। महिला मंडल द्वारा आरती की गई।



### भगवान महावीर ने किया नगर भ्रमण

चल समारोह के दौरान धर्मिक धुनों पर समाज के युवा-युवतियां नृत्य करते हुए चल रहीं थीं। वही भगवान महावीर के विमान को लेकर नगर विहार के लिए चल रहें केशरिया वस्त्रों में आकर्षक का केंद्र रहे। चल समारोह का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। चल समारोह में नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष विपीन भार्गव, बद्रीसिंह चौहान, पूर्णीमा जैन, सीएमओ प्रशांत जैन, सेवा समिति अध्यक्ष जीवनसिहं पाल, प्रेमशंकर साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## मंदिर में अभिषेक पूजन कर की शांतिधारा, श्रद्धालुओं ने की आरती






**औबेदुल्लागंज।** भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर जैन भक्तों ने गुरुवार सुबह 7 बजे मेन रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर की प्रतिमा का अभिषेक करके शांतिधारा की और पूजा की। दिगंबर जैन मंदिर में अनुराग, नीति रितेश रितु, बसंत रितु, नेहा राजेश अनीता ने शांति धारा का वाचन किया। स्टेशन रोड स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक करके शांति धारा की। पंडित लक्ष्मी मुकेश जैन, मनोज जैन, तरुण जैन, मनोज जैन, एलसी जैन, लाल शिखरचंद जैन, संतोष जैन, सुनील वर्धमान, समाज के अध्यक्ष सुनील, नरेश दादा, प्रदीप भंडारी आदि शामिल थे। इस अवसर पर इंद्रा जैन, समता, कविता, अर्चना जैन, सुनीता, पूर्व पार्षद मीना जैन, डॉ. मीना जैन, शिरोमणि आशारानी जैन मौजूद रही। इसके बाद भगवान महावीर की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा स्टेशन रोड से होते हुए कीर्ति स्तंभ तक गई।

### शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। आमिर ममनून, अरुण भावसार, सुरजीत सिंह बिल्ले ने आरती की और सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। हिंदु उत्सव समिति ने ठंडा पानी पिलाया, फूल माला से स्वागत किया। अध्यक्ष राजेश खटीक, विक्रम दाढ़ी, कमल मालवीय, जीतू नेमा, संतोष गुप्ता, सुधीर कमल, बंटी जोशी, राजकुमार राजपूत आदि ने आरती की। श्री राम मंदिर के सामने मानस मंडल ने स्वागत किया। डॉ. नंदू नागर ने आरती की, अरिहंत टेंट हाउस ने आरती की। विजय जैन, सीमा जैन, दिनेश गुड्डू, विनीता जैन, एलसी जैन, पुष्पा जैन ने आरती की। शोभा यात्रा मेन रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंची तो वहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आरती की एवं बालिकाओं ने नृत्य किया। भाजपा मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, वरिष्ठ राजेंद्र गुड्डू साहू ने आरती की। शोभा यात्रा में पार्षद हेमलता चौरसिया, मनोज चौरसिया भी उपस्थित रहे। भगवान महावीर की शोभा यात्रा स्टेशन रोड पार्श्वनाथ मंदिर पर समाप्त हुई। जहां पर श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा की गई।

### परबचंद्र जैन की पुण्यतिथि पर भक्तांबर पाठ

इसके बाद महावीर परमार्थिक ट्रस्ट अध्यक्ष सुनील तामोट ने कार्यकारिणी की घोषणा की एवं महावीर प्याऊ का शुभारंभ किया। कांग्रेस नेता हरजीत सिंह मग्गू मौजूद रहे। इसके बाद दोपहर में दिगंबर जैन मंदिर में स्वतंत्रता सेनानी पूर्व विधायक परबचंद्र जैन की पुण्यतिथि पर भक्तांबर पाठ समाधि स्तोत्र का पाठ किया गया। तामोट में भगवान महावीर की पूजा की। अरुण जैन अजीत जैन अरविंद जैन मनोज जैन राजेंद्र जैन पिंकी जैन आदि ने रात्रि में भगवान महावीर की आरती की गई एवं पालन झूलाया गया।

## महाराष्ट्र में महिला ने लगाया था ससुराल पक्ष पर आरोप

# मानव दांत कोई खतरनाक हथियार नहीं, हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

### औरंगाबाद पीठ की जज कंकनवाड़ी, न्यायमूर्ति देशमुख ने सुनाया फैसला

एजेंसी ▶▶ औरंगाबाद

महाराष्ट्र में एक मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला की अपने ससुराल पक्ष पर दांत से काटे जाने का आरोप लगाया था। बंबई हाईकोर्ट ने महिला द्वारा उसके ससुराल वालों के खिलाफ की गई शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि मानव दांतों को ऐसा खतरनाक हथियार नहीं माना जा सकता है, जिससे गंभीर नुकसान की संभावना हो।हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ की जज विभा कंकनवाड़ी और न्यायमूर्ति संजय देशमुख ने 4 अप्रैल को अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता के चिकित्सा प्रमाणपत्र से पता चलता है कि दांतों के निशान से उसे केवल मामूली चोट लगी। इसी चोट के आधार पर महिला ने अप्रैल 2020 में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

#### चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया था

प्राथमिकी के मुताबिक ससुराल पक्ष के साथ हाथापाई के दौरान एक रिश्तेदार ने महिला को काट लिया, जिससे उसे खतरनाक नुकसान पहुंचा। पुलिस के मुताबिक महिला की शिकायत के आधार पर आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता के अनुसार चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया था।



**धारा 324 ने किया बचाव**

भारतीय दंड संहिता की धारा 324 (खतरनाक हथियार का उपयोग करके चोट पहुंचाना) के तहत, चोट किसी ऐसे उपकरण से लगी होनी चाहिए जिससे मृत्यु या गंभीर नुकसान होने की आशंका हो अगर ऐसा नहीं है तो यह मामला नहीं बनता है

#### दांतों से केवल साधारण चोट लगी

कोर्ट ने आरोपियों द्वारा दायर याचिका को स्वीकार करते हुए केस को खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि मामले में शिकायतकर्ता के मेडिकल सर्टिफिकेट से पता चलता है कि दांतों से केवल साधारण चोट लगी थी। इसके कारण यहां पर धारा 324 के तहत अपराध नहीं बनता है। ऐसे में ससुराल पक्ष या अभियुक्त पर केस चलाना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग करना होगा। कोर्ट की ओर से कहा गया कि दोनों पक्षों के बीच में संपत्ति का विवाद प्रतीत होता है।

### उम्रकैद की सजा काट रहे व्यक्ति को हाईकोर्ट ने किया बरी

## बिना गलती जेल में गुजर गए 20 साल, अब दोषमुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत जिले के समचाना गांव के निवासी कृष्ण को लगभग दो दशक बाद हत्या के मामले में बरी कर दिया गया है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने




अपने फैसले में कृष्ण को दोषमुक्त करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष इस मामले में संदेह से परे अपराध सिद्ध करने में विफल रहा है। यह फैसला जस्टिस गुरविंदर सिंह गिल और जस्टिस जसजीत सिंह बेदी की खंडपीठ द्वारा सुनाया गया। यह मामला वर्ष 2001 का है, जब बाला नामक महिला का शव 19 अगस्त को सोनीपत के बख्तावरपुर गांव में एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया था। शुरुआत में इसे आत्महत्या का मामला माना गया।

**अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं**

उन्होंने आरोप लगाया कि बाला और कृष्ण के बीच कथित अवैध संबंधों के चलते यह हत्या की गई। शिकायत के आधार पर 23 अगस्त 2001 को मुरथल पुलिस स्टेशन में संविधान की धारा 302 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। दिसंबर 2001 में कृष्ण को गिरफ्तार किया गया और केवल उसी को आरोपी बनाकर हत्या के आरोप में अदालत में पेश किया गया, जबकि अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

---

**खबर संक्षेप**

### दिल्ली में आयुष्मान कार्ड के रजिस्ट्रेशन शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार ने गुरुवार से राजधानी में आयुष्मान



भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं। वित्त मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पहले फेज के रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। योजना में कमजोर लोगों को प्रति परिवार 5 लाख की वित्तीय मदद मिलती है।

### 3 मासूमों के साथ तालाब में कूद गई महिला

**भदोही।** यहां के दुर्गागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जद्दोपुर गांव में गुरुवार सुबह दिल दहला देने वाली एक



घटना सामने आई है। अन्नू देवी अपने 3मासूम बच्चों के साथ तालाब में कूद गई। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया है। अब तक केवल एक बच्चे का शव उतराया मिला था। गोताखोरों की टीम उनकी तलाश कर रही है।

### बिहार और यूपी में बिजली गिरने से 31 की मौत

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने अगले रविवार तक के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है।



आईएमडी का कहना है कि कल उत्तर-पश्चिम भारत में लू की स्थिति में कमी आएगी, जबकि पूर्वोत्तर और दक्षिणी राज्यों में बारिश की गतिविधियां तेज होंगी। अब तक यूपी और बिहार में बिजली गिरने से 31 लोगों की मौत हो चुकी है।

### पासपोर्ट में पत्नी या पति का नाम जोड़ना आसान

**नई दिल्ली।** पासपोर्ट में जीवनसाथी का नाम जुड़वाने की



प्रक्रिया अब बेहद आसान हो गई है। अब तक नाम जुड़वाने के लिए शादी के रजिस्ट्रेशन की जरूरत होती थी। अब सरकार ने इस प्रक्रिया को आसान कर दिया है। अब बिना मैरिज सर्टिफिकेट के ही पासपोर्ट में नाम जुड़वा सकेंगे।

---

### वक्फ कानून पर घमासान नहीं थम रहा, सियासी बयानबाजी चरम पर

**वक्फ बचाओ मुहिम शहर से गांव तक**

# ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड देशभर में शुरू करेगा आंदोलन, कोलकाता में सड़क पर बैठा समाज

### हर जिला मुख्यालय पर धरना देकर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ कानून को लेकर घमासान कम होने का नाम नहीं ले रहा। इसको लेकर सियासी बयानबाजी चरम पर है। इस बीच अब वक्फ कानून को लेकर सड़कों पर उतरकर देशभर में धरना प्रदर्शन करने की भी तैयारी है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कानून के खिलाफ देशभर में धरना प्रदर्शन शुरू करने जा रही है, जो करीब एक महीने तक चलेगा। बोर्ड ने इसे 'वक्फ बचाओ मुहिम' का नाम दिया गया, जिसके पहले दौर का आगाज 10 अप्रैल से हो गया है और 7 जुलाई तक चलेगा। बोर्ड ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन की तैयारी कर ली है। मुंबई में मुस्लिम इलाकों में संवाद यात्रा शुरू करेगा। इसके अलावा इसे लेकर कोलकाता के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। कई स्थानों पर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। आगजनी की। रामलीला मैदान में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से वक्फ बिल के खिलाफ विशाल प्रदर्शन हुआ। पश्चिम बंगाल जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष सिद्दीकुल्ला चौधरी ने इसे 'काला कानून' करार दिया।

■ भाजपा ने भी काउंटर करने की कर ली तैयारी

करीब एक महीने तक चलेगा इस पर विरोध

बताया जा रहा कि 7 जुलाई को होगा पटाक्षेप

**50 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस, महिला विंग भी उतरेगी**




ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा देश के बड़े 50 शहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने और सभी बड़े शहरों में बुद्धिजीवी समाज के साथ मीटिंग करने की बात कही। वहीं, महिलाओं को जागरूक करने के लिए महिला विंग भी मैदान में उतरेगी और अलग-अलग प्रोगाम आयोजित करेगी।

**गांव तक चलेगा अभियान,22 को दिल्ली में 'वक्फ की हिफाजत'**

बोर्ड के मुताबिक वक्फ कानून के विरोध में सभी प्रदेशों की राजधानियों में धरना और गिरफ्तारी कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जुम्मे की नमाज के बाद लोग ह्यूमन चेन बनाकर या फिर दूसरे तरीकों से विरोध दर्ज कराएंगे। ये अभियान शाह बानो मामले की तरह शहर से गांव तक चलाया जाएगा। बोर्ड ने 22 अप्रैल को तालकटोरा स्टेडियम में 'वक्फ की हिफाजत' के नाम से एक कार्यक्रम किया जाएगा। लोगों से अपील की गई है कि 30 अप्रैल रात 9 बजे वक्फ के विरोध में लाइटें आंधे घंटे के लिए बंद करें।

### अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची मोइत्रा

#### ओवैसी समेत 10 याचिकाओं पर 16 को होगी सुनवाई

वक्फ संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। इस बिल के खिलाफ टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा सुप्रीम कोर्ट चली गई है। महुआ मोइत्रा ने वक्फ (संशोधन) अधिनियन 2025 की वैधता को चुनौती देते हुए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है।



मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथ की पीठ ने इस कानून की वैधता को चुनौती देने वाली एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दायर याचिका सहित दस अन्य याचिकाओं को 16 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

### मुस्लिमों के दरवाजे जाकर वक्फ एक्ट के फायदे बताएगी भाजपा

## अग्रवाल और गौतम को मिली जिम्मेदारी, बिहार पर रखी जा रही नजर

भाजपा अब मुस्लिमों के बीच विरोध की आग को ठंडा करने की कोशिश में जुटेगी। इसकी शुरुआत बिहार से होगी, जहां कुछ महीने बाद विधानसभा चुनाव होना है। पार्टी के नेता दरवाजे-दरवाजे जाएंगे और विपक्ष के दावों को खारिज करते हुए बताएंगे कि कैसे यह कानून मुसलमानों के हित में होगा। जेडीयू को भी मरहम मिलेगा।




**विपक्ष के नैरेटिव को हर स्तर पर लाएंगे सामने**

पीएम खुद कई बार पसमांदा मुस्लिमों की उपेक्षा का मुद्दा उठा चुके हैं। भाजपा की कोशिश है कि पसमांदा मुस्लिमों के बीच पैठ बनाई जाए। यदि उनका एक हिस्सा भी साथ आया तो विपक्ष का नैरेटिव बुरी तरह बिगड़ेगा। इसे सामने लाएंगे।

#### सिद्दीकी और एंटनी भी मैदान में उतरेंगे

बिहार में कैंपेन चलाने की जिम्मेदारी राधा मोहन दास अग्रवाल और दुष्यंत गौतम दी गई है। उनके साथ अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी होंगे और अनिल एंटनी भी साथ होंगे। वर्कशॉप में किरेन रिजिजू समेत कई मंत्री आएंगे और बिल की बारीकियों के बारे में जानकारी देंगे। भाजपा नेताओं को हर पहलू की जानकारी हो ताकि मुस्लिम मोहल्लों में कोई दिक्कत न हो।

#### भाजपा भरवाएगी धन्यवाद मोदी फॉर्म

वक्फ बिल के विरोध में इस प्रदर्शन के बीच महाराष्ट्र भाजपा ने भी जनजागृति अभियान चलाने की तैयारी की है। इसके जरिए मुस्लिम इलाकों में संवाद यात्रा शुरू होगी। इस यात्रा के जरिए मुसलमानों को वक्फ कानून के बारे में ठीक से समझाया जाएगा। साथ ही हर सवालों का जवाब देने के बाद धन्यवाद मोदी का एक फॉर्म भी भरवाया जाएगा।

---

### कांग्रेस में बदलाव की बयार

## प्रवक्ता शर्मा से 7 माह में एआईसीसी सचिव पंजाब का प्रभार छीना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी में फेरबदल की शुरूआत हो गई। मप्र के तेजतर्रार प्रवक्ता आलोक शर्मा की एआईसीसी सचिव सह पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी से महज 7 महीने के अल्प कार्यकाल में कार्य मुक्त कर दिया गया। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक आधिकारिक आदेश जारी किया। एआईसीसी के मीडिया पैनलिस्ट के रूप में वे अपनी भूमिका जारी रखेंगे।



सूत्रों ने बताया कि पंजाब संगठन और प्रभारी महासचिव और छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नापसंदगी को भी आधार माना जा रहा है।


गत 30 अगस्त को ही शर्मा को सचिव बनाकर पंजाब का प्रभार दिया था। अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उस समय कई राज्यों के लिए नए सचिवों और संयुक्त सचिवों की नियुक्ति की थी। पंजाब में कांग्रेस पिछले कुछ समय से आंतरिक मतभेदों और नेतृत्व के मुद्दों से जूझ रही है। हाल के वर्षों में, पार्टी ने कई बड़े बदलाव देखे हैं। 2021 में कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाना और चरणजीत सिंह चन्नी को नियुक्त करना, साथ ही नवजोत सिंह सिद्धू के साथ चल रहे विवाद। ये एक ऐसा प्रदेश है जो कांग्रेस के लिए मुफीद है बस एक पंजाबियों का पुरसाहाल उनकी भाषा शैली समझने वाला कोई पंजाबियत दिल वाला नेता प्रभारी होना चाहिए।

#### विवादित बयान दिए थे

आलोक शर्मा एक मुखर कांग्रेस प्रवक्ता रहे हैं। कई मौकों पर उनके बयानों ने विवाद खड़ा किया है। 2019 में एक टीवी डिबेट के दौरान उन्होंने भाजपा प्रवक्ता पर पानी फेंक दिया था, जिसके बाद उनकी काफी आलोचना हुई थी। इसके अलावा, हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों ने पार्टी के भीतर और बाहर चर्चा को जन्म दिया हो सकता है। पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य में, जहां कांग्रेस को आप और भाजपा से कड़ी चुनौती मिल रही है, पार्टी को एक ऐसा प्रभारी चाहिए हो सकता है जो विवादों से दूर रहकर संगठन को मजबूत करे।

---

### जय महावीर स्वामी



**अजमेर।** जैन समुदाय के सदस्य गुरुवार को अजमेर में महावीर जयंती के अवसर पर जुलूस में भाग लेते हुए।

**मौर्य ने फायदे भी गिनाए**

### राहुल को एक साल संघ की शाखा में जाना चाहिए

**लखनऊ।** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के 2 दिनी अधिवेशन में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने संघ पर करारा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देशवासियों को मालूम होना चाहिए। इस बयान पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि राहुल को एक साल आरएसएस की शाखा में बिताना चाहिए। उन्हें सच्चाई पता चल जाएगी।



### राणा के प्रत्यर्पण पर चिदंबरम ने कहा

## मोदी सरकार श्रेय लेने में क्यों जुटी? ये यूपीए की सफल रणनीति का परिणाम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा के प्रत्यर्पण को लेकर वर्तमान भाजपा-नीत एनडीए सरकार पर प्रत्यर्पण का अनुचित श्रेय लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, राणा का प्रत्यर्पण तत्कालीन यूपीए सरकार की डेढ़ दशक की मेहनत का परिणाम है। चिदंबरम ने कहा कि राणा का भारत प्रत्यर्पण कोई दिखावटी उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह यूपीए सरकार द्वारा 2009 में शुरू की गई कूटनीतिक, कानूनी और खुफिया प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने इसे संस्थागत कूटनीति, कानूनी आधार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जीत बताया, जिसमें यूपीए सरकार ने अमेरिका के साथ मिलकर काम किया। यूपीए सरकार ने राणा और डेविड हेडली के खिलाफ सबूत जुटाने शुरू किए।



#### कोर्ट ने माफी दी थी

*चिदंबरम ने उल्लेख किया कि 2016 में मुंबई कोर्ट ने राणा को सहयोग की शर्त पर माफी दी, जिससे जाबिउद्दीन अंसारी (अबू जुंदाल) के खिलाफ केस में मदद मिली। 2018 और 2019 में भारतीय टीमें अमेरिका गईं ताकि कानूनी अड़चनों को दूर किया जा सके। राणा की रिहाई 2020 में स्वास्थ्य आधार पर हुई, जिसके बाद भारत ने प्रत्यर्पण की मांग को फिर से तेज किया। 2023 में अमेरिकी अदालत ने राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दी। 21 जनवरी को आखिरी याचिका अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी।*

---

### बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक काठमांडू में

## चौहान ने भगवान पशुपतिनाथ के किए दर्शन, रूद्राक्ष व हरसिंगार के पौधे रोपे

### सपरिवार मंदिर में जाकर टेका माथा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक के लिए काठमांडू (नेपाल) के दौरे पर हैं। चौहान ने गुरुवार को बैठक के बाद सपरिवार भगवान पशुपतिनाथ का दर्शन किया। शिवराज ने इसे लेकर सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर किया है। चौहान ने लिखा कि भगवान पशुपतिनाथ के पावन प्रांगण में रुद्राक्ष और हरसिंगार के पौधे रोपने का सौभाग्य मिला।



**श्रद्धालुओं से मुलाकात की**

चौहान ने कहा कि भगवान से यही कामना है कि वो सदबुद्धि दें, सबका कल्याण करें और सबको सही मार्ग पर चलाएं। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की। बारिश से बचने हाथ में छाता लेकर चलते दिखाई दिए।

#### कर्म के मार्ग को शिव की प्रेरणा बताया

चौहान ने लिखा कि 4 वर्ष पूर्व नर्मदा मैया की गोद में रोपे संकल्प का बीज पशुपति महादेव के आंगन तक पहुंच गया है। मैं तो बस एक निमित्त हूं, कर्म का यह मार्ग, शिव की प्रेरणा है। महादेव की कृपा बनी रहे और प्रकृति की सेवा का यह संकल्प इसी प्रकार पल्लवित, पुष्पित होता रहे। पशुपतिनाथ के चरणों में यही प्रार्थना है। हर हर महादेव। उन्होंने कहा कि जीवन धन्य हो गया। हमें नई उर्जा और प्रेरणा मिली।

---

**पिछले अक्टूबर से इस्तीफे के कारण यह पद था रिक्त**

### कांग्रेस नेतृत्व ने रणनीति के तहत किया बड़ा फेरबदल

## कैप्टन अजय यादव के स्थान पर अब बिहार के डॉ. अनिल यादव होंगे एआईसीसी ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लगभग चार महीने के लंबे अंतराल के बाद आखिरकार कांग्रेस पार्टी को ओबीसी मोर्चा का नया अध्यक्ष मिल गया। बिहार के डॉ. अनिल जयहिंद को मोर्चे का नया अध्यक्ष बनाया गया है। हरियाणा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव के अक्टूबर 2024 में इस्तीफे की वजह से मोर्चा का अध्यक्ष पद खाली था। हरियाणा विधानसभा चुनाव में खासकर सूबे के अहिरवाल क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की दुर्गति के साथ अपने बेटे चिरंजीव राव को भी न जिता पाने की कसक लिए एआईसीसी ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हरियाणा के रेवाडी से छह बार विधायक रहे कैप्टन अजय यादव ने पांच महीने पहले ही कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता और मोर्चे के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देने से पहले



उन्होंने मोर्चा अध्यक्ष पद को झुनझुना बताया था। सूबाई सियासत में हुड्डा खेमे से उनकी अदावत जग जाहिर है। बाद में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे को उन्होंने बेटे चिरंजीव राव के दखल के बाद वापस ले लिया था।

#### जातिगत समीकरण और राहुल गांधी की रणनीति

*राहुल गांधी ने हाल के वर्षों में जाति जनगणना, ओबीसी आरक्षण और सामाजिक न्याय को अपनी राजनीति का केंद्र बनाया है। जयहिंद की नियुक्ति इस रणनीति को मजबूत करने का हिस्सा हो सकती है, खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा जैसे राज्यों में ओबीसी नेताओं ने पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। बिहार जैसे राज्य में एक ओबीसी नेता को आगे लाकर कांग्रेस यह दिखाना चाहती है कि वह अपनी बातों को अमल में ला रही है।*

#### कौन हैं अनिल जयहिंद

यादव समाज के अनिल जयहिंद उफ अनिल कुमार यादव पेशे से चिकित्सक रहे हैं। शरद यादव के साथ लंबे समय तक समाजवादी राजनीति में रुचि ली। बिहार में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले और ओबीसी वोटरों के कांग्रेस से जोड़ने की रीति नीति से अनिल जयहिंद को जिम्मेदारी दी गई है। बिहार में ओबीसी समुदाय की बड़ी आबादी है, और कांग्रेस पिछले कुछ वर्षों से वहां अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने की कोशिश कर रही है। हाल के विधानसभा उपचुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन बेहतर हुआ है, लेकिन उसे अभी भी राजद और जदयू जैसे क्षेत्रीय दलों से कड़ी चुनौती मिल रही है। जयहिंद की नियुक्ति से कांग्रेस बिहार में ओबीसी मतदाताओं को यह संदेश देना चाहती है कि वह उनके हितों को गंभीरता से ले रही है। जयहिंद एक अपेक्षाकृत नया चेहरा हैं और उनकी छवि एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता की है।

## मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों का आरोपी तहव्वुर राणा अमेरिका से लाया गया

# नया भारत घर में घुसकर ही नहीं मारता, घर से उठाकर भी लाता है- राणा के प्रत्यर्पण की कहानी में मोदी सरकार का रहा 'दबदबा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई पर 26 नवंबर 2008 में हुए आतंकी हमलों की साजिश रचने वाला तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया गया है। भारत पिछले 17 वर्षों से राणा और उसके साथी डेविड कोलमैन हेडली के प्रत्यर्पण की कोशिश में लगा था, जो कि 2009 में ही अमेरिका में गिरफ्तार हुए थे। तहव्वुर राणा के मामले में अमेरिका की निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के दावों को मानते हुए उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी देने के बाद भारतीय एजेंसियां उसे भारत ले आई हैं। बता दें, राणा मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। हेडली ने हमलों से पहले खुद को राणा की आव्रजन कंपनी का कर्मचारी बताकर मुंबई के स्थानों की रेकी की थी। 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक समूह ने अरब सागर में समुद्री मार्ग का इस्तेमाल करके भारत की वित्तीय राजधानी में घुसने के बाद सीएसएमटी, दो होटलों और एक यहूदी केंद्र पर हमला किया था। हमले में 175 लोगों की मौत हुई थी।

**भारत पिछले 17 वर्षों से प्रत्यर्पण की कोशिश में लगा था**

**सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के दावों को माना**



### डेविड हेडली भी है साजिशकर्ता

*मुंबई आतंकी हमले की साजिश रचने में राणा के साथ उसके बचपन को दोस्त डेविड कोलमैन हेडली भी है। वह फिलहाल अमेरिका की जेल में बंद है। उसका असली नाम दाऊद सईद गिलानी था। वह एक पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिक है। उसका पिता पाकिस्तानी है और मां अमेरिका से ताल्लुक रखती हैं। वह राणा के साथ लगातार संपर्क में था और उसने अपनी गतिविधियों के लिए मुंबई में एक इमिग्रेशन फर्म खोली थी। वर्ल्ड इमिग्रेशन सर्विसेज नाम का एक इमिग्रेशन और ट्रैवल एजेंसी का मालिक राणा ही था। आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने मुंबई हमले की योजना बनाई थी।*



### गद्दारों पर कड़ी नजर



*केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पटना में कहा कि जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, देश के गद्दारों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भारत से आतंकवाद का लगभग सफाया हो गया है। पिछले 14 वर्षों में देशद्रोहियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। किसी को भी बख्शा नहीं गया है।*

### प्रत्यर्पण भारत के संकल्प का प्रतिबिंब



*भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राणा का प्रत्यर्पण मोदी सरकार और इसकी सुरक्षा एजेंसियों की एक बड़ी उपलब्धि है। यह उन सुरक्षाकर्मियों के प्रति भी श्रद्धांजलि है जिन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों से लड़ते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यह हमले में मारे गए 160 से अधिक लोगों को न्याय दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।*

### संभवतः राणा को मृत्युदंड मिलेगा: जीके पिल्लई



पूर्व गृह सचिव गोपाल कृष्ण पिल्लई ने कहा कि राणा को निश्चित रूप से देश में दोषी ठहराया जाएगा और उसे इस जघन्य आतंकवादी कृत्य में शामिल होने के लिए संभवतः उसे मृत्युदंड या 10 साल या उससे अधिक की सजा मिलेगी। उन्होंने कहा हमारे पास पाकिस्तान में मौजूद अन्य आरोपियों की जानकारी भी हैं जिनके खिलाफ वारंट जारी किए गए हैं लेकिन पाकिस्तान ने उन पर अमल नहीं किया है। पाकिस्तान पूरी जांच में बाधा डालता रहा। उसने न तो उन पर (आरोपियों पर) पाकिस्तान में मुकदमा चलाया और न ही उन्हें भारत में मुकदमे चलाने के लिए हमें सौंपा।

### राणा का प्रत्यर्पण देश के लिए बड़ी उपलब्धि: आरके सिंह



पूर्व गृह सचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा कि राणा का प्रत्यर्पण देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्यर्पण अन्य आतंकवादियों के लिए एक संदेश है कि यदि आप कहीं जाते हैं और किसी देश पर हमला करते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप किसी अन्य देश में रह सकते हैं। आपको उस देश में न्याय का सामना करना पड़ेगा जहां आपने आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया। यह महत्वपूर्ण है कि आतंकवादियों तक ऐसा संदेश जाए। उन्होंने कहा कि राणा की गवाही से उन विवरणों को हासिल करने में मदद मिलेगी जो भारतीय अधिकारियों को ज्ञात नहीं हैं।

### 26/11 के असली हीरो



**हेमंत करकरे:** मुंबई एटीएस के चीफ हेमंत करकरे कामा हॉस्पिटल के बाहर चली मुठभेड़ में आतंकी अजमल कसाब और इस्माइल खान की अंधाधुंध गोलियां लगने से वह शहीद हो गए। मरणोपरांत उन्हें अशोक चक्र से सम्मानित किया था।



**तुकाराम ओंबले:** मुंबई पुलिस के एएसआई तुकाराम ओंबले ने आतंकी अजमल कसाब का बिना किसी हथियार के सामना किया और अंत में उसे दबोच लिया। उन्हें कसाब की बंदूक से कई गोलियां लगीं और वह शहीद हो गए। उन्हें अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था।



**अशोक काम्टे:** मुंबई पुलिस में बतौर एसीपी तैनात थे। हमले के दौरान करकरे के साथ थे। कामा हॉस्पिटल के बाहर पाकिस्तानी आतंकी इस्माइल खान ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी। एक गोली उनके सिर में आ लगी। घायल होने के बावजूद उन्होंने दुश्मन को मार गिराया।



**विजय सालस्कर:** सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर विजय सालस्कर कामा हॉस्पिटल के बाहर हुई फायरिंग में हेमंत करकरे और अशोक काम्टे के साथ आतंकियों की गोली लगने से शहीद हो गए थे। शहीद विजय को मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था।



**मेजर संदीप उन्नीकृष्णन:** नेशनल सिक्यॉरिटी गार्ड्स के कमांडो थे। वे मिशन ऑपरेशन ब्लैक टारनेडो का नेतृत्व कर रहे थे और 51 एसएजी के कमांडर थे। एक आतंकी ने पीछे से उन पर हमला किया जिससे घटनास्थल पर ही वह शहीद हो गए। मरणोपरांत 2009 में अशोक चक्र से सम्मानित किया।

**इनके अलावा हवलदार गजेंद्र सिंह, नागप्पा आर.महाले, किशोर के.शिंदे, संजय गोविलकर, सुनील कुमार यादव और कई अन्य ने भी बहादुरी की मिसाल पेश की।**

### तहव्वुर राणा की पूरी कहानी

## मुंबई हमले से लेकर भारत प्रत्यर्पण तक

**26 नवंबर 2008: मुंबई में हुआ आतंकी हमल**
साल 2008 में मुंबई में पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने घुसकर शहरभर में हमले किए थे। इन बर्बर हमलों में छह अमेरिकी नागरिकों और कुछ यहूदियों समेत 166 लोग मारे गए थे।

**अक्तूबर 2009: अमेरिकी एयरपोर्ट पर हुई गिरफ्तारी**
डेविड हेडली और तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका के शिकागो में स्थित ओहारे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया। यह दोनों अमेरिका से पाकिस्तान भागने की कोशिश में थे।

**11 नवंबर 2009: भारत में एनआईए ने हेडली-राणा को बनाया आरोपी**
एनआईए ने मुंबई हमलों के साजिशकर्ता के तौर पर डेविड कोलमैन हेडली और तहव्वुर राणा के नाम का खुलासा किया। इन दोनों के खिलाफ यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया।

**23 मई 2011-9 जून 2011: अमेरिका में मुकदमा**
2011 में राणा पर अमेरिका में दोनों मामलों में मुकदमा चलाया गया और उसे डेनिश अखबार पर हमला करने की साजिश में पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा को मदद पहुंचाने का दोषी ठहराया गया। हालांकि, कई सबूत होने के बावजूद अमेरिकी जिला अदालत की जूरी ने उसे मुंबई हमलों में शामिल होने के आरोप से बरी कर दिया।

**24 दिसंबर 2011: एनआईए ने दायर की चार्जशीट**
भारत की एनआईए ने तहव्वुर राणा, डेविड हेडली, लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद, जकी-उर-रहमान लखवी, अल-कायदा के इलियास कश्मीरी और पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों समेत कुल 9 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की।

**17 जनवरी 2013: राणा को यूएस में 14 साल की सजा**
तहव्वुर राणा को संघीय जेल में 14 साल की सजा सुनाई गई, इसके बाद उसे पांच साल तक निगरानी में रखने का निर्देश दिया गया। यह तब हुआ, जब डेविड हेडली ने दोनों मामलों में अभियोजकों को खुलकर तहव्वुर राणा के खिलाफ सबूत दिए थे। हालांकि, राणा के वकीलों का कहना था कि डेविड हेडली झूठ बोलकर बच निकलने में माहिर रहा है। उसने कई पुराने दोस्तों को आपराधिक मामलों में फंसाया और खुद कम सजा के साथ बच निकला।

**2014: दिल्ली की अदालत ने जारी किए गैर-जमानती वारंट**
दिल्ली की एक सत्र अदालत ने भारत की पकड़ से दूर तहव्वुर राणा समेत नौ आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए।

**दिसंबर 2019: भारत ने फिर की प्रत्यर्पण की मांग**
भारत ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका को राजनयिक नोट सौंपा। तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की मांग उठाई।

**मई 2020: अमेरिका की जेल से मिली आजादी**
अमेरिका में तहव्वुर राणा को को कोरोनावायरस से संक्रमित होने के बाद स्वास्थ्य कारणों से दक्षिण कैलिफोर्निया की टर्मिनल आईलैंड जेल से रिहाई दे दी गई। उसने सजा भी पूरी नहीं की थी।

**10 जून 2020: लॉस एंजेलिस से फिर हुई गिरफ्तारी**
भारत ने राणा के पहुंच से दूर हो जाने की आशंका के मद्देनजर प्रत्यर्पण और अंतरिम गिरफ्तारी की अपील को अमेरिकी प्रशासन के सामने बढ़ाया। इसके बाद राणा को फिर से लॉस एंजेलिस से गिरफ्तार कर लिया गया।

**मई 2023: राणा को अदालत से मिला पहला झटका**
कैलिफोर्निया के एक जिला न्यायालय ने राणा को भारत प्रत्यर्पित किए जाने का फैसला दिया। अमेरिकी सरकार ने भी राणा के भारत प्रत्यर्पण को दोनों देशों के बीच की संधि के तहत वैध माना।

**अगस्त 2024: फिर ठुकराई गई अपील**
कैलिफोर्निया में स्थित संघीय अदालत ने भी प्रत्यर्पण के खिलाफ दी गई राणा की अपील को ठुकरा दिया।

**सितंबर 2024: सभी निचली अदालतों से झटका**
राणा की अपील को सैन फ्रैंसिस्को नॉर्थ सर्किट की अपीलीय अदालत ने भी खारिज कर दिया और उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी। इसी के साथ तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को अमेरिका की सभी निचली अदालतों में मंजूरी मिली। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत का साथ दिया।

**21 जनवरी 2025: सुप्रीम कोर्ट ने भी दी प्रत्यर्पण को मंजूरी**
अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने भी तहव्वुर राणा को झटका दिया और उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी।

**27 फरवरी 2025: राणा ने दायर की समीक्षा याचिका**
राणा ने एक समीक्षा याचिका दायर कर कहा कि भारत में उसे पाकिस्तानी मुस्लिम होने की वजह से प्रताड़ित किया जाएगा। उसने पार्किन्सन और किडनी की खराबी समेत कई और बीमारियों का बहाना बनाया।

**6 मार्च 2025: अदालत ने नहीं दी कोई राहत**
सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को भी खारिज कर दिया और प्रत्यर्पण का रास्ता साफ कर दिया।

**20 मार्च 2025: चीफ जस्टिस से प्रत्यर्पण रोकने की मांग**
तहव्वुर राणा ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स को आवेदन देकर प्रत्यर्पण रोकने की मांग उठाई।

**7 अप्रैल 2025: राणा की आखिरी कोशिश भी असफल हुई**
चीफ जस्टिस रॉबर्ट्स ने राणा की मांग को अस्वीकार कर दिया। उसके प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हुआ।

**9 अप्रैल 2025: अमेरिका ने तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया**
अमेरिका ने तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया। एनआईए के अधिकारी प्रत्यर्पण के लिए अमेरिका पहुंचे। भारत लाने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## बलिदानी मेजर संदीप के पिता बोले अभी बहुत सी परतें जिन्हें ढूंढना बाकी



*मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों के दौरान आतंकवादियों से लड़ते हुए बलिदान हुए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के पिता के. उन्नीकृष्णन ने कहा कि तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण भारत की 'कूटनीतिक सफलता' है जो भारत को लंबे समय के बाद मिली है। यह कोई अंतिम बात या बड़ी उपलब्धि नहीं है, इसमें बहुत सी परतें हैं जिन्हें हमें हासिल करना है। एक आम आदमी के लिए, वह एक कड़ी था। जब डेविड कोलमैन हेडली भारत में था, तब उसने 231 कॉल किए थे। सारे सबूत यहां मौजूद हैं। यह (राणा) एक विद्वान व्यक्ति है जो अकेले ही सब कुछ संभाल सकता है। देखते हैं इससे क्या निकलता है। उन्होंने आगे कहा कि संदीप 26/11 का पीड़ित नहीं था। वह एक सुरक्षाकर्मी था जो हमले के दौरान ड्यूटी पर था। उसने अपना कर्तव्य निभाया। अगर उसने मुंबई में ऐसा नहीं किया होता, तो वह कहीं और करता। वह अपना कर्तव्य निभा रहा था।*

### खबर संक्षेप

#### हसीना की बढ़ीं मुश्किलें जारी हुआ एक और वारंट



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ रही हैं। एक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ एक और गिरफ्तारी वारंट जारी किया। उन पर धोखाधड़ी से आवासीय भूखंड हासिल करने का आरोप लगाया गया है।

#### फ्रांस जून में फिलीस्तीन को देगा मान्यता



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि फ्रांस फिलीस्तीन को मान्यता देने की योजना बना रहा है और इसे लेकर जून में न्यूयॉर्क में होने वाले संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में ऐलान कर सकता है।

### डीएसएससी के 80वें दीक्षांत समारोह में बोले रक्षा मंत्री

# साइबर और अंतरिक्ष-सूचना युद्ध भी शक्तिशाली आज की दुनिया 'ग्रे जोन' और हाइब्रिड युद्ध की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु के वेलिंगटन में गुरुवार को डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के 80वें स्टाफ कोर्स के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सैन्य बलों को संयुक्त रूप से काम करने के अलावा वर्तमान में लगातार विकसित होते बहु-क्षेत्रीय वातावरण में भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए।

जहां पारंपरिक अभियानों की तरह ही साइबर और अंतरिक्ष-सूचना युद्ध भी शक्तिशाली हैं। आज की दुनिया ग्रे जोन और हाइब्रिड युद्ध की है। जिसमें बिना गोली चलाए रणनीतिक-सैन्य लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। 80वें स्टाफ कोर्स में 479 अधिकारी शामिल हैं।

## *जागरूकता, क्षमता, अनुकूलनशीलता, दक्षता और दूत जैसे 'फाइव ए' पर ध्यान केंद्रित करें*



### सीमाओं पर लगातार खतरे

*रक्षा मंत्री ने जागरूकता, क्षमता, अनुकूलनशीलता, दक्षता और दूत जैसे 'फाइव ए' पर ध्यान केंद्रित करते हुए भावी चुनौतियों से मुकाबला करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी सीमाओं पर लगातार खतरों का सामना करना पड़ रहा है। जो उसके पड़ोस से उत्पन्न छद्म युद्ध और आतंकवाद की चुनौती से भी जटिल हो गए हैं। एआई व अन्य उभरती हुई तकनीक प्रतिरोध और लड़ाई में क्रांति ला रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष में ड्रोन एक नए हथियार के रूप में उभरे हैं। जिन्होंने पारंपरिक तोपखाने और कवच से इतर सैनिकों और उनके उपकरणों को अधिकांश नुकसान पहुंचाया है।*

### परिवर्तनों संग तेजी से आगे बढ़ें

*उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन जैसे गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरों के अलावा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनावों का समग्र सुरक्षा परिदृश्य पर प्रभाव पड़ता है। इस बीच भावी युद्धों में सक्षम और प्रासंगिक बने रहने के लिए सशस्त्र बलों के परिवर्तन को तेजी से आगे बढ़ाने की जरूरत है। पीएम का 2047 का विकसित भारत का विजन सुरक्षित और सशक्त भारत पर मजबूती से टिका हुआ है।*

**भविष्य की तैयारी**

### स्वदेशी रक्षा इकोसिस्टम बनाना आवश्यकता

रक्षा मंत्री ने कहा कि भविष्य के लिए तैयार स्वदेशी रक्षा इकोसिस्टम का निर्माण करना हमारी एक रणनीतिक आवश्यकता है। वर्तमान की भू-राजनीति तीन प्रमुख मानदंडों द्वारा फिर से परिभाषित की जा रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक प्रमुख धुरी, वैश्विक परिदृश्य में व्यापक तकनीकी सुनामी और नवाचार में तेजी इसका हिस्सा हैं। सैन्य अधिकारियों को रणनीतिक-सैन्य परिवर्तन के मोड़ पर बढ़त बनाने के लिए इन प्रवृत्तियों का गहराई से अध्ययन करना चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सशस्त्र बलों को बहु-क्षेत्रीय एकीकृत संचालन में सक्षम और तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध के लिए तैयार बल के रूप में बदलने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। उक्त संघर्ष हमें सिखाते हैं कि एक सुदृढ़, स्वदेशी और भविष्य के लिए तैयार रक्षा प्रौद्योगिकी विनिर्माण इकोसिस्टम का निर्माण केवल एक विकल्प नहीं बल्कि एक रणनीतिक आवश्यकता है।

### विदेश मंत्री आज जीटीएस को करेंगे संबोधित

## 40 देशों के समक्ष डिजिटल गवर्नेंस को मजबूती प्रदान करने का देंगे मंत्र



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जियो-तकनीक को लेकर भारत के फ्लैगशिप संवाद से जुड़े 'वैश्विक तकनीक सम्मेलन-25' (जीटीएस) के उद्घाटन सत्र को शुक्रवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर संबोधित करेंगे। औपचारिक रूप से इस तीन दिवसीय सम्मेलन की शुरुआत 10 अप्रैल से हो गई है। इस वर्ष इसका नौवां संस्करण है, जिसकी सह-मेजबानी विदेश मंत्रालय और कार्नेगी इंडिया संयुक्त रूप से कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सम्मेलन की थीम 'संभावना' रखी गई है। जिसके जरिए यह देखने-समझने की कोशिश की जाएगी कि कैसे तकनीक की मदद से समावेशी विकास, डिजिटल गवर्नेंस की मजबूती और सीमा पार भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सकता है। इसमें दुनिया के 40 देशों के 150 से अधिक वक्ता शामिल होंगे। 40 पब्लिक सत्र भी होंगे।

### ग्लोबल साउथ क्षेत्र को होगा लाभ

जीटीएस में आयोजित किए जाने वाले सत्रों में शामिल जटिल विषयों में एआई गवर्नेंस, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा प्रोटेक्शन, साइबर-स्पेस सिक्योरिटी और ग्लोबल साउथ के देशों के साथ उभरती हुई तकनीक को लेकर सहयोग बढ़ाना शामिल है। यह आयोजन अगली पीढ़ी की आवाज को भी सबके सामने रखेगी। युवा एंबेस्डर प्रोग्राम के जरिए छात्र और युवा व्यवसायी देश भर में सीधे नीति संवाद में भागीदारी कर सकेंगे। भागीदार देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, यूएई, ब्राजील, यूरोपीय संघ, फिलीपींस और नीदरलैंड जैसे देश शामिल हैं। 12 अप्रैल को विदेश सचिव विक्रम मिस्री सम्मेलन में भाग लेंगे।

### भारत ने पाक समक्ष घुसपैठ, संघर्षविराम उल्लंघन पर जताई नाराजगी

# भारत-पाकिस्तान की सेनाओं के बीच पुंछ में एलओसी पर हुई फ्लैग मीटिंग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते कुछ समय से जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तोड़े जा रहे संघर्षविराम समझौते, आतंकी घुसपैठ की कोशिशों और आईईडी धमाकों के मामले को लेकर गुरुवार को भारत ने पाकिस्तान के समक्ष जोरदार अंदाज में अपनी नाराजगी जाहिर की। दोनों देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के बीच 10 अप्रैल को पुंछ जिले के चकंदा बाग में एक फ्लैग मीटिंग हुई। जो कुल करीब एक घंटे तक चली और उसमें भारत और पाकिस्तान का नेतृत्व सेना के ब्रिगेडियर रैंक के



वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि एलओसी पर उक्त घटनाक्रम के मध्य दोनों पक्षों के बीच हुई यह दूसरी बैठक थी। जिसमें सीमा प्रबंधन से जुड़े हुए सभी जरूरी मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस फ्लैग मीटिंग के लिए पाकिस्तान की तरफ से भारत से अनुरोध किया गया था जिसे उसने स्वीकार किया।

#### शांति का ढोंग करता पाक

मौजूदा अप्रैल महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर से एलओसी पर संघर्षविराम समझौते का उल्लंघन कर भारतीय सेनाओं की चौकियां पर गोलीबारी की थी। जबकि पूर्व में पुंछ में बारूदी सुरंग फटने की घटना भी सामने आ चुकी है। 2 अप्रैल को पाक सेना की हिंसात्मक कार्रवाई पर विरोध दर्ज कराने के लिए दोनों सेनाओं के बीच चकंदा बाग में ही ब्रिगेड कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग भी हो चुकी है। जो करीब 75 मिनट तक चली और उसमें दोनों पक्षों ने सीमाओं पर शांति स्थापित करने की आवश्यकताओं पर जोर दिया। इसके बाद भी एलओसी पर पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा।

### भारत और यूके के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत जारी

# सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए उठाए कदम

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत और यूके ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के लिए बातचीत जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

यह जानकारी लंदन में आयोजित '13वें इकोनॉमिक एंड फाइनेंशियल डायलॉग' में दी गई, जिसकी सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और ब्रिटेन की चांसलर ऑफ एक्सचेकर रेचल रीव्स ने की। एक साझा बयान में कहा गया कि ब्रिटिश पक्ष को अपनी आगामी औद्योगिक रणनीति के बारे में जानकारी देने में खुशी हुई, जिसके तहत यह साझेदारी औद्योगिक रणनीति के प्राथमिकता वाले विकास को बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों, जैसे उन्नत विनिर्माण और लाइफ साइंस, को सपोर्ट कर सकती है, जहां ब्रिटिश विशेषज्ञता और रिसर्च क्षमता भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने में मदद कर सकती है। साथ ही स्वच्छ ऊर्जा, पेशेवर और व्यावसायिक सेवाओं, वित्तीय सेवाओं, क्रिएटिव उद्योगों और रक्षा में नौकरियों और आर्थिक विकास को समर्थन दे सकती है।

**खास बातें**

- भारत-ब्रिटेन रक्षा औद्योगिक रोडमैप पर करेंगे हस्ताक्षर
- स्वच्छ ऊर्जा, व्यावसायिक सेवाओं में करेंगे सहयोग



#### औद्योगिक संबंधों को करेंगे मजबूत

दोनों पक्ष औद्योगिक क्षेत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने और सप्लाई चेन को सपोर्ट करने के लिए 'भारत-ब्रिटेन रक्षा औद्योगिक रोडमैप' पर हस्ताक्षर करने पर विचार कर रहे हैं। भारत और यूके ने हाल के वर्षों में हुए फाइनेंशियल सर्विसेज ट्रेड का स्वागत किया, इसे और आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

#### रुपए को अंतरराष्ट्रीय करेंसी के रूप में विकसित करने पर चर्चा

संयुक्त बयान के अनुसार दिसंबर 2024 में भारत की गिफ्ट सिटी आईएफएससी में आयोजित फाइनेंशियल मार्केट्स डायलॉग (एफएमडी) ने बैंकिंग, इंश्योरेंस, पेंशन, कैपिटल मार्केट्स और सस्टेनेबल फाइनेंस में हमारे सहयोग को गहरा करने का अवसर प्रदान किया और हमारी टीमें इस वर्ष के अंत में लंदन में अगले एफएमडी के लिए मिलेंगी। इस डायलॉग में भारतीय रुपए के अंतरराष्ट्रीकरण पर भी चर्चा की गई। इससे रुपए को एक अंतरराष्ट्रीय करेंसी के रूप में विकसित होने में भी मदद मिलेगी।




## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 5 | 4 | 1 | 8 |
| दिल्ली | 4 | 4 | 0 | 8 |
| बेंगलुरु | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 |
| राजस्थान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

**ऑरेंज कैप**



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

**पर्पल कैप**



नूर अहमद
11 विकेट
चेन्नई

### भारतीय महिला हॉकी 26 से करेगी ऑस्ट्रेलिया का दौरा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी।



हॉकी इंडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भारत श्रृंखला की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होने वाले दो मैचों से करेगा। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला खेलेगी। इस श्रृंखला के मैच एक, तीन और चार मई को खेले जाएंगे। सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे।

## आईपीएल : कैपिटल्स ने बेंगलुरु को छह विकेट से हराया

# फिरकी गेंद और आक्रामक बल्लेबाजी से दिल्ली अजेय, राहुल शतक से चूके

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कुलदीप यादव और विपराज निगम की फिरकी के जादू के बाद केएल राहुल के 53 गेंद में 93 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने शीर्षक्रम की नाकामी से उबरते हुए गुरुवार को आईपीएल के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया। पहले क्षेत्ररक्षण चुनते हुए दिल्ली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सात विकेट पर 163 रन पर रोक दिया। जवाब में दिल्ली ने 13 गेंद बाकी रहते चार विकेट पर 169 रन बनाकर जीत दर्ज की।

राहुल ने यश दयाल को छक्का जड़कर विजयी रन लिए। राहुल ने 53 गेंद में सात चौकों और छह छक्कों की मदद से 93 रन बनाए। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए ट्रिस्टन स्टब्स के साथ 111 रन की साझेदारी की। स्टब्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे। राहुल को यश दयाल की गेंद पर रजत पाटीदार ने उस समय जीवनदान दिया जब उन्होंने पांच ही रन बनाए थे। यह आरसीबी पर काफी भारी पड़ा और राहुल ने लेग स्पिनर सुयांश शर्मा और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को जमकर नसीहत दी।




### दिल्ली की चौथी जीत

दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन की लगातार चौथी जीत दर्ज की। वहीं, बेंगलुरु को दूसरी हार मिली। प्वाइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स टॉप-2 पर पहुंच गई है। वहीं, आरसीबी पांच मैच में तीन जीत और दो हार के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट रन आउट | 37 | 17 | 4 | 3 |
| कोहली का स्टार्क बो निगम | 22 | 14 | 1 | 2 |
| पड्डिकल का पटेल बो मुकेश | 01 | 08 | 0 | 0 |
| पाटीदार का राहुल बो कुलदीप | 25 | 23 | 1 | 1 |
| लियाम का आशुतोष बो मोहित | 04 | 06 | 0 | 0 |
| जितेश का राहुल बो कुलदीप | 03 | 11 | 0 | 0 |
| कृणाल का आशुतोष बो निगम | 18 | 18 | 1 | 0 |
| टिम डेविड नाबाद | 37 | 20 | 2 | 4 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 01 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15, योग : 20 ओवर में 163/7
गेंदबाजी : स्टार्क 3-0-35-0, अक्षर 4-0-52-0, निगम 4-0-18-2, मुकेश 3-1-26-1, कुलदीप 4-0-17-2, मोहित 2-0-10-1.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डु प्लेसी का पाटीदार बो दयाल | 02 | 02 | 0 | 0 |
| मैकगुर्क का शर्मा बो कुमार | 07 | 06 | 1 | 0 |
| पोरेल का शर्मा बो कुमार | 07 | 07 | 1 | 0 |
| केएल राहुल नाबाद | 93 | 53 | 7 | 6 |
| अक्षर का डेविड बो सुयश | 15 | 11 | 2 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 38 | 23 | 4 | 1 |

अतिरिक्त : 07, योग : 17.5 ओवर में 169/4
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-26-2, दयाल 3.5-0-45-1, हेजलवुड 3-0-40-0, सुयश 4-0-25-1, कृणाल 2-0-19-0, लिविंगस्टोन 1-0-14-0.

### कोलकाता और चेन्नई में मुकाबल आज

चेन्नई। लगातार हार से बेजार चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। चेन्नई की टीम को अभी तक पांच मैच में से चार में हार का सामना करना पड़ा है और इसलिए यह मैच उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण बन गया है। उसे अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से 18 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। चेन्नई की टीम अब अपना भाग्य बदलने के उद्देश्य से अपने घरेलू मैदान पर खेलने के लिए उतरेगी। उसे हालांकि अभी तक यहां के विकेट से उतनी मदद नहीं मिली है जैसे कि अतीत में मिला करती थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़ी हार के बाद चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पिच को लेकर अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्त की थी।

**खास खबर**

## सैमसन पर धीमी ओवर गति के लिए 24 लाख रुपए का जुर्माना

**अहमदाबाद।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर आईपीएल में यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण



24 लाख रुपए का भारी जुर्माना लगाया गया है। गुजरात टाइटंस ने बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया यह मैच 58 रन से जीता था। राजस्थान रॉयल्स की टीम 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.2 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई थी। आईपीएल ने गुरुवार को एक बयान में कहा, उनकी टीम का यह सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए सैमसन पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इम्पैक्ट प्लेयर सहित अंतिम एकादश में शामिल अन्य खिलाड़ियों पर या तो छह लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया है।'

### गुजरात ने रणनीति पर अच्छे से अमल किया



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए टीम के गेंदबाजों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेट पर अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। साई सुदर्शन (82 रन) ने शानदार अर्धशतक लगाया, इसके बाद सभी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करके गुजरात टाइटंस को 58 रन से जीत दिलाई। गुजरात के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए तो राशिद खान और साई किशोर ने दो-दो विकेट लेकर राजस्थान को 159 रन पर आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भीषण गर्मी का प्रकोप?




लू लगना, डी हायड्रेशन, एसिडिटी, खट्टी डकार, जी मिचलना इत्यादी परेशानियों में ताजे अनार के रस तथा लौंग, सौंठ, पिपली, जायफल जैसे द्रव्य से निर्मित दाड़िमावलेह अत्यंत लाभकारी, सुरक्षित व हानिरहित है। यह उत्तम पित्तशामक, दाहशामक और पाचनक्रिया में सहायक है।

बैद्यनाथ असली आयुर्वेद दाड़िमावलेह
भीषण गर्मी में परिवार का सुरक्षा कवच
वैद्यकीय सलाह: 844 844 4935 I www.baidyanath.co

### 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक से 75 किग्रा भार वर्ग हटाया

## ओलंपिक : 70 किग्रा वजन वर्ग में जा सकती है लवलीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन 70 किग्रा वर्ग में जा सकती हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए उनके मौजूदा 75 किग्रा भार वर्ग को खत्म कर दिया है। आईओसी ने बुधवार को ओलंपिक 2028 के लिए कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा की घोषणा की।

नए बदलाव के कारण लवलीना को या तो 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा या



80 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में अपना भाग्य आजमाना होगा। घटनाक्रम से हैरान लवलीना ने गुवाहाटी से कहा, 'यह मेरे लिए बिल्कुल नई जानकारी है। यह काफी चौंकाने वाली है। मुझे लगता है कि मुझे 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा क्योंकि मेरे लिए 80 किग्रा से अधिक तक जाना मुश्किल होगा।' उनकी निजी कोच प्रणामिका बोरा ने कहा, 'इस खबर से मैं वास्तव में हैरान हूं।

अभी किसी फैसले पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। वह 70 और 80 दोनों वजन वर्गों में लड़ सकती है लेकिन हमें इस पर फैसला करने से पहले कुछ परीक्षण करने होंगे।'




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on all Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative are may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 8349032276, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **BHOPAL:** Surana Honda - 4074455, 7566665646; Sai Samarth Honda - 07554253222, 9109103832; BGS Honda - 4044441, 7440654321, 4044441,2; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504, 8889592345; BGS Honda (Karondh) - 8319133403, 8889994503; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834, 9109103824; Power Honda (Gulmohar) - 4256062 , 7880055510; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932, 9425019567; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404050, 9691222282; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda - 7415382282 (Kurawar); Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281, 09111005258; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 252244, 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 07482 292222, 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102, Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458, 9302205644; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda Makronia - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8823016566; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747: **BETUL:** Aaditya Honda - 231218, 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni, Malwa) - 9425476181; 9144332299; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 9425132725; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081/82/85; RR Honda (Aron) - 9907700774, Seth and Sons (Raghogarh) 9644008082, 9644008089; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **INDORE:** Kasliwal Honda - 4228999, 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 2461212, 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 2877101; 9827658000; Shyam Honda - 4757200, 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 2616222, 9009550955; Shree Mangalam Honda - 6232446444, 6232388955, 6232388956; Doshi Honda - 9669266999, 4009600; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; 4025247; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999, 4036444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 8770657728; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213, 9993768111; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471, 8827751007; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055, 241266; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; 228034; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 07282-241421, 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902, 9111002910; Sethi Honda (Chhanera) 9111002903, 7415345652; **DEWAS:** Sadguru Honda - 257499, 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721, 9893821721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh, Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396, 9425102858; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 223355, 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 236809, 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695, Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **KALAPIPAL:** Shree Balaji Honda - 9926028916; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Moti Honda - 78794534435; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909, 8109057750; Ujjain Honda - 8109068222, 9713454399, 07342555326; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701, 9827890387; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481, 9425332717; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963, 9340896405; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 07423-404110, 225110; 9575751616; Savita Honda (Manasa) - 9993773232, 07421-243081, Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646, 9827394646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441, Dhudhar Honda (Pichore) -7024325555; Jain Honda (Karera) - 8602760034; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **MHOW:** Radha Honda - 07324-275543; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802, 7389049040; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110, 9406523110; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437, 9926186413; Sumedha Honda - 8718819740, 8718819752; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 09827534200; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999, 8839257016; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698, 7755801125; **RAGHOGARH:** 9644008089, 07747-919669; **MORENA:** The Roshan Honda - 9300422900; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045 .

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930